फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 191 प्रभात जयपुर, रविवार 11 फरवरी, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**LENDING 'NIGHTCLUB SINGING' A DIGNITY**

Never trained in music, formally, in her first ever music class, she was turned out because the teacher felt that her voice was not suited to singing!

**CELEBRATING EVERLASTING LOVE**

**Boosting Brain Connectivity, Learning, and Memory**




# 'क्या आप यह करना चाह रहे हैं कि, चुनाव के वर्ष में किसी को भारत रत्न नहीं दिया जाना चाहिये'

## जयंत चौधरी ने पितामह चौ. चरण सिंह को भारत रत्न देने की ''टाइमिंग'' की आलोचना करने वालों पर पलट वार किया

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 फरवरी। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, सदन के नेता पीयूष गोयल व भाजपा के अनेक नेताओं ने शनिवार को सदन में कांग्रेस के सदस्य जयराम रमेश पर इस बात को लेकर जमकर हमला बोला, क्योंकि उन्होंने शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा पर सवाल उठाया था।

आर.एल.डी. के सांसद जयंत चौधरी ने भारत रत्न पुरस्कार दिए जाने पर एतराज जताने के लिए विपक्ष पर हमला बोला, उन्होंने कहा ''यदि सरकार किसी को सम्मान देकर सम्मानित करती है तो इसमें क्या बुराई है।'' उन्होंने भारत रत्न पुरस्कार घोषित किए जाने के समय पर एतराज करने के लिए विपक्ष की आलोचना की।

- **जयंत चौधरी ने प्र.मंत्री मोदी को इस कृत्य के लिये धन्यवाद देते हुए यह भी कहा कि, जो सरकार जमीन से जुड़ी हुई है, वह ही जमीन से उठ रही आवाज को समझ सकती है तथा उस आवाज को और ताकत प्रदान करती है तथा एक ''धरती पुत्र'' को भारत रत्न से नवाज़ सकती है।**
- **पर, कई सांसदों ने सभापति धनखड़ को आड़े हाथ लेते हुए कहा, आपने किस नियम के तहत भारत रत्न पर बोलने की इजाज़त दी।**
- **मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सांसदों की मांग का समर्थन किया और कहा, अगर हमें मालूम होता कि, आप भारत रत्न पर बोलने की इजाज़त दे रहे हैं सदस्यों को, तो हम भी अपने विचार रखते इस विषय पर।**

विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस मामले को शांत करते हुए कहा कि, तीनों भारत रत्न पुरस्कार प्राप्त करताओं को नमन करते है।''

अवॉर्ड घोषित किए जाने के समय पर सवाल उठाने के लिए उन्होंने विपक्ष की आलोचना की और उनसे जयंत ने सवाल किया: ''क्या वे यह कह रहे हैं कि सरकार को चुनावी साल में किसी को भी भारत रत्न का सम्मान नहीं देना चाहिए?'' पुरस्कारों की घोषणा होने के बाद, कांग्रेसी नेता व पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने शुक्रवार को कहा कि आम चुनावों के ठीक पहले सम्मानित करने का कोई फल मिलने वाला नहीं है।

आर.एल.डी. के प्रमुख जयंत ने शनिवार को मोदी सरकार द्वारा उनके दादा को भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित करने पर मोदी सरकार की जमकर तारीफ की और कहा कि जमीन से जुड़ी हुई सरकार ही उन जैसे किसानों के नेता को सम्मानित कर सकती है।

चौधरी ने राज्यसभा में इस बात को जोर देकर कहा कि मोदी सरकार की नीतियों में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'वो पाया जिसका इंतज़ार पीढ़ियों को था'

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 फरवरी। प्रधानमंत्री मोदी ने आम चुनावों से पूर्व लोकसभा में अपने अंतिम संबोधन में कहा कि 17वीं लोकसभा ने कुछ ऐसी उपलब्धियां अर्जित की हैं, जिनकी पीढ़ियों से प्रतीक्षा थी।

- **आम चुनाव से पहले, लोकसभा के अंतिम संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने यह कहते हुए, धारा 310 हटाने से लेकर जी-20 सम्मेलन तक के उदाहरण दिए।**

उन्होंने कहा कि ''इस वर्ष हुए कई सुधार गेम चेंजर थे। ''उन्होंने धारा 370 के उन्मूलन से लेकर जी-20 की अध्यक्षता सहित कई मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि देश बदलाव की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ''बदलावों की सूची नए संसद भवन के शुभारंभ और संसद के पुस्तकालय को आमजन के लिए खोलने से शुरु हुई। हर किसी ने कहा कि हमें नया भवन चाहिए, हर कोई चाहता था, लेकिन इस पर कोई निर्णय नहीं था। उस पर हमने निर्णय लिया और इसी वजह से आज हम नए संसद भवन में बैठे हैं।''

# क्या ई.डी. की कार्यवाही व गिरफ्तारी की संभावना ने केजरीवाल को झुकाया

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 फरवरी। आम आदमी पार्टी (आप) के सुप्रीमो एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने यह घोषणा कर विपक्ष के एन.डी.ए. गठबंधन को एक करारा झटका दिया कि उनकी पार्टी पंजाब की सभी 13 और चंडीगढ़ की एक लोकसभा सीट पर बिना किसी गठबंधन के चुनाव लड़ेगी। इस तरह से उन्होंने संकेत दे दिया है कि पंजाब में कांग्रेस के साथ कोई भी चुनावी गठजोड़ नहीं किया जाएगा।

केजरीवाल ने घोषणा करते हुए कांग्रेस पर भी कटाक्ष किया और कहा कि ''इण्डिया'' गठबंधन की उनकी सहयोगी कांग्रेस द्वारा पंजाब में किए गए किसी भी अच्छे कार्य को याद करने में लोगों को बड़ी कठिनाई होगी।

सूत्रों ने बताया कि एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) की गिरफ्तारी से बचने के लिए केजरीवाल ऐसी घोषणा करने को बाध्य हुए हैं। सत्तारूढ़ भाजपा के चुनाव प्रबंधकों और केजरीवाल के पिछले कुछ समय से इसे लेकर गुप्त वार्ताएं चलती रही हैं कि उन्हें (केजरीवाल को) केन्द्रीय जांच एजेंसियों से मुक्ति पाने के लिए ''इण्डिया'' गठबंधन को कमज़ोर करना होगा।

- **चर्चाओं के अनुसार, कुछ समय से कुछ गोपनीय माध्यमों के जरिये बातचीत चल रही थी, केजरीवाल व भाजपा के नेताओं के बीच कि, केजरीवाल को एक सार्वजनिक घोषणा करनी होगी। जिसके अनुसार, आप पंजाब में सभी सीटों पर अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी।**
- **अगर केजरीवाल यह घोषणा करके इण्डिया गठबंधन को कमजोर करते हैं, तो उनकी गिरफ्तारी टल सकती है।**
- **यह स्वीकार करते हुए कि, अगर उनकी पार्टी का सर्वेसर्वा जेल में हो, तो पंजाब व दिल्ली में चुनाव लड़ना अत्यन्त कठिन हो जायेगा, आम आदमी पार्टी ने केजरीवाल से पंजाब की सभी सीटों पर अपना उम्मीदवार खड़ा करने की घोषणा करवाई।**
- **इसीलिये केजरीवाल की घोषणा केवल पंजाब तक ही सीमित है, दिल्ली में अभी आम आदमी पार्टी व कांग्रेस में बातचीत चल रही है, मिल कर चुनाव लड़ने की तथा 4-3 का फॉर्मूला तय सा हो गया है। केवल यह ही निर्णय लेना बाकी है, कि, कौन सी पार्टी एक ज्यादा सीट पायेगी समझौते में।**

इस जानकारी से वाकिफ आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल व ''आप'' के अन्य नेता इस बात को लेकर बेहद चिन्तित हैं कि पार्टी के सुप्रीम नेता के जेल में होने की स्थिति में पार्टी लोकसभा चुनाव कैसे लड़ेगी। आप के नेता जानते है कि मोदी-शाह की जुगल जोड़ी लोकसभा चुनाव जीतने के लिए सभी अच्छे-बुरे तरीके व सभी परोक्ष-अपरोक्ष हथकंडे अपनाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। दिल्ली के मुख्यमंत्री का बयान विपक्षी गठबंधन की परेशानियां और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पंजाब में भाजपा व अकाली दल ने भी पुराने शिकवे भूल कर मिलकर चुनाव लड़ने के प्रयास शुरू किये

## केजरीवाल द्वारा पंजाब कांग्रेस के साथ गठबंधन का दरवाजा बंद करने के बाद, राजनीतिक घटनाक्रम तेजी से बदला

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 फरवरी। आम आदमी पार्टी (आप) नेता अरविन्द केजरीवाल ने जिस दिन पंजाब में कांग्रेस के साथ, सीट बंटवारे का विकल्प खत्म करने की घोषणा की, उसी दिन भाजपा ने पुराने गठबंधन सहयोगी और अब राजनातिक प्रतिद्वंदी शिरोमणि अकाली दल के साथ मतभेद दूर करने के लिए जोर-शोर से ''बैक चैनल'' बातचीत शुरु कर दी है।

केजरीवाल की घोषणा कि, ''आप आगामी लोकसभा चुनावों में, पंजाब की सभी 13 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करेगी,'' के बाद अगर भाजपा का

- **अकाली दल लगातार भाजपा का चुनावी व राजनीतिक साथी रहा है तथा 2020 में अकाली दल ने भाजपा से यह रिश्ता तोड़ दिया था, किसान आंदोलन व कृषि कानून लाने के मुद्दे पर।**
- **आपसी सहयोग के मुद्दे पर अकाली दल व भाजपा में वार्ता के दो दौर हो चुके हैं तथा कांग्रेस के पुराने नेता, जो अब भाजपा में हैं, कैप्टन अमरिन्दर सिंह व सुनील जाखड़ इन वार्ता के दौरों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पैंथर के हमले में तीन जने घायल

डूंगरपुर, 10 फरवरी (निसं)। आंतरी वनक्षेत्र के तहत उपला घरा नोकना गांव में शनिवार को पैंथर ने हमला करके तीन लोगों को घायल कर दिया। सूचना मिलने पर वरदा थानाधिकारी लालसिंह निनामा मय

- **डूंगरपुर के आंतरी वन क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को पैंथर के हमले की जानकारी मिली। बताया जाता है कि, पैंथर ने मवेशियों पर हमला किया था और मवेशियों को बचाने आए तीन लोगों को भी घायल कर दिया।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पाकिस्तान में प्रजातंत्र अभी सांस ले रहा है!

## पाकिस्तान की सेना शुरू से चाहती थी, नवाज़ शरीफ की पार्टी पाकिस्तान-मुस्लिम लीग (नवाज़) ही चुनाव जीते और सरकार बनाये, पर, सेना की प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष मदद भी, सेना को मनचाहा नतीजा नहीं दिला पायी

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 फरवरी। पाकिस्तान और इसके मुश्किलों भरे इतिहास के बारे में कोई भी चाहे जो कहे पर एक बात यह स्पष्ट है कि तमाम विपरीत हालात के बाद भी यहां लोकतंत्र अभी भी ज़िंदा है।

वर्ना पाकिस्तान में इतनी विविधता से भरी जीत खासतौर पर हार कैसे हो सकती थी। पाकिस्तान की तथाकथित सर्वशक्तिमान सेना चाहती थी कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज़ शरीफ) जीते। पर नतीजे बताते है कि जेल में बंद इमरान खान जिन पर मुकदमा चल रहा है, की पार्टी पाकिस्तान तहरीके इंसाफ ने 99 सीटें जीत ली हैं।

- **इमरान खान की पार्टी, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पी.टी.आई.) 265 सदस्यीय सदन में सबसे बड़ी पार्टी, जिसमें 99 सदस्य जीते हैं, बन कर उभरी है तथा नवाज़ शरीफ की पार्टी को 71 सीटें मिली हैं। भुट्टो परिवार की पार्टी (पी.पी.पी.) के 54 उम्मीदवार जीते हैं तथा 33 निर्दलीय प्रत्याशी भी जीते हैं।**
- **पाकिस्तान की सेना अभी भी शांति बनाये रखने की अपील कर रही है जनता से, जिससे नवाज़ शरीफ की पार्टी कुछ जोड़-तोड़ से सरकार बना ले।**

सेना चाहती थी कि नवाज़ की पार्टी को बहुमत मिले और वे सरकार बनाएं। सेना ने पूर्व प्रधानमंत्री शाहबाज़ शरीफ की सरकार को भी समर्थन दिया था। शाहबाज़ शरीफ नवाज़ के छोटे भाई हैं। अभी सेना नवाज़ शरीफ से कह रही है कि अन्य दलों के साथ मिलजुल कर सरकार बनाने का प्रयास करें।

जनता ने जो खंडित जनादेश दिया है, उसे देखते हुए यह संभव नहीं लगता है। इमरान खान अभी जेल में है उन पर सेना व कई अन्य सरकारी एजेंसियों ने उन पर कई आरोप लगाए हैं। इमरान की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# साहू राजस्थान पुलिस के स्थाई डी.जी. नियुक्त



जयपुर, 10 फरवरी। राजस्थान पुलिस के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू को राज्य का स्थाई पुलिस महानिदेशक बना दिया गया है। केन्द्र को भेजे गए पैनल में से तीन नामों की सूची मिलने के बाद राज्य सरकार के कार्मिक विभाग ने शनिवार को साहू की दो साल के लिए नियुक्ति के आदेश जारी किए। आदेश के अनुसार एम्पैनलमैंट कमेटी की अनुशंसा पर लोक सेवा आयोग ने आई.पी.एस. यू.आर. साहू को दो साल की अवधि के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नरसिम्हा राव को भारत रत्न देकर, क्या देश उस अवहेलना, असम्मान का प्रायश्चित्त कर रहा है, जो राव को सहना पड़ा था, अपने अंतिम दिनों में

## राव अपने अंतिम दिनों में दिल्ली के मान सिंह रोड वाले बंगले में अकेले अलग-थलग से दिन काट रहे थे। उनकी मृत्यु के बाद उनका अंतिम संस्कार दिल्ली में नहीं होने दिया गया था। मृत शरीर हैदराबाद भेजा गया तथा शायद ही किसी वी.आई.पी.ने अंतिम संस्कार में भाग लिया था।

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 फरवरी। पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव को ''भारत रत्न'' सम्मान देना उनकी उपेक्षा और आलोचना को सुधारने की एक आंशिक कोशिश है। नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री के पद से हटने के बाद मानिसंह रोड के बंगले में एकांकी और उपेक्षित जीवन जिया, जहां शायद ही कोई उनसे मिलने आता था।

और जब उनकी मौत हुई तब उनका अंतिम संस्कार तक दिल्ली में नहीं हुआ। उनका शव दिल्ली भेजा गया। उनके अंतिम संस्कार में कोई भी बड़ा नेता शामिल नहीं हुआ था। यह किसी भी सूरत में पूर्व प्रधानमंत्री का अंतिम संस्कार नहीं था। उनका कोई स्मारक तक नहीं बनाया गया। राजीव गांधी की अचानक हत्या के बाद राव को प्रधानमंत्री बना दिया गया था जबकि वे रिटायरमैंट ले चुके थे और अपने गृह शहर हैदराबाद जाने वाले थे, पर उन्हें रिटायरमैंट से वापस बुला लिया गया।

उसके बाद उन्होंने बहुत समझदारी और आत्मविश्वास के साथ प्रशासन संभाला और आज़ाद भारत के सबसे बड़े संकट को भारत की महान सफलता में बदल दिया। आज़ादी के बाद से चली आ रही आर्थिक नीतियों की वजह से अर्थव्यवस्था गहरे संकट में थी और शुरुआती दिनों में जो आर्थिक नीतियां बनाई गई वे खाद्यान्न की कमी, विदेशी मुद्रा की कमी और इन्फ्लेशन से निपटने के लिए थीं। नीति निर्माताओं को लगता था कि निजी क्षेत्र पर प्रतिबंध वाली बंद अर्थव्यवस्था कारगर होगी, पर इससे इन्फ्लेशन बढ़ गया।

- **दूसरी ओर यह भी सच है कि, जब राव ने प्र.मंत्री पद संभाला था, देश की वित्तीय हालत दयनीय थी, कुछ सप्ताह की विदेशी मुद्रा बची थी राजकोष में।**
- **भारत को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर तिरस्कार का सामना करना पड़ा था, जब उसको अपना सोना रिज़र्व बैंक की तिजोरियों से निकाल कर, लंदन भेजना पड़ा था, सोना गिरवी रखकर कुछ विदेशी मुद्रा उधार लेने के लिये।**
- **इन हालात में राव ने आर्थिक रिफॉर्म्स की नीति पकड़ी, डॉ. मनमोहन सिंह को वित्त मंत्री बनाकर।**

राव के आने पर स्थिति ऐसी थी कि मात्र कुछ सप्ताह का ही विदेशी मुद्रा भंडार बचा था। संकट कितना बड़ा था, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि नॉर्थ ब्लॉक में चुनिंदा टॉप ब्यूरोक्रेट्स का एक स्पैशल ग्रुप बनाया गया जो बॉम्बे गया रिज़र्व बैंक से बात करने। मैं उस समय वित्तीय संवाददाता था, तो मुझे कई बातें मालूम थीं।

दुनिया भर में देश का भारी अपमान हो रहा था। भारत को कर्ज चुकाने के लिए स्वर्ण भंडार गिरवी रखना पड़ा। यह इतना अपमानजनक था कि भारत से अपना स्वर्ण भंडार लदंन भेजने को कहा गया, आम तौर पर ऐसा नहीं होता था, सिर्फ कागजी कार्यवाही होती थी।

स्वर्ण भंडार रिज़र्व बैंक के खजाने से लंदन भेजे जाने की घटना को तत्कालीन वित्त सचिव मॉन्टैक सिंह अहलूवालिया ने अपनी स्मृति ''बैक स्टेज'' में लिखा है।

इन हालात के बाद नरसिम्हा राव ने देश संभाला, उन्होंने संकट को समझा और सर्वश्रेष्ठ मदद खोजी। उन्होंने रिज़र्व बैंक के पूर्व गवर्नर और लदंन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के डायरैक्टर डॉ.आई.जी. पटेल को वित्त मंत्री बनने के लिए आमंत्रित किया।

आई.जी. पटेल तब अपने घर गुजरात लौट आए थे, पटेल ने विनम्रता से इन्कार कर दिया और कहा कि अब

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कैम्बे गोल्फ कोर्स का जमीन आवंटन निरस्तीकरण सही

जयपुर, 10 फरवरी (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कैम्बे गोल्फ कोर्स को दी गई चालीस एकड़ जमीन का आवंटन जेडीए की ओर से निरस्त करने की कार्रवाई को सही माना है। इसके साथ ही अदालत ने इस संबंध में जेडीए अपीलीय अधिकरण के 3 मार्च, 2022 के आदेश को बरकरार रखते हुए उसमें दखल से इनकार कर दिया है। जस्टिस अनूप ढंड ने यह आदेश एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज लिमिटेड और मैसर्स नीसा लेजर की याचिकाओं को खारिज करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि कंपनी ने जमीन

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने इस संबध में जे.डी.ए. अपीलीय अधिकरण द्वारा 3 मार्च 2022 को दिए गए आदेश में दखल देने से इन्कार कर दिया।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

कुरूपता मनुष्य की सौंदर्य विद्या है। –चाणक्य

# वसंत में वनानुभव

एकाग्र मन से ज्ञानेन्द्रियों और कर्मेन्द्रियों का प्रयोग कर वनों की समग्रता का अनुभव (देखना, सुनना, सूंघना, स्पर्श करना, स्वाद लेना) वनानुभव कहलाता है ! चरकसंहिता में वसंत की आरोग्यदायी ऋतुचर्या का वर्णन करते समय भगवान आत्रेय ने वसंत में वनानुभव का महत्त्व स्पष्ट किया है (च.सू.6.22-26, अंश ):वसन्तेऽनुभवेत्काननानांयौवनम्।। तात्पर्य यह है कि उद्यानों एवं वनों में घूमना, पैदल चलना, पुष्पित पल्लवित वनों का अनुभव लेना चाहिए। प्रकृति-अनुभव और वनानुभव चिकित्सा का इतिहास बहुत प्राचीन है। यह आयुर्वेद की एक श्रेष्ठ गैर-औषधीय चिकित्सा है जिस पर समकालीन शोध भी बहुत समृद्ध है। हरियाली, प्राकृतिक वातावरण, वनों और उपवनों में प्रकृति-अनुभव या दीर्घकालिक जुड़ाव का प्रसन्नता में योगदान पर पूर्व में यहाँ प्रमाण-आधारित ठोस विश्लेषण प्रस्तुत किया गया था। परन्तु क्या यह हरियाली में किया गया व्यायाम और योग तुलनात्मक रूप से बेहतर स्वास्थ्य भी प्रदान करता है? वर्ष 2023 के प्रारंभ में आज तक प्रकाशित शोध को समाहित कर आज की चर्चा पुनः इसी विषय पर है।

संहिताओं में स्वास्थ्य-रक्षण और रोगोपचार दोनों के लिये ऐसे अनेक सन्दर्भ हैं (देखें, च.चि.3.260-266; च.चि.2/3, 26-30, च.चि.4.106-109; च.वि.6.17, सु.उ.47.55-57 आदि)। उक्त सभी सन्दर्भ केवल उदाहरणार्थ और प्राचीनता दर्शित करने के उद्देश्य से उद्धृत किये गये हैं। समकालीन शोध में पिछले कई दशकों से विभिन्न विषयों के विद्वानों ने अपनी विधा के अनुसार इस बात की ओर ध्यान खींचा है कि प्रकृति से जुड़ने और मानव स्वास्थ्य में सुधार के बीच सकारात्मक संबंध है। यह आम समझ की बात है कि प्रकृति और पर्यावरण के सानिध्य में समय बिताना हमारे लिये स्वाभाविक रूप से अच्छा हो सकता है। प्राचीन सभ्यताओं के अवशेषों, प्राचीनकाल से चली आ रही सांस्कृतिक परम्पराओं और चिकित्सा पद्धतियों में इस बात के प्रमाण मिलते हैं कि मानव सभ्यता का अपने स्वास्थ्य, चिकित्सा और आध्यात्मिकता के लिये प्रकृति के साथ अन्योन्याश्रित जुड़ाव रहा है।

जहाँ तक हरियाली का शारीरिक और मनोरोगों को रोकने में योगदान है उस पर बहुत शोध है और उसका सम्पूर्ण विश्लेषण यहाँ देना संभव नहीं है। इस विषय में एक बेहद उपयोगी पुस्तक द एक्सपीरियंस ऑफ़ नेचर- अ साइकोलॉजिकल पर्सपेक्टिव वर्ष 1989 में प्रकाशित हुई थी। राचेलकपलान और स्टेफेनकपलान की यह पुस्तक इस विषय में विश्व की सर्वाधिक संदर्भित पुस्तक है जिसे लगभग 8000 प्रकाशनों में संदर्भित किया गया है। प्राकृतिक वातावरण, लोगों और उनके बीच के संबंधों का एक प्रमाण-आधारित लेखा जोखा इस पुस्तक में है। लेखकों ने यह समझने की कोशिश की है कि लोग प्रकृति का अनुभव कैसे करते हैं और वे किस प्रकार के प्राकृतिक वातावरण पसंद करते हैं, वे जंगल के अनुभवों से क्या मनोवैज्ञानिक लाभ उठाते हैं, और हमारे आसपास के उद्यान लोगों के लिये क्यों महत्वपूर्ण हैं। इस विषय में अद्यतन स्थिति को 832 अध्ययनों के आधार पर की गई 16 मेटा-एनालिसिस को मिलाकर की गई एक भारी मेटा-एनालिसिस विश्व में अब तक का श्रेष्ठ प्रमाण भी यही निष्कर्ष देती है (देखें, सी. बरगन-जैसन इत्यादि, बायोलॉजिकल कंसर्वेशन, 277, 109842, 2023)। वर्ष 2022 में 8 मेटा-एनालिसिस अतिरक्त प्रमाण प्रदान करती हैं कि वनानुभव शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करता है। बच्चों के कल्याण के लिए भी वनानुभव व प्रकृति-अनुभव आवश्यक हैं (देखें, टी. अरोला इत्यादि, जर्नलऑफ़एनवायर्नमेंटलसाइकोलॉजी, 85,101913, 2023)।

यहाँ यह बताना आवश्यक है कि ऐसा नहीं है कि प्रकृति के सभी आयाम स्वास्थ्यवर्धक और सुरक्षित ही हों। कई प्राकृतिक स्थल मानव में अकेले डर पैदा कर सकते हैं। जो हवा, पानी और मिट्टी स्वास्थ्य के लिये सर्वथा उपयुक्त होती है, वही प्रदूषित होने या प्राकृतिक आपदाओं के स्वरुप में आने पर स्वास्थ्य के लिये हानिकारक हो सकती हैं। प्राकृतिक वातावरण के जो प्राणी बहुत सुन्दर लगते हैं उनमें से बहुत हिंसक भी हो सकते हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुये प्रकृति-अनुभव अपने अन्य रूपों में हमारे स्वास्थ्य की स्थिति को निर्धारित करते हैं। इस दृष्टिकोण से प्रकृति और पर्यावरण को निहारना, प्राकृतिक वातावरण में घूमना-फिरना स्वास्थ्यकर होता है।

प्रकृति-अनुभव किन कारणों से हमारे स्वास्थ्य पर प्रभाव डालता है? या अन्य शब्दों में कहें तो प्रकृति से जुड़ाव के स्वास्थ्यकर होने की मैकेनिज्म ऑफ़ एक्शन क्या है?अनेक अध्ययनों के प्रमाण स्पष्ट करते हैं कि प्रकृति का मानव शरीर और मन पर स्वास्थ्यकर प्रभाव स्वास्थ्य के विविध आयामों को बेहतर करने में प्राकृतिक वातावरणों की भूमिका के कारण होता है। उदाहरण के लिये प्रकृति-अनुभव से स्वास्थ्य में सुधार की मैकेनिज्म ऑफ़ एक्शन को मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद में कमी, मन की प्रसन्नता में बढ़ोत्तरी, अच्छीनिद्रा, मनोहारी अनुभूति, दर्द-नियंत्रण, बेहतर सामाजिक संपर्क, व्यायाम में बढ़ोत्तरी, हृदय रोगों में कमी, प्रतिरक्षा तंत्र में सुधार आदि के प्रकाश में देखा जा सकता है। वनानुभव-चिकित्सा (वनों में घूम-फिर कर प्रकृति का अनुभव करना) इम्यूनिटी भी बढ़ाती है (देखें, वाय. चे इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 18(16), 2021)।

शहरों में हरियाली से स्वास्थ्य लाभ के बारे में वर्ष 1800 के बाद से कई छिटपुट अध्ययन मिलते हैं और शहरी विकास में इन्हें शामिल करने के प्रयास भी दुनिया भर में हुये है। इन सब अध्ययनों में एक सन्देश मिल रहा था कि हरियाली को अनुभूत करना या हरियाली का एक्सपोज़र स्वास्थ्य के लिये लाभकारी है, परन्तु व्यवस्थित समीक्षा और मेटा-एनालिसिस अब आना शुरू हुये हैं। हाल ही में हरियाली से मिलाने वाले लगभग 100 प्रकार के स्वास्थ्य-लाभ के निष्कर्षों वाले 143 अध्ययनों को शामिल कर एक मेटा-एनालिसिस की गयी। इससे कई रोचक परिणाम मिले। जैसे-जैसे हरियाली के साथ जुड़ाव बढ़ा वैसे-वैसे लार के कोर्टिसोल, हृदय गति, व डायस्टोलिक रक्तचाप में कमी पायी गयी। एचडीएल कोलेस्ट्रॉल व हृदय गति की परिवर्तनशीलता में बेहतरी हुई। समय-पूर्व प्रसव-जोखिम, मधुमेह, तथा समस्त-कारण मृत्यु दर (आल-कॉजमोर्टेलिटी) और हृदय रोग मृत्यु दर में भी कमी पाई गयी। स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप, डिस्लिपीडेमिया, अस्थमा, और कोरोनरी हृदय रोग की घटनाओं में भी कमी होती गयी। अलग-अलग अध्ययनों को देखने पर यह भी स्पष्ट हुआ कि स्वास्थ्य परिणामों में 66.7 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक बेहतरी हुई है। इनमें न्यूरोलॉजिकल, कैंसर, व श्वसन रोगों से मृत्यु दर में कमी भी पाई गयी (देखें, सी. टोहिग-बेनेट, ए. जोन्स, एनवायर्नमेंटल रिसर्च, 166: 628-637, 2018)।

> **व्यायाम और योग वनों, हरे-भरे स्थलों, बाग-बगीचों, नदी या झील के समीप किया जाये तो शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के लिये अधिक उपयोगी है। बच्चों को भी वनानुभव और प्रकृति-अनुभव कराइये। हरियाली से जुड़ाव बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए परम आवश्यक है।**

इस विषय में सबसे भारी अध्ययन जिसका वित्त-पोषण विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा किया गया था, वह वर्ष 2019 में दुनिया के एक अगुआ जर्नल में प्रकाशित हुई। हरियाली को स्वास्थ्य-निर्धारक, स्वास्थ्य में सुधार, और विभिन्न प्रसन्नता के लिये उपयोगी माना जाता रहा है। इस व्यवस्थित अध्ययन में विश्व भर के अनुदैर्ध्य अध्ययनों से प्राप्त प्रमाणों की इस बात के लिये समीक्षा की गयी कि हरियाली, पार्क्स, गार्डन्स आदि की उपलब्धता का सकल मृत्यु दर में प्रभाव क्या है। इस मेटा-एनालिसिस में प्रारम्भ में 9298 अध्ययन और 13 अन्य अध्ययनों की पहचान की गयी। इनमें से 9234 (99प्रतिशत) अध्ययनों को शीर्षक और सारांश जांचने के बाद अपग करते हुये शेष 77 अध्ययनों में से 68 (88 प्रतिशत) को सम्मिलित किया गया। उक्त के साथ ही मात्रात्मक मूल्यांकन हेतु नौ (12प्रतिशत) अध्ययनों को शामिल किया। इनमें सात देशों के 8.32 लाख व्यक्ति शामिल थे। कुल मिलाकर निष्कर्ष स्पष्ट करते हैं कि आसपास की हरियाली और सकल-कारण मृत्यु दर के बीच एक व्युत्क्रम रिश्ते का प्रमाण पाया गया। कहने का तात्पर्य यह कि जैसे-जैसे हरियाली की उपस्थिति बढ़ती जाती है वैसे-वैसे सभी कारणों से मृत्यु दर में कमी आती-जाती है। सन्देश यह है कि मानव समाज जहाँ रहता और काम करता है वहां हरियाली बढ़ाने और जैव-विविधता संरक्षण को बढ़ावा देना मानव स्वास्थ्य के लिये बहुत उपयोगी है (देखें, डी. रोजसरुएडा आदि, द लैंसेटप्लेनेटरीहेल्थ, 3,11:ई 469-ई477, 2019)।

एक अन्य महत्वपूर्ण मेटा-एनालिसिस में बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न पर जांच की गयी कि गर्भावस्था में प्रतिकूल परिणामों पर आवासीय हरियाली का क्या प्रभाव रहता है। इसमें कुल 36 अध्ययन शामिल थे और कुल मिलाकर 1.19 करोड़ (11.9 मिलियन) प्रतिभागी थे। परिणाम स्पष्ट करते हैं कि हरियाली वाले स्थलों में जन्म के समय न्यूनतम वजन का जोखिम उच्च स्तर की हरियाली वाले समूह में काफी कम था। गर्भावधि उम्र कम रहने की संभावना भी उच्च हरियाली वाले क्षेत्रों में घटी पायी गयी। इसके अलावा अधिक हरियाली वाले क्षेत्रों में मातृ-जोखिम कम पाया गया और मानसिक विकारों में भी कमी पायी गयी। यह समीक्षा आवासीय हरियाली और गर्भावस्था के प्रतिकूल परिणामों के बीच एक उलटे रिश्ता होने की पुष्टि करती है। अध्ययन के निष्कर्ष स्पष्ट कर देते हैं कि हरियाली गर्भवती महिलाओं के लिये जोखिम घटाती है (वाइ. झान आदि, साइंस ऑफ़ द टोटल एनवायरनमेंट, 718: आर्ट. 137420, 2020)। हाल ही में वनानुभव को मानसिक स्वास्थ्य में बेहतरी लाने के ठोस प्रमाण मेटा-एनालिसिस से प्राप्त हुए हैं (देखें, वाई. कोटेरा इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ मेंटल हेल्थ एंड एडिक्शन, 20(1):337-361, 2022)। एक अन्य मेटा-एनालिसिस से सिद्ध होता है कि वनानुभव अवसाद व चिंता से बचाने हेतु श्रेष्ठ गैर-औषधीय युक्ति है (पी.एस. येओन इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 18(23): 2021)। रैंडमाइज्दकंट्रोल्डट्रायल्स की मेटा-एनालिसिस का निष्कर्ष भी स्पष्ट करते हैं कि वन-आधारित गैर-औषधीय चिकित्सकीय दखल मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं (देखें, एम.जे. कांग इत्यादि, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ़ एनवायर्नमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ, 19(8): 2022)। हाल ही में 52 अध्ययनों में समाहित 5.2 मिलियन लोगों के आंकड़ों को लेकर की गई मेटा-एनालिसिस सिद्ध करती है कि ठीन-स्पेस के आसपास रहने वाले लोगों में डायास्टोलिक और सिस्टोलिक ब्लडप्रेशर में सुधार होता है (देखें, वाई. झाओ इत्यादि, साइंस ऑफ़ द टोटल एनवायरनमेंट, 817: 152513,2022)

हमारा समाज आज शहरीकरण, संसाधन-विदोहन और जीवनशैली में बदलाव के कारण प्रकृति-उन्मुखता से प्रकृति-विमुखता की ओर जा रहा है। संहिताओं, शोध और अनुभव की त्रिवेणी से उत्पन्न ज्ञान इस बात के पुख्ता प्रमाण दर्शित करता है कि प्रकृति-अनुभव मानव स्वास्थ्य के लिये अनिवार्य है। शोध स्पष्ट करती है कि प्रकृति-अनुभव से स्वास्थ्य-लाभ के मूल में वायु गुणवत्ता, शारीरिक गतिविधि और व्यायाम, सामाजिक सामंजस्य और तनाव में कमी आदि कारक हैं।

इस तमाम चर्चा का मूल संदेश यह है कि पर्यावरण के साथ हमारे संबंध हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं। वनानुभव और प्रकृति-अनुभव अनेक रूपों में हो सकता है। हमारे आसपास हरियाली को बढ़ावा देना, वनों उपवनों में घूमना, प्राकृतिक स्थलों में सैर-सपाटा, प्रतिदिन समीपवर्ती बाग-बगीचों में जाकर कम से कम एक घंटे का समय बिताना, कार्य-स्थलों में हरियाली बढाने के लिये छोटे-छोटे गार्डन या बगीची विकसित करना, बैठने के स्थान में खिड़की से दिखने वाला हरा-भरा दृश्य, कार्यालय में पांच मिनट का ब्रेक लेकर हरियाली में टहल कर आना आदि सब छोटे-छोटे ऐसे कार्य हैं, जिनके माध्यम से हमारा प्रकृति के साथ जुड़ाव बना रहता है। इन सबमें सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह याद रखने योग्य है कि चूंकि प्रतिदिन व्यायाम और योग करना स्वास्थ्य के लिये आवश्यक है अतः व्यायाम और योग वनों, हरे-भरे स्थलों, बाग-बगीचों, नदी या झील के समीप किया जाये तो शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के लिये अधिक उपयोगी है। बच्चों को भी वनानुभव और प्रकृति-अनुभव कराइये। हरियाली से जुड़ाव बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए परम आवश्यक है। जीवन के प्रारम्भिक काल में प्रकृति से जुड़ाव मानव और प्रकृति के मध्य आजीवन सार्थक रिश्ता बनाने हेतु आवश्यक है। प्रकृति के साथ जुड़े रहिये। योग और व्यायाम कीजिये। आनंदित रहिये। स्वस्थ रहिये।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त; वर्तमान में अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# लोकप्रियता जनतंत्र के लिए खतरा भी हो सकती है



डॉ. रामावतार शर्मा

लोकप्रियता सुनने में बहुत अच्छी बात लगती है पर इसके बारे में हर किसी को ज़रा गंभीरता से विचार करना चाहिए। एक बहुत पुरानी शिक्षा है कि यदि कोई गुरु अति लोकप्रिय हो जाता है और उसके शिष्यों की संख्या बहुत अधिक हो जाती है तो गुरु को शिष्यों की राय पर ही चलना पड़ता है। गुरु का गुरुत्व समाप्त हो जाता है और वह एक उपयोग का व्यक्ति मात्र बन कर समय के साथ गुमनामी में चला जाता है। इसी तरह राजनीति में भी अति लोकप्रियता शीघ्र ही राष्ट्र प्रेम और धर्म को अपने आधार से कमजोर करने लगती है। कोई व्यक्ति अपने राष्ट्र, समाज और लोगों के प्रति चाहे कितना ही निष्ठावान क्यों न हो पर यदि वह लोकप्रिय नेता के लिए समर्पित नहीं है तो उसका राष्ट्र और समाज के प्रति कत्तर्व्यपरायण होना लोकप्रिय के समर्थकों के लिए महत्वहीन ही रहेगा। इसका परिणाम साझा राजनीतिक मंच का नष्ट होना होता है, एक ही व्यक्ति के प्रति निष्ठा ही देश और धर्म के प्रति निष्ठा बनने लगती है और शीघ्र ही देश, समाज सभी का ध्रुवीकरण होने लगता है जो समय के साथ विपक्षी लोगों की प्रताड़ना में बदलने लगता है।

आज से कोई 30 वर्ष पहले जब सोवियत संघ का विघटन हुआ था और शीत युद्ध समाप्त हुआ तो लगा था कि अब पूरी पृथ्वी पर जनतंत्र की स्थापना होगी और मानव सहित हर जीव जंतु और पेड़-पौधों का सरंक्षण होगा। पर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ और आज तो लगता है कि चारों तरफ जनतंत्र खतरे में प्रविष्ट होता नजर आ रहा है। सन 2000 तक किसी ने भी सूचना प्रौद्योगिकी और तकनीकी के अति तीव्र विकास की कल्पना तक नहीं की थी।

आईटी के विकास से उत्पादों के निर्माण, बिक्री, प्रचार आदि में अप्रत्याशित गति आई। मुद्रा के प्रसारण से कितनी ही वस्तुएं धनिक लोगों की पहुंच से उतर कर सामान्य नागरिक के जीवन का हिस्सा बनी। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के विस्फोटक विस्तार से लोगों के विशाल समूह को प्रभावित कर उसकी विचारधारा को अपनी तरफ मोड़ना एक आसान काम हो गया। मीडिया प्रोपेगंडा द्वारा एक भूखे आदमी के मन और मस्तिष्क में भ्रम पैदा किया जा सकता है कि उसके दोनों हाथों के साथ मुंह में भी लड्डू है। ऐसा विश्व के कई भागों में बड़ी चतुराई से हो रहा है। मानव मस्तिष्क का इस स्तर पर अपहरण आईटी सेवाओं के विस्तार के बिना संभव नहीं था।

इसके अलावा जिस स्तर पर शहरीकरण का विस्तार हुआ उसका अंदाजा दशकों पहले किसी को नहीं था। हमारे देखते-देखते सामाजिक तानाबाना, वंश प्रतिष्ठा, व्यक्ति का महत्व, पास पड़ोस का भाईचारा आदि विलुप्त हो गए और हमें इन सबका पता उनकी विलुप्ति के बाद ही चला।

हम असहाय से यह सब होते हुए अर्ध चैतन्य अवस्था में देखते रहे और दृश्य परिवर्तन होते ही नई जीवनशैली प्रकट हो गई। पिछले 10-15 वर्षों में अंतरराष्ट्रीय बहुपक्षीय सहयोग बहुत कमजोर पड़ता जा रहा है, पर्यावरण में बड़े परिवर्तन नजर आने लगे हैं और सामाजिक कटुताएं तेजी से उभर रही हैं। जिस तरह से ये सब बातें अपने क्षेत्र में बड़े परिवर्तन लाएंगी उसी तरह लोकप्रियता जनतंत्र के लिए बड़ा खतरा बन कर उभर सकती है। राजनीति विज्ञान के बहुत से धुरंधर विचारकों के अनुसार लोकप्रियता, धुर राष्ट्रीयता और धर्म का दुरुपयोग आने वाले कुछ दशकों में जनतंत्र के विकास या यहां तक कि उसके अस्तित्व के लिए बड़े खतरे बन सकते हैं। यहां लोकप्रियता के मूल आधार को समझना पड़ेगा।

यहां पर एक व्यक्ति होता है और उसके आसपास चंद गिने चुने अति प्रभावशाली लोगों का समूह होता है जिन्हे अभिजात (एलीट) कहा जाता है। दूसरी तरफ एक बड़ा समूह होता है जिसे इनकी प्रजा कहा जा सकता है। यहां अभिजात वर्ग का नेता अपनी विचारधारा से संबंध रखनेवाली प्रजा का उद्धारक बन कर प्रस्तुत होता है जिसमें एक स्वप्निल आदर्श समाज की निर्मिति ही इस व्यक्ति और समूह का घोषित लक्ष्य होता है हालांकि वास्तविकता में ऐसा होता हुआ विश्व में अभी तक तो कहीं पर भी नजर नहीं आया। इस पक्ष के विरोध में दूसरे पक्ष में भी कुछ अभिजात वर्ग समूह जन्म लेने लगते हैं। यहां पर यदि कोई व्यक्ति अति लोकप्रिय हो जाता है तो वह दूसरे पक्ष के बिखरे अभिजात वर्ग को समूल नष्ट करने की चेष्टा में अपनी ऊर्जा को लगाने लगता है क्योंकि शिखर पर हर कोई अकेला और भयभीत होता है। अकेलेपन के बोझ से दबा लोकप्रिय नेतृत्व विरोधी पक्ष कमजोर पड़ने के बाद अपने ही दल के प्रभावशाली लोगों को महत्वहीन बनाने के प्रयास में जुट जाता है। उसे लगने लगता है कि उसकी सत्ता जीवनपर्यंत बनी रहनी चाहिए और बाद में उसके द्वारा नामित व्यक्ति ही उसके कार्यों को आगे बढ़ाता रहना चाहिए। यहां एक बड़ा जटिल मनोविज्ञान कार्य करता है जिसे आसान शब्दों में नहीं बांधा जा सकता।

तुर्क, हंगरी और पोलैंड शीत युद्ध के समय प्रभावशाली गणतंत्र हुआ करते थे। आज ये तीनों देश धर्म आधारित राष्ट्रों में परिवर्तित हो रहे हैं। विश्व के सबसे बड़े जनतंत्र भारत में धर्म ही एक मात्र मुद्दा बनता जा रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रिश्चियन गोरे लोग नाजी सदस्यों की तरह अपनी सर्वोच्चता का खुले तौर पर दावा करते रहते हैं। इस्लामिक राष्ट्रों की तरह अब अन्य देशों में भी धार्मिक कट्टरता और धुर दक्षिणपंथ के चलते माओ के चीन और स्टालिन के सोवियत संघ जैसी स्थिति पैदा होती जा रही है। अब लोकप्रिय का स्तुतिगान ही होना चाहिए। विरोध की तो बात ही नहीं, यदि कोई सामान्य जिज्ञासा भी अभिव्यक्त की गई जो लोकप्रिय के किसी कमजोर पक्ष को उभारने में सक्षम होने की संभावना मात्र लिए हो सकती हो तो तुरंत आक्रामक प्रतिक्रियाएं होने लगती हैं।

समस्या का कोई समाधान नजर नहीं आ रहा है क्योंकि आईटी सेवाओं और सामाजिक मीडिया द्वारा नियंत्रित जनता का एक बड़ा वर्ग जनतंत्र की नीव जाने या अनजाने में कमजोर कर रहा है। मानव समाज का एक बड़ा वर्ग सदा से ही दूसरे लोगों को दबाने की नीति से कार्य करता रहा है और एक दूसरा उससे भी बड़ा वर्ग दबाए जाने का इतना आदी हो चुका है कि वह आत्म निर्भर होने से भयभीत रहता है। दासता में ही इस वर्ग को सुरक्षा नजर आती है।

आत्म विश्वास और स्वतंत्र विचार अभिव्यक्ति जाग्रत मनुष्य की धरोहर होती है। यदि वृहद जन समूह नहीं जागेगा तो लोकप्रियता के प्रहार से जनतंत्र बच नहीं सकता। समय के साथ चीन की तरह एक पक्षीय अधिनायकवाद ही वैश्विक राजनीति पर छा जाएगा।

**डॉ. रामावतार शर्मा**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर का 16वां दीक्षांत समारोह आयोजित

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विद्यार्थियों को ऑनलाईन संबोधित किया

**जोधपुर,** (कासं)। राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर का 16वां दीक्षांत समारोह शनिवार को विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह को ऑनलाईन संबोधित किया। समारोह में 111 स्नातक उपाधियां, 57 स्नात्तकोत्तर उपाधियां एवं सात पी.एच.डी. उपाधियां प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 22 गोल्ड मेडल प्रदान किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ऑनलाईन विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों को विधि क्षेत्र की महत्ता के बारे में अवगत कराते हुए आव्हान किया कि वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह व्यापक लोकहित एवं राष्ट्रिनर्माण की दिशा में करें। उन्होंने कहा कि लगातार अध्ययन को विद्यार्थी अपने जीवन का ध्येय बनाएं तथा जो भी अवसर जीवन में प्राप्त हां उनको अपने सम्पूर्ण सामर्थ्य के साथ पूर्ण करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति संदीप मेहता ने विश्वविद्यालय की कुलपति, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य के बारे में विभिन्न उद्धरण देते हुए कहा कि जहां आर्टिफिशलय इंटेलीजेंस नौकरियों को चुनौती दे रहा है वहीं विधि क्षेत्र का अहम् किरदार है। आरंभ में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. हरप्रीत कौर ने विश्वविद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट पेश करते हुए अपने स्वागत भाषण में बताया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा वर्ष 2023 में उच्च स्तरीय मूटकोर्ट प्रतियोगिताओं को जीता गया। विद्यार्थियों ने ख्यातनाम अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय लॉ फर्मस में प्लेसमेंट प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों के बारे में व्यापक जानकारी से रूबरू कराने के लिए राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के साथ करार किये जा रहे हैं।



**उच्चतम न्यायालय के न्यायाधिपति संदीप मेहता ने समारोह में स्नातक उपाधियां, स्नात्तकोत्तर उपाधियां एवं पी.एच.डी. उपाधियां प्रदान की।**

■ **विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 22 गोल्ड मेडल दिये**

# "ओम मंदिर" की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ

**पाली,** (नि.सं.)। विश्व के एक मात्र ओम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ जाड़न गाँव स्थित प्रेम पुरी महाराज की समाधि से प्रारंभ हुआ। प्रेम पुरी की समाधि पर शिव पुराण ग्रंथ का पूजन व विश्व गुरु महामंडलेश्वर परमहंस स्वामी महेश्वरानंद पुरी महाराज व अन्य संतों का जाड़न ग्रामवासियों द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। प्रेम पुरी महाराज की समाधि से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा में भव्य सात रथ रहे जिसमें प्रथम रथ पर शिवपुराण लिए मुख्य जजमान कर्नल ख़िम सिंह राठौर सपत्नीक रहे। द्वितीय रथ पर व्यास पीठ के आचार्य महामंडलेश्वर चिदंबराजी रहे। तृतीय रथ पर ओम मंदिर के प्रणेता विश्व गुरु महामंडलेश्वर प्रमहंस स्वामी महेश्वरानन्द पुरी महाराज रहे।

चतुर्थ रथ पर महामंडलेश्वर विवेक पुरी पंचम रथ पर महामंडलेश्वर ज्ञानेश्वर पुरी छठे रथ पर महामंडलेश्वर फूल पुरी, सातवे रथ पर आश्रम के उत्तराधिकारी अवतार पुरी रहे। शोभा यात्रा कच्छी घोड़ी नृत्य, ग़ैर नृत्य के साथ 108 कलश लिए बालिकाएं मंगला गीत गा रही थी।विदेशी भक्त सनातन की ध्वजा लिए शोभायात्रा के साथ चल रहे थे। शोभायात्रा प्रेम पुरी की समाधि से प्रारंभ हो कर जाड़न ग्राम के मध्य भाग से होते हुए जाड़न चौराहे से गुजरते हुए नेशनल हाईवे 162 होते हुए ओम मंदिर के द्वार से प्रवेश किया जहां पर आश्रम के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद शोभायात्रा ओम मंदिर के गर्भ गृह में विराजित हिंदू धर्म सम्राट स्वामी माधवनाद पुरी महाराज की समाधि पर पूजा अर्चना की गई। इसके बाद सभी संत और व्यास पीठ के आचार्य कथा स्थल पर पहुँचे और व्यास गद्दी की पूजा अर्चना के साथ शिव पुराण कथा का मंगला चरण के साथ प्रारंभ किया गया।



**जाड़न गांव में प्रेम पुरी महाराज की समाधि से शोभायात्रा निकाली गई।**

## राशिफल रविवार 11 फरवरी, 2024



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास, शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2080, शतभिषा नक्षत्र सांय 5:39 तक, परिघ योग दिन 10:38 तक, बालव करण दिन 10:59 तक, चन्द्रमा कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-मकर, बुध-मकर, गुरू-मेष, शुक्र-धनु, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज त्रिपुष्का योग सांय 5:39 से रात्रि 9:10 तक है। आज शुक्र मकर राशि में रात्रि 4:52 से प्रवेश करेगा। शनि अस्त पश्चिम रात्रि 4:51 पर होगा। आज चन्द्र दर्शन उत्तर श्रृंगोन्नति, पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 8:33 से 9:56 तक, लाभ-अमृत 9:56 से 11:41 तक, शुभ 2:04 से 3:26 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:10, सूर्यास्त 6:11

**मेष**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**वृष**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**मिथुन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। शुभ कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

**कर्क**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। मन में असंतोष बना रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कन्या**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

**तुला**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है।

**वृश्चिक**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी।

**धनु**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**मकर**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

**कुंभ**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**मीन**
अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ बनी रहेगी।

# कांग्रेस ने गर्त में धकेला, मोदी ने देश को सिरमौर बनाया : अरूण चतुर्वेदी

**जयपुर।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है। वहीं यूपीए कार्यकाल में आर्थिक कुप्रबंधन और घोटालों के कारण अर्थव्यवस्था रसातल की ओर जा रही थी।

उन्होंने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार किसी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र जारी किया है। श्वेत पत्र में वर्ष 2004 से 2014 और 2014 से लेकर 2024 के कालखंड की आर्थिक तुलना की गई है। वर्ष 2014 में केंद्र की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद देश में संसाधनों का उपयोग राष्ट्रहित में होने लगा। वहीं विकसित भारत 2047 का संकल्प लेकर उस दिशा में अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयास जारी है।

- **'देश ने वह समय भी देखा है जब कांग्रेस राज में उसी पार्टी के नेता बिलों को संसद में सार्वजनिक रूप से फाड़ दिया करते थे'**

चतुर्वेदी ने कहा कि कांग्रेस के कुशासन के कारण देश को पेट्रोल की कीमतों में दुगुनी वृद्धि मिली। उन्होंने कहा कि 2004 में जो पेट्रोल 36 रुपये 81 पैसे में मिलता था वह 2014 में 72 रुपये 26 पैसे में मिलने लगा। कांग्रेस के यूपीए कार्यकाल में जो तेल के दामों में वृद्धि 96 प्रतिशत से ज्यादा थी वह पीएम मोदी के नेतृत्व में 30 प्रतिशत से भी कम रही है। चतुर्वेदी ने कहा कि देश ने वह समय भी देखा है जब कांग्रेस की सरकार थी और उसी पार्टी के एक नेता अपने बिलों को संसद में सार्वजनिक रूप से फाड़ दिया करते थे। वहीं आज अंत्योदय और राष्ट्र प्रथम की भावना से देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के क्षेत्र में काम हो रहे हैं। यूपीए सरकार के समय देश में बैंकों का ऋण घाटा बढ़ता गया लेकिन 2014 में जब से भाजपा सरकार केंद्र में आई स्टार्टअप, मुद्रा योजना जैसे कदम उठाए गए। उन्होने कहा कि जीएसटी संग्रहण 9 हजार करोड़ से बढ़कर 1.7 लाख करोड़ हो गया। जहां देश में 2014 से पहले युवाओं और किसानों में निराशा का भाव था मोदी सरकार आने के बाद देश विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। आईएमएफ ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा कि 2027 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि यूपीए सरकार के कार्यकाल में संस्थागत भ्रष्टाचार बढ़ा जिसमें कोयला घोटाला, टूजी स्पेक्ट्रम घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला जैसे बड़े घोटाले हुए और अर्थव्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। 2014 के बाद आधारभूत ढांचे में बदलाव हुआ और जहां प्रतिदिन 12 किलोमीटर प्रतिदिन सड़कें बन रही थी बढ़कर 27 किलोमीटर प्रतिदिन सड़कों का जाल बिछाया जाने लगा। पीएम आवास की बात करें तो यूपीए के दस साल के कार्यकाल में 2.1 करोड़ आवास बने वहीं एनडीए के आठ साल में 2.6 करोड़ आवास बने। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की पेंशन योजना लाने का काम करने वाली केंद्र की मोदी सरकार ने जनधन खाते, ग्रामीण विद्युतीकरण बढ़ाया और दिसंबर 2018 में ग्रामीण विद्युतीकरण को पूरा किया गया। रक्षाक्षेत्र में उत्पादन बढ़ा, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश को नई पहचान मिली और भारतीय रूपये को मजबूती मिली। इसके अलावा अंतरिक्ष क्षेत्र में देश ने नई बुलंदियों को छुआ। आज देश आर्थिक प्रबंधन और आर्थिक दूरदर्शिता के साथ आगे बढ़ रहा है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि आज

**जयपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति के तत्वाधान में आज धानक्या स्थित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक पर सायं 3 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार दर्शन की प्रासंगिकता विषयक एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम होंगे। उद्योग मंत्री राजवर्धन सिंह विशिष्ट अतिथि व प्रमुख उद्योगपति राजेश गौतम कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। समिति के सचिव प्रताप भानु सिंह शेखावत ने बताया कि समिति ने तैयारी की दृष्टि से स्मारक पर कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित कर उनको दायित्वों का आवंटन किया।



**किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की घोषणा पर मुख्यमंत्री निवास ओटीएस पर किसान मोर्चा एवं किसानों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया।**

# चांद से लेकर दुनिया में सब जगह दिख रहे भारत के पदचिह्न : गजेंद्र सिंह शेखावत

- **जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के 13वें दीक्षांत समारोह में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री का उद्बोधन**
- **कहा, "हम सौभाग्यशाली हैं कि इस समय में भारत में रहने और काम करने का अवसर मिला"**

**जयपुर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि आज भारत के पदचिह्न चांद से लेकर दुनिया में सब जगह दिखाई दे रहे हैं। भारत खेल, कला, संस्कृति, ज्ञान, विज्ञान और जीवन के हर क्षेत्र में विश्वभर में पहचान बना रहा है। भारत की मान्यता पूरे विश्व में होने लगी है। हम सौभाग्यशाली हैं कि इस समय भारत में रहने और काम करने का अवसर मिला है। शनिवार को जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के 13वें दीक्षांत समारोह में केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि आज दीक्षांत समारोह है। बहुत मनन और अध्ययन के बाद हमारे ऋषियों और मनीषियों ने इस दिन को शिक्षा के अंत नहीं, दीक्षा के अंत के रूप में स्वीकार किया। वे जानते थे कि व्यक्ति के जीवन में शिक्षा का कभी अंत या समापन नहीं हो सकता। जीवन पर्यंत विद्यार्थी भाव बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति जब से सीखना बंद कर देता है, उसके इवोल्यूशन की प्रक्रिया समाप्त हो जाती है।

शेखावत ने डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से कहा कि यह सौभाग्यपूर्ण अवसर हमें मिला है, जब हम देश के ट्रांसफॉर्मेशन का हिस्सा बन सकते हैं। ट्रांसफॉर्मेशन के वाहक बन सकते हैं। आपकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण इसलिए हो जाती है, क्योंकि आपकी पीढ़ी को भारत को विकसित करने के लिए अपना योगदान देने का सौभाग्यपूर्ण अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश के संविधान में अधिकारों की चर्चा की गई है। संविधान निर्माताओं ने प्राथमिकता के साथ मूल अधिकार क्या होंगे? इसका विस्तार से वर्णन किया। हमारे अधिकारों को संविधान ने सुरक्षित करने का सौभाग्य दिया। हालांकि, भारत की संस्कृति में कर्तव्य का विचार दिया गया है। वो चाहे नागरिक, विद्यार्थी, परिवार के सदस्य, पुत्र, पुत्री या फिर पिता होने के नाते हो और इन सबसे आगे बढ़कर एक विकसित होते हुए देश के नागरिक होने के नाते, हम सब अपने कर्तव्यों का पालन जरूर करें।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश बदल रहा है और देश बदलने वाली पीढ़ी आज ऐसे माहौल और परिवेश में, जब सभी तरह की अनुकूलताएं हैं, क्योंकि आज से 10-20 साल पहले शायद कोई कल्पना नहीं कर सकता था कि देश में स्टार्टअप शुरू करना आसान होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की जब सरकार बनी थी, तब देश में उंगलियों पर गिने जा सकने वाले स्टार्टअप थे, लेकिन आज भारत में इस तरह के अनुकूल स्थिति है कि दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता हुआ स्टार्टअप इकोसिस्टम भारत में है। 110 से ज्यादा यूनिकॉर्न हैं।

## 'चालान राशि की गणना वाहन के पंजीकरण की तिथि से क्यों?'

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने परिवहन विभाग से पूछा है कि कोटपूतली डीटीओ की ओर से किए गए चालान राशि की गणना प्रदेश में वाहन के एंट्री करने के बजाए उसके पंजीकरण की तिथि से कैसे किया गया है। जस्टिस अविनाश झींगन और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश विजयपाल की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने याचिकाकर्ता को कहा है कि वह इस संबंध में परिवहन विभाग में लंबित अपने प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए कार्रवाई कर सकता है।

# युवा ठान ले तो सब कुछ संभव है : देवनानी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि प्रकृति जीवन दायिनी है, इसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। हम सभी को मिलकर पर्यावरण का संरक्षण करना है। देश का भविष्य आज का युवा है। इसके कंधों पर जिम्मेदारी है। यदि युवा किसी कार्य को पूरा करने की ठान ले तो सब कुछ संभव हो सकता है। देवनानी ने युवाओं का आवाहन किया वे विकसित भारत की कल्पना को साकार करें और पर्यावरण का संरक्षण करने में अपना योगदान दें।

देवनानी शनिवार को नागपुर में राष्ट्रीय पर्यावरण युवा ससद 2024 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। देवनानी ने कहा कि राजस्थान में अमृता देवी ने पेड़ों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। के एम मुंशी ने 1950 में पेड़ लगाकर वन महोत्सव शुरू किया। आज हर व्यक्ति पेड़ लगाए और उसका संरक्षण करें तो पर्यावरण संतुलित रहेगा और मानव जीवन सुरक्षित रहेगा। देवनानी ने कहा युवा नेतृत्व को सामाजिक भागीदारी निभाने के लिए आगे आना है। युवा ही राष्ट्र के समावेशी विकास में योगदान देता है। युवाओं को अपना लक्ष्य तय करना है। योजना बनानी है। राष्ट्र के विकास को दिशा भी देनी है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में युवाओं की जिम्मेदारी बढ़ रही है। युवा हर क्षेत्र में अपने आप को साबित करें। युवा उठे और आगे बढ़ता रहे तो समाज का निरंतर विकास होता रहेगा। देवनानी ने कहा युवा राष्ट्र के भविष्य की आशा की किरण है। युवाओं को पर्यावरण योद्धा बनना है। युवा को संकल्प लेना है और राष्ट्र को विश्व के पटल पर अग्रणी बनाना है। आज भारत ने विश्व में नई पहचान बनाई है। वर्तमान दौर में भारत के बिना विश्व में कोई हलचल नहीं होती है।

देवनानी ने कहा की राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद में देश के विभिन्न भागों से युवा आए हैं। उन्होंने कहा कि यहां लघु भारत का दर्शन हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिसके जीवन में कोई उद्देश्य हो वही युवा है और तब ही राष्ट्र को नई दिशा मिल सकती है। युवाओं को जिंदगी भर राष्ट्र के लिए जीना है। राष्ट्र के लिए कुछ करने का उद्देश्य होना चाहिए। हमें जीवन की अंतिम सांस तक राष्ट्र के लिए अपने कर्तव्य निभाने होंगे। युवा संसद में देश के 87 विश्वविद्यालय से चयनित होकर आए 213 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



**राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को नागपुर प्रवास के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान गडकरी ने अपनी पुस्तक अनमास्किंग इंडिया की प्रति देवनानी को भेंट की।**

# 'जिन विभूतियों को कांग्रेस ने भारत रत्न सम्मान से वंचित रखा, भाजपा ने उन्हें सम्मान दिया'

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने किसानों के मसीहा और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पीवी नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने के निर्णय को अभिनंदनीय बताते हुए प्रधानमत्री का आभार व्यक्त किया।

जोशी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह का देश पर बहुत बड़ा ऋण है। उन्होंने देश को बर्बाद होने से बचाया था। 1957 में जब नेहरू सोवियत संघ की यात्रा से अभिभूत होकर लौटे थे, वहां कॉमरेड ने जो पाठ पढ़ाया था उससे प्रेरित होकर उन्होंने कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन में सामूहिक खेती का प्रस्ताव रखा, जिसका चौधरी चरण सिंह ने पुरजोर विरोध किया और उनके द्वारा प्रस्तावित संशोधन बहुमत से पारित हो गया। इससे नेहरू गुस्सा हो गए और अपने अपमान का बदला लेने के लिए चौधरी चरण सिंह का उत्तर प्रदेश सरकार में विभाग बदल दिया। चौधरी चरण सिंह फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए उठाने वाले लोगों में से एक थे। उत्तर प्रदेश सरकार के राजस्व मंत्री के तौर पर उन्होंने राज्य में भूमि सुधारों को लागू करने का एक ईमानदार प्रयास किया था। चौधरी चरण सिंह गैर कांग्रेसवाद के प्रमुख प्रवर्तकों में से थे। कांग्रेस ने उनसे झूठा वादा करके अपनी ही पार्टी से दूर किया और उनकी सरकार गिरा दी। वामपंथियों ने उन्हें "कुलक" नेता बताकर उनका कद कम आंकने की कोशिश की। जोशी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पीवी नरसिम्हा राव एक प्रतिष्ठित विद्वान और कुशल राजनेता थे। उनका दूरदर्शी नेतृत्व भारत को आर्थिक रूप से उन्नत बनाने व देश के विकास के लिए मजबूत नींव रखने में सहायक रहा। संजय बारू की "द एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर" पुस्तक स्वर्गीय नरसिम्हा राव के प्रति गांधी खानदान और उनके कमांडोज की नफरत को उजागर करती है। इस पुस्तक के पृष्ठ संख्या 72-73 में पूरा ब्योरा है कि कैसे अहमद पटेल ने यह कोशिश की राव साहेब का अंतिम संस्कार दिल्ली में ना हो पाए। जोशी ने कहा कि डॉ. एमएस स्वामीनाथन को हरित क्रांति का जनक कहा जाता है, उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय में भारत को कृषि में आत्म निर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। नेहरू ने तो कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए दूसरी पंचवर्षीय योजना में बजट आवंटन में भारी कटौती कर दी थी।



**अमेरिका की प्रतिष्ठित कैम्ब्रिज डिजिटल यूनिवर्सिटी ने राजस्थान कॉपरेटिव डेयरी फेडरेशन की प्रशासक और प्रबंध संचालक सुषमा अरोड़ा को मानद उपाधि प्रदान की है। राजस्थान राज्य में डेयरी विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। यूनिवर्सिटी की ओर से आज यहाँ नई दिल्ली स्थित होटल सरोवर पोर्टिको में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में भारतीय प्रशासनिक सेवा की वरिष्ठ अधिकारी अरोड़ा को डॉक्टर ऑफ़ मैनेजमेंट ऑफ़ स्टेट डेयरी कोआपरेटिव्स की मानद उपाधि देकर सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सुषमा अरोड़ा के अलावा अमेरिका की ग्लोबल यूनिवर्सिटी ऑफ़ बॉस्टन के प्रेसिडेंट संजीव कुमार बैंक सहित देश विदेश की गणमान्य हस्तियाँ मौजूद थी।**

## जिनालय का स्थापना दिवस 12 को

**जयपुर।** जयपुर में प्रसिद्ध श्री दिगम्बर जैन मन्दिर जनकपुरी ज्योति नगर के प्रथम तल पर वर्ष 2018 में सहस्त्रकूट जिनालय का स्थापना दिवस 12 फरवरी को मनाया जायेगा।

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक:- 16058 दिनांक:- 02.02.2024
**जाहिर आम-सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/फ्लैट संख्या (23/B/601 (6-F) (MIG-B), MAHI APARTMENT, का आवंटन श्री रामेश्वर लाल त्रिपाठी पुत्र श्री नगजी राम को किया गया था। जिसका आरक्षण पत्र क्रमांक 13596 दिनांक 20.12.2023 को जारी किया गया था। श्री रामेश्वर लाल त्रिपाठी की मृत्यु दिनांक 20.11.2023 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री अमित त्रिपाठी पुत्र स्व. श्री रामेश्वर लाल त्रिपाठी आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करनें में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री अमित त्रिपाठी पुत्र स्व. श्री रामेश्वर लाल त्रिपाठी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक
वृत्त- प्रथम राज. आवा. मण्डल, जयपुर

**नाम परिवर्तन**

मैं कुटाला चिन्ना रमैया हूँ, पिता सेना संख्या 15217426-एन, नायक के श्रीनाथ यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट से मेरा बेटा, सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम के.सी. रामय्य है जो गलत है, मेरा असली नाम कुटाला चिन्ना रामय्य हैं।

मैं कुटाला सौमित्री हूँ मेरी पत्नी आर्मी नम्बर 15217426-एन, नायक के श्रीनाथ यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट है मेरे पति के सैनय दस्तावेज में मेरा नाम सौमित्री है जो गलत है, मेरा असली नाम कुटाला सौमित्री हैं।

मैं कुटाला जयम्मा, माता आर्मी नंबर 15217426-एन, नायक के श्रीनाथ यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट अपने बेटे से हूं। सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम जयमा है जो गलत है, मेरा असली नाम कुटाला जयम्मा हैं।

मेरे नाम दसवीं की मार्कशीट में वर्षा कुमारी हो गया। जिसे बदलकर मैं वर्षा जांगिड पुत्री श्री राजेन्द्र कुमार जांगिड रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। मो. 9982300595

I Lalchand S/o Surendra Kumar R/o Jaitasar, Jaistasar, Churu, Rajasthan-331411 have changed my name to Anant Birat

**विधिक नोटिस**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री प्रेम चन्द बालोटिया, निवासी-निवारू रोड, जयपुर ने अपने पुत्र विक्की बालोटिया व पुत्रवधु श्रीमती किरण को निजी कारणों से अपनी चल/अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।
विनय कुमार मीणा (एडवोकेट)
जिला न्यायालय, जयपुर
मो.नं. 9462576819

## यह दशक भारत की प्रगति, पराक्रम और पौरूष का है : तिवाड़ी

**जयपुर।** संसद के बजट सत्र में भारतीय अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र पर अल्पकालिक चर्चा के दौरान शनिवार को राज्यसभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि यह चर्चा भ्रष्टाचार बनाम विकास की है। जहां विगत सरकार का दशक अव्यवस्था, अनाचार और भ्रष्टाचार का रहा, वहीं मोदी सरकार का दशक भारत की प्रगति, पराक्रम और पौरूष का रहा है।

उन्होंने चाणक्य के कथन, वह राज्य किस काम का जो आम जनता के लिए ना हो, का उदाहरण देते हुए कहा कि अकाल पड़ने पर राजा को जनता की सेवा करनी चाहिए, जिसे मोदी ने चरितार्थ किया है। करोना काल में 200 करोड़ से अधिक वैक्सीन लगाने का रिकॉर्ड बनाया और देश की जनता को उस गंभीर बीमारी से बचाने का कार्य किया। भारत की अर्थव्यवस्था जो 10 वर्ष पूर्व 10 वें स्थान पर थी वह आज 5वें स्थान पर आ गई है। तिवाड़ी ने कहा कि देश में पूर्व में जितने भी आन्दोलन हुए सभी में रोटी, कपड़ा और मकान की लड़ाई होती थी। आज केन्द्र सरकार ने देश की जनता को मुफ्त राशन देने का कार्य किया और जिनके पास मकान नहीं थे उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना से लगभग 4 करोड़ मकान उपलब्ध कराये। 10 वर्ष पूर्व विदेशी फन्ड भारत में 330 बिलियन डॉलर था वो आज 617 बिलियन डॉलर हो गया है। केन्द्र सरकार के दशक में देश में 1467 से अधिक विश्वविद्यालय भारत में खुले, शिक्षा नीति लागू की गई।

# प्रॉपर्टी एक्सचेंज बैंक का उद्घाटन

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने रियल एस्टेट से जुड़े प्रॉपर्टी एक्सचेंज बैंक का उद्घाटन कृष्णा सागर, इस्कॉन मंदिर के पास फीता काटकर किया। इस अवसर पर बैरवा ने इस तरह के कॉन्सेप्ट को रियल एस्टेट के लिए बेहतर बताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से जयपुर शहर का विकास बढ़ रहा है। ऐसे में प्रोपर्टी बैंक आमजन को प्रोपेर्टी का सही मूल्यांकन करेगा।

बैंक के सीईओ डॉ आशुतोष झालानी ने बताया कि प्रॉपर्टी एक्सचेंज बैंक पूरे भारत में इस तरह का पहला बैंक है जो देश के किसी भी जिले में मनचाही जगह प्रॉपर्टी एक्सचेंज का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

आयोजन के विशिष्ट अतिथि त्रिवेणी धाम (धाराजी) के पीठाधीश्वर विश्वरूप काठिया बाबा एवं श्रीसंकित पीठ जयपुर के नरेश पुरी गुरुजी महाराज व खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर रहे। इस आयोजन में झुंझुनूं से भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश बसावतिया, बृजमोहन बेनीवाल, सुशील भारद्वाज एवं ओम माथुर के निजी सचिव विजय शर्मा और प्रॉपर्टी एक्सचेंज बैंक के वाइस प्रेसिडेंट आलोक माथुर व अन्य सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। बैंक के सीईओ ने बताया कि आने वाले समय मे देश के सभी स्थानों में इस बैंक की शाखाएं खोलने का लक्ष्य रखा गया है।

# पतंजलि ने जीरो से शुरुआत करके ग्रामीण भारत और स्वदेशी का आदर्श मॉडल बनाया : चरणजीत सिंह

- **स्वयं सहायता समूह, महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण : आनंद स्वरूप**

**जयपुर, (का.सं.)।** समृद्ध ग्राम (पतंजलि ट्रेनिंग सेंटर) में उत्तराखंड आजीविका मिशन के सहयोग से बेकरी उत्पाद एवं उद्योग प्रोत्साहन पर पाँच दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ चरणजीत सिंह एडिशनल सेक्रेटरी, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार तथा आनंदस्वरूप जी (सी.ई.ओ) के द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया।

इस अवसर पर चरणजीत सिंह ने सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अपने प्रत्येक उद्बोधन में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के समग्र उत्थान तथा आजीविका अभिवृद्धि हेतु बल देते हैं। उन्होंने पतंजलि द्वारा इस दिशा में किए हुए प्रयासों की बहुत सराहना की तथा इसे व्यापार संवर्धन एवं आजीविका सुधार हेतु एक आदर्श मॉडल बताया। ग़ौरतलब है कि इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में बिस्किट, ब्रेड, केक इत्यादि बनाने की ट्रेनिंग के साथ साथ उनकी ब्रांडिंग, पैकेजिंग, लेबलिंग, मार्केटिंग सहित का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस कार्यक्रम की पूर्व संध्या में पतंजलि समूह के सह संस्थापक डॉ आचार्य बालकृष्ण ने भी एक उच्च स्तरीय मीटिंग में ग्राम उत्थान तथा व्यापार अभिवृद्धि हेतु ट्रेनिंग और समग्र प्रशिक्षण पर बल दिया। इस अवसर पर आनन्दस्वरूप ने पतंजलि का धन्यवाद ज्ञापित किया। पूरी टीम ने पतंजलि ग्रामोद्योग, फूड पार्क तथा पतंजलि अनुसंधान संस्थान का भ्रमण भी किया। इस अवसर पर टीम के साथ साथ पतंजलि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक भी उपस्थित थे।



**समृद्ध ग्राम ( पतंजलि ट्रेनिंग सेंटर ) में उत्तराखंड आजीविका मिशन के सहयोग से बेकरी उत्पाद एवं उद्योग प्रोत्साहन पर ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रामीण विकास मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी चरणजीत सिंह तथा आनंदस्वरूप ( सी.ई.ओ ) ने दीप प्रज्वलन कर किया।**

**"सूचना"**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य मोहम्मद वजीर मनिहार पुत्र करीम बक्श मनिहार, निवासी-बी-91, मानसरोवर कॉलोनी, झोटवाडा, जयपुर, आधार नम्बर 5733, 8748, 4410 के पुत्रों में मोहम्मद फिरोज व मोहम्मद रफीक उनके कहने में नहीं है, तथा उनके दोनों पुत्र काफी समय से मेरे अभिभाष्य व उनकी पत्नी से आये दिन लडाई, झगडा/सार संभाल नहीं करना करके अलग रह रहे हैं, तथा मेरे अभिभाष्य के पुत्रों व पुत्रवधुओं ने मेरे अभिभाष्य से सारे सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं। तथा मेरे अभिभाष्य को गहरा दुख पहुंचाया है मेरे अभिभाष्य को इस बात का पूरा विश्वास है। कि उनके पुत्र व पुत्रवधु मेरे अभिभाष्य के नाम से अन्य व्यक्तियों से किसी प्रकार की भी लेन देन करेंगे। तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। व उक्त सभी के आचरण कृत्य को देख पुत्रगणों/पुत्रवधूओं को चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया गया है अतः इसकी सूचना भी मेरे अभिभाष्य ने पूर्व दिनांक 18.02.2016 को दैनिक नवज्योति में आम सूचना प्रकाशित कर दिया गया है तथा उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, अपराध व किसी भी तरह की लेन देन या संव्यवहार के जिम्मेदार मेरे अभिभाष्य नहीं होंगे, यदि कोई व्यक्ति, संस्था, इत्यादि किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध व संव्यवहार मेरे अभिभाष्य के पुत्रों एवं पुत्रवधुओं से बनायेगा या रखेगा तो उसकी कोई जिम्मेदारी मेरे अभिभाष्य की नहीं होगी एवं उक्त मेरे पुत्रों एवं पुत्रवधुओं का साथ अन्य कोई मिलकर किसी प्रकार की जन हानि/मानहानि करते हैं तो उसके लिए वह व्यक्ति भी इस कृत्य में शामिल माना जाएगा व उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही अम्ल में लायी जाएगी। इस संदर्भ में 18.02.2016 को उक्त आशय की विज्ञप्ति दैनिक नवज्योति में प्रसारित कराई गई थी, उपरोक्त मेरे अभिभाष्य के पुत्रों ने मेरे अभिभाष्य के नाम से कई जगह शादि संबंध में हमारे नाम का उपयोग किया गया है जो कि गलत है अब पुनः विज्ञप्ति जारी कर सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मेरे अभिभाष्य के पुत्रों द्वारा किसी भी व्यक्ति से शादि संबंध अन्य कार्य व संव्यवहारों में उपयोग करेगा तो राज कार्य में झूठा साबित होगा तथा उक्त के बाबत कानूनी कार्यवाही भी अमल में लाई जा सकती है सूचित रहे।
विष्णु कान्त शर्मा (एडवोकेट)
राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर
मो.9414311059, 8952094094

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर - दूरभाष संख्या-0141-4901853
**आम जाहिर सूचना**
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-1/482 मालवीय नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 117.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री रामु सैन को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 11447 दिनांक 19.05.1982 जारी किया गया। उनके द्वारा आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर-प्रथम में दिनांक 15.09.2003 को करवाया गया। श्री रामु सैन की मृत्यु दिनांक 05.07.2023 को हो जाने के कारण श्री प्रदीप सैन पुत्र स्व. श्री रामु सैन के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र एवं वसीयतनामा की छाया प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है।
अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री प्रदीप सैन पुत्र स्व. श्री रामु सैन के पक्ष में उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक
वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# नए भारत का नया इतिहास लिखने की ओर देश बढ़ा रहा कदम : भजनलाल

## सकारात्मक ऊर्जा ही जीवन में प्रगति और परिवर्तन की संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करती है : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**सिरोही/जालोर, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सकारात्मक ऊर्जा ही जीवन में प्रगति और परिवर्तन की संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करती है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सकारात्मक पहल से हमारा देश नए भारत का नया इतिहास लिखने की ओर कदम बढ़ा रहा है।

- **मुख्यमंत्री ने ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा आयोजित राज ऋषि ग्राम प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को सिरोही के ब्रह्माकुमारीज संस्थान में ''स्वर्णिम राजस्थान'' अभियान के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्थान देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाई देने में सराहनीय प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा लोगों के स्वास्थ्य, समृद्धि और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए जल-जन अभियान, श्री अन्न (मिलेट्स) अभियान तथा गोकुल गांव सर्वांगीण विकास अभियान का राज्य में आज शुभारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के नवाचारों को बढ़ावा दिया जाए जिससे प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित हो सके। मुख्यमंत्री ने लोगों से आव्हान किया कि हमें नागरिक होने के कर्तव्यों का एहसास करना चाहिए और अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद व्यक्ति के बारे में सोचना चाहिए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारा छोटा सा कदम भी उनका जीवन बदल सकता है। उन्होंने कहा कि श्री अन्न (मिलेट्स) के उत्पादन में हमारा प्रदेश देश में अग्रणी स्थान रखता है। राज्य सरकार भी प्रदेश में मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सिरोही के ब्रह्माकुमारीज संस्थान में ''स्वर्णिम राजस्थान'' अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, विधायक समाराम आदि उपस्थित रहे।

**मुख्यमंत्री ने किया राज ऋषि ग्राम प्रदर्शनी का उद्घाटन :-** मुख्यमंत्री ने इससे पूर्व ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा आयोजित राज ऋषि ग्राम प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। शर्मा ने प्रदर्शनी में लगाई गई नशा मुक्त भारत अभियान, जल जन अभियान, योगिक खेती और श्री अन्न मिलेट्स अभियान से संबंधित स्टॉल्स का अवलोकन किया। उन्होंने इस अवसर पर ''नशा मुक्त भारत अभियान'' रिपोर्ट का विमोचन भी किया। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्मकुमारीज संस्थान की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी डॉ. दादी रतन मोहिनी ने श्री शर्मा का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

**मुख्यमंत्री का जन प्रतिनिधियों ने किया स्वागत :-** इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सिरोही जिले के मानपुर हवाई पट्टी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। पुलिस जवानों ने मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया तथा जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने शर्मा को पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। इस दौरान ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, विधायक समाराम, मोतीराम कोली, जिला प्रमुख अर्जुन राम, संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी, डीआईजी पाली रेंज ओमप्रकाश, जिला कलेक्टर शुभम चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे।

# जे.एन.वि.यू. के कुलपति के.एल. श्रीवास्तव ने इस्तीफा दिया

## ए.बी.वी.पी. के विरोध प्रदर्शन के दौरान परेशान होकर कुलपति ने इस्तीफा दिया

**जोधपुर, (कासं)।** जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी के कुलपति के.एल. श्रीवास्तव ने शनिवार को एबीवीपी के विरोध प्रदर्शन के दौरान परेशान होकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इतना ही नहीं जब वे सरकारी कार से जाने लगे तो छात्रों ने फिर विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद वे पैदल ही रवाना हो गए। हालांकि श्रीवास्तव के इस्तीफे को लेकर 2 घंटे तक नाटकीय घटनाक्रम चला।

- **सरकारी कार से जाने लगे तो छात्रों ने फिर विरोध किया, इसके बाद वे पैदल ही रवाना हो गए**

एबीवीपी की ओर से सुबह 11:30 बजे से 74 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा था। इस दौरान परिषद के प्रांत सहमंत्री सचिन राजपुरोहित, इकाई सह सचिव यश शर्मा के नेतृत्व में छात्रों ने कुलपति श्रीवास्तव की कार का घेराव कर दिया। इस पर वे नीचे उतरे और सभी को उनके ऑफिस की तरफ चलने को कहा। यहां कार से उतर कर छात्रों के साथ पैदल ऑफिस तक पहुंचे। यहां उनके गेट के बाहर ही सभी छात्रों ने घेराव कर दिया और नारे लगाना शुरू कर दिया। इस पर उन्होंने सभी को ऑफिस में चलकर बातचीत करने को कहा, लेकिन कोई राजी नहीं हुआ।

उनका कहना था कि यूनिवर्सिटी में विभिन्न मांगों को लेकर दो महीने से कुलपति के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार ऑफिस में ले जाकर मामला शांत करवा देते हैं और कोई समाधान नहीं होता। इस पर छात्र अड़ गए कि आज जो भी बात होगी वो सभी के सामने और ऑफिस के बाहर होगी। करीब 12:30 बजे तक वे छात्रों से समझाइश करते रहे। जब वे नहीं माने तो छात्रों पर झल्लाने लगे। इस पर छात्रों ने दोबारा विरोध शुरू कर दिया। इस पर वे ऑफिस के बाहर ही जमीन पर बैठ गए और पीए से डॉक्यूमेंट मंगवाकर राज्यपाल के नाम का इस्तीफा पीए को सौंप दिया। पूरा घटनाक्रम करीब 2 घंटे तक चला। ये घटनाक्रम कुलपति के इस्तीफे के बाद भी शांत नहीं हुआ। इस्तीफा साइन करने के बाद वे ऑफिस में भी नहीं गए और वहीं बाहर कार मंगवा ली। वीसी को कार में बैठा देख छात्रों ने दोबारा प्रदर्शन शुरू कर दिया। कहने लगे कि जब इस्तीफा दे दिया तो अब सरकारी कार क्यों। इस पर वे सरकारी कार से नीचे उतरे और गेट की तरफ निकल गए। यहां उन्होंने निजी कार मंगवाई और उसमे बैठकर रवाना हो गए।



ऑफिस के बाहर ही कुलपति श्रीवास्तव जमीन पर बैठ गए और पीए से डॉक्यूमेंट मंगवाकर राज्यपाल के नाम का इस्तीफा पीए को सौंपा।

# हाईटेंशन तार से पाइप में करंट आया, युवक की मौत

## युवक के ताऊ की बेटी की शादी 12 फरवरी को होनी है, घर में मातम छाया

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले के बिसाऊ थाना इलाके के हमीरवास गांव में करंट ने एक युवक की जान ले ली। युवक के ताऊ की बेटी की शादी दो दिन बाद 12 फरवरी को होनी है। युवक की मौत के बाद शादी के घर में मातम से छा गया। बीती रात को हमीरवास निवासी 21 वर्षीय अंकित पुत्र सतवीर राहड़ अपने ही खेत में पानी की लाइन बदलने गया था। उसने खेत में पाइप को उपर उठाया तो वो खेत के उपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली की लाइन से छू गया। जिसके कारण पाइप में करंट दौड़ गया और अंकित भी करंट की चपेट में गया। काफी देर तक अंकित जब घर वापिस नहीं लौटा तो परिजन खेत में पहुंचे। अंकित को झुंझुनूं बीडीके अस्पताल लाया गया। लेकिन पुलिस ने अंकित को मृत घोषित कर दिया। शनिवार सुबह परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

अंकित के ताउ की बेटी की शादी 12 फरवरी को है। जिसे लेकर घर में शादी के कार्यक्रम चल रहे थे। लेकिन पूरे परिवार में शोक की लहर है। अंकित एक निजी यूनिवर्सिटी में बीटेक का छात्र था। इधर, परिजनों ने बताया कि हाईटेंशन की लाइन काफी नीचे से खेत में गुजर रही है। जिसे उंची उठाने के लिए कई बार पहले भी अजमेर डिस्कॉम के अधिकारियों से डिमांड की गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आज डिस्कॉम की लापरवाही से अंकित की जान चली गई।

## युवक ने की आत्महत्या

**धौलपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के पुराना शहर मोहल्ले में एक युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। युवक ने सुसाइड नोट लिखकर अपनी पत्नी को मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। मृतक युवक हेमेंद्र (27) पुत्र पप्पू के शव को लेकर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि युवक की शादी आगरा की रहने वाली युवती पूजा के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद ही उसकी पत्नी घर छोड़कर भाग गई थी। जिसके बाद से ही युवक मानसिक तनाव में रहने लगा। फंदा लगाने से पहले युवक द्वारा लिखा गया एक सुसाइड नोट मौके पर मिला है। जिसमें बताया गया है कि उसकी पत्नी पूजा उसे छोड़कर किसी दूसरे के साथ भाग गई। जिस वजह से मानसिक तनाव में आकर उसने सुसाइड कर लिया।

# अस्पताल में कार्यरत युवक ने आत्महत्या की

## युवक अस्पताल के बाथरूम में अचेत मिला था

**झुंझुनूं, (निसं)।** शहर के रोडवेज बस डिपो के पास स्थित धन्वंतरि अस्पताल के स्टाफ की संदिग्ध परिस्थियों में मौत हो गई। युवक अस्पताल के बाथरूम में अचेत मिला। युवक के पास बेहोशी के चार इंजेक्शन मिले हैं। आशंका जताई गई कि बेहोशी के इंजेक्शन के हाई डोज होने के कारण उसकी मौत हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को बीडीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

जानकारी के अनुसार झुंझुनूं के रोडवेज बस डिपो के पास स्थित धन्वंतरि हॉस्पिटल की आरजीएचएस ब्रांच में कंप्यूटर ऑपरेटर योगेश अस्पताल की आईसीयू के पास स्थित बाथरूम में अचेत मिला। उसके पास चार बेहोशी के इंजेक्शन मिले।

योगेश को अस्पताल के डॉक्टरों ने इलाज दिया। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को बीडीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मृतक के परिजनों को पुलिस ने सूचना दी हैं। इधर सवाल यह उठ रहा है कि आखिरकार मृतक योगेश को चार-चार बेहोशी के इंजेक्शन दिए किसने। क्योंकि बिना डॉक्टर की पर्ची के इतनी बड़ी संख्या में इंजेक्शन देना भी ड्रग एक्ट में सही नहीं कहा जा सकता। शंका जाहिर की जा रही है कि अस्पताल के अंदर संचालित मेडिकल स्टोर से बिना डॉक्टर की पर्ची के ही दवा बेची जा रही है। संभवतया योगेश ने भी ये इंजेक्शन इसी मेडिकल से लिए होंगे जो बड़ी जांच का विषय है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, ड्राइवर की मौत

**धौलपुर, (निसं)।** ईंट खाली करके जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर ड्राइवर की मौत हो गई और एक युवक घायल हो गया। सैंपऊ थाना प्रभारी हरभान सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात को ट्रैक्टर ड्राइवर संजू (30) पुत्र रामभरोसी और सूरज (18) पुत्र देवी चरण निवासी फूलपुरा सैंपऊ की तरफ से ईंट खाली कर ट्रैक्टर-ट्रॉली से वापस गांव फूलपुर जा रहे थे। सालेपुर गांव के नजदीक तेज रफ्तार में ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर पलट गया। दुर्घटना में संजू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सूरज घायल हुआ है। दुर्घटना को देखकर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एम्बुलेंस की मदद से दोनों को सैंपऊ के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया।

# पंजाब से गुजरात जा रही शराब बरामद

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** पंजाब बॉर्डर पर साधुवाली में नाकेबंदी के दौरान जिला विशेष टीम व जवाहरनगर थाना पुलिस ने चैकिंग में एक ट्रोले में 599 पेटी में अवैध रूप से पंजाब के तरनतारण ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस टीम ने चालक को गिरफ्तार कर ट्रोला जब्त कर लिया है। पुलिस आरोपी से शराब तस्करों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

- **पुलिस टीम ने चालक को गिरफ्तार कर ट्रोला जब्त किया**

थाना प्रभारी पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि पंजाब सीमा पर साधुवाली में नाके पर नाकेबंदी चल रही थी। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे बाद एक ट्रोला निकला। इस ट्रोले को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान संदेह के आधार पर सामान उतारकर देखा तो उसमें अवैध रूप से ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब की पेटियां लदी हुई मिली। पुलिस ने ट्रोला जब्त कर लिया। इसमें सवार चालक को राउंडअप कर लिया है। ट्रोला में 599 पेटी शराब बरामद की गई है। इसके बाद पुलिस इस ट्रोला व चालक आदि को अपने साथ पुलिस लाइन ले गई। जहां जवाहरनगर थाना प्रभारी व स्टाफ की ओर से ट्रोला को खाली कराया गया। पुलिस ने ट्रोला चालक प्रभुराम पुत्र दीपाराम देवासी निवासी रामदेरिया बाड़मेर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और शराब तस्करों व तस्करी के ठिकानों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि डीएसटी टीम व जवाहरनगर थाना पुलिस नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान पंजाब की तरफ से एक ट्रोला नाका पार करने लगा। इस पर ट्रोला में वजन अधिक के संदेह पर पुलिसकर्मियों ने रुकवा लिया। पुलिस ने ट्रोला की जांच की। ट्रोला में ऊपर की तरफ सफेद रंग के प्लास्टिक के कट्टों में लकड़ी के टुकड़े भरे हुए थे। पुलिस ने कट्टों को हटाकर देखा तो ट्रोला में नीचे प्लास्टिक के सफेद कट्टों में पेटियों में सामान जैसा लगा। ट्रोले के अंदर स्प्रीट जैसी स्मैल भी आ रही थी। पुलिस ने नीचे से एक कट्टे को खोलकर देखा तो उसमें अंग्रेजी शराब की पेटियां मिली।

पुलिस ने बताया कि ट्रोला की तलाशी के बाद प्लास्टिक के कट्टों में कुल 599 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। इसमें 14352 शराब के क्वार्टर व 3600 बोतल शराब बरामद की गई है। इसमें अंग्रेजी की विभिन्न ब्रांड की शराब रखी हुई थी। डीएसटी के प्रभारी एसआई रामविलास बिश्नोई ने बताया कि विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान भी साधुवाली व पतली नाके पर दो ट्रकों में पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही करीब एक हजार पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की थी। लालगढ़ में एक पिकअप में भी करीब दो सौ पेटी शराब बरामद हुई थी।

# छेड़छाड़ के आरोपी शिक्षक को प्रार्थना सभा में छात्रा ने थप्पड़ जड़े

## छेड़छाड़ की घटना सप्ताह भर पहले की बताई जा रही है

**धौलपुर, (निसं)।** 12वीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपी शिक्षक को छात्रा द्वारा थप्पड़ मारने का मामला सामने आया है। साथ ही आरोपी शिक्षक को प्रार्थना सभा के दौरान सैकड़ों विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों के सामने मंच पर खड़ा कर दंडित किया गया।

घटना कौलारी थाना क्षेत्र के एक गांव के उच्च माध्यमिक विद्यालय से जुड़ी है। जानकारी में सामने आया है कि छेड़छाड़ के विरोध में शुक्रवार सुबह स्कूल पहुंचे छात्रा के परिजनों, गांव के पंच पटेलों ने प्रार्थना सभा के दौरान स्टॉफ और छात्र-छात्राओं की मौजूदगी में मंच पर छात्रा और आरोपी शिक्षक को बुलाया। इस दौरान जब शिक्षक ने अपनी गलती मानते हुए छात्रा के पैर छूए तो आंखों में आंसू लिए छात्रा ने शिक्षक को कई थप्पड़ जड़ दिए। छात्रा के थप्पड़ मारने से प्रार्थना सभा में सन्नाटा पसर गया। विद्यालय प्रांगण में प्रार्थना सभा के दौरान हुई इस घटना से पहले ही छात्रा के परिजनों ने स्कूल के स्टाफ से सभी विद्यार्थियों की तलाशी लेकर मोबाइल फोन मंच पर ही रखवा दिए। जिससे कि घटना के वीडियो और फोटो साक्ष्य नहीं बने। बताया जा रहा है कि पूरी घटना को प्री प्लानिंग के साथ अंजाम दिया गया। छेड़छाड़ की घटना सप्ताह भर पहले की बताई जा रही है। सामने आया है कि प्रैक्टिकल के दौरान आरोपी शिक्षक ने छात्रा से खेलकूद कक्ष के पास छेड़खानी कर दी। छात्रा के साथ छेड़छाड़ की बात विद्यालय में फैली तो आरोपी शिक्षक ने छात्रा के घर जाकर छात्रा और परिजनों से माफी मांग ली। इस दौरान परिजनों द्वारा शिक्षक की पिटाई करने की जानकारी भी सामने आ रही है।

अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश शर्मा ने बताया कि शिक्षक द्वारा छात्रा से छेड़छाड़ करने की जानकारी मिली है। मामले की जांच कराकर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों के पास भेजी गई है। जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बांग्लादेशी युवक से संबंधित होटल मालिक से पूछताछ

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** एटीएस आईजी अंशुमान भोमिया के निर्देश पर बांग्लादेशी युवक को जैसलमेर के होटल जिसमें उसने नाम बदलकर काम किया था उस होटल मालिक से पूछताछ करने एटीएस की टीम शनिवार को जैसलमेर आई। होटल में किशोर कुमार बनकर काम करने वाले बांग्लादेश के मोहम्मद मेहमूद आलम टूलू को नाम बदलकर फर्जी डॉक्यूमेंट के साथ भारत में रहने के मामले में एटीएस की टीम मोहम्मद मेहमूद आलम को लेकर जैसलमेर पहुंची। जैसलमेर के जिस होटल में बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद मेहमूद ने काम किया वहां होटल मालिक और स्टाफ से पूछताछ की।


- **फर्जी डॉक्यूमेंट के साथ भारत में रहने के मामले में एटीएस की टीम मोहम्मद मेहमूद आलम को लेकर जैसलमेर पहुंची**

एटीएस ने स्थानीय लोगों से भी किशोर कुमार उर्फ मोहम्मद मेहमूद को लेकर पूछताछ की। इस दौरान एटीएस मेहमूद के जैसलमेर रुकने के ठिकानों की तलाश कर रही है, साथ वहां से उसका सामान जब्त करने की कार्रवाई कर रही है ताकि फर्जी तरीके से जैसलमेर में नाम बदलकर रुके बांग्लादेश के मोहम्मद मेहमूद के इरादों की पड़ताल की जा सके। एटीएस व ओएसजी आईजी अंशुमान भोमिया के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120 बी भारतीय दंड संहिता, धारा 14 विदेशी विषयक अधिनियम 1946 और धारा 12 पासपोर्ट अधिनियम 1967 के तहत पुलिस थाना एसओजी जयपुर में मामला दर्ज किया गया है।

# श्री रामदेव पशु मेले का ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ

**नागौर, (निसं)।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्री रामदेव पशु मेले का शुभारंभ शनिवार को पशुमेला मैदान में हुआ। नागौर पशु मेले का शुभारंभ संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा, आईजी रेंज लता मनोज कुमार, जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव, पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस, पूर्व सांसद डॉ. ज्योति मिर्धा एवं नगर परिषद सभापति मीतू बोथरा ने ध्वजपूजन व ध्वजारोहण कर किया।

मेले के शुभारंभ के अवसर पर पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. महेश मीणा ने मेले का विवरण प्रस्तुत किया और मेले में आने वाले पशुपालकों, व्यापारियों एवं पशुओं की सुविधाओं के लिए की गई व्यवस्थाओं से अवगत करवाया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि श्री रामदेव पशु मेले में 13 फरवरी से 18 फरवरी तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा 19 फरवरी को समापन समारोह व पारितोषिक वितरण कार्यक्रम का आयोजन होगा एवं पशुओं की रवानी की शुरू होगी। इस दौरान उन्होंने भामाशाहों का धन्यवाद व्यक्त किया।



मेले के शुभारंभ अवसर पर संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा, आईजी रेंज लता मनोज कुमार, जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव, पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस आदि मौजूद रहे।

पशु मेले के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद डॉ. ज्योति मिर्धा ने कहा कि हमारे बुजुर्गों के समय से हम लोग श्री रामदेव पशु मेले की चर्चा सुनते आए हैं। यह मेला अपना एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस दौरान उन्होंने कहा कि पशुओं के परिवहन के लिए ट्रेन चलाने के प्रयास लगातार कर रहे हैं और ट्रेन के संचालन में आ रही बाधा से रेल मंत्री को भी मिलकर अवगत कराया गया है, साथ ही अन्य कोई समस्याओं के निराकरण के प्रयास भी निरंतर करेंगे। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा ने कहा कि पशुधन एवं पशुपालन कृषि प्रधान समाज की संस्कृति का महत्वपूर्ण अंग है, जिसमें नागौर का पशु मेला अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। मेले में आने वाले पशुपालकों व व्यापारियों की समस्याओं से सरकार को अवगत करवाकर निराकरण करवाया जाएगा।

- **13 फरवरी से आयोजित होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने कहा कि श्री रामदेव पशु मेला नागौर की पहचान है और इसको और बेहतर बनाने के लिए नवाचार कर पर्यटन की दृष्टि से बढ़ावा देने के प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने पशुमेला मैदान के विकास में सहयोग करने वाले समाजसेवी व भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर पशुमेला मैदान में नवनिर्मित प्रवेश द्वार व पुनर्निर्मित मंच का भी लोकार्पण अतिथियों द्वारा दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अशोक कुमार योगी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश कुमार, पद्मश्री हिमताराम भांभू, समाजसेवी सुरेश राठी, कृपाराम देवड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पशुपालक, व्यापारी व आमजन उपस्थित रहे।

# यू.डी.एच. प्रमुख सचिव टी. रविकांत ने किया झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड का मौका निरीक्षण

## लोकसभा चुनाव से पहले आमजन को यह सौगात देने की तैयारी में जुटी सरकार व जे.डी.ए.

**जयपुर** (कासं)। लोकसभा चुनाव से पहले जयपुर विकास प्राधिकरण के अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करवाने के लिए राज्य सरकार एक्टिव मोड में है। शनिवार को नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकांत और जे.डी.ए. आयुक्त मंजू राजपाल ने झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड के अधूरे काम का मौका निरीक्षण किया और जल्द से जल्द यह प्रोजेक्ट पूरा करने के निर्देश दिए। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार इस पुलिया की सौगात जयपुरवासियों को देगी। चूंकि यह प्रोजेक्ट 5 साल से ज्याद समय से चल रहा है, वर्तमान में झोटवाड़ा रोड पर दिनभर ट्रेफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में जेडीए प्रशासन का पूरा फोकस इसी प्रोजेक्ट पर है, संभावना है कि फरवरी माह के अंत तक फेज-2 का काम पूरा कर लिया जाए।

इसके बाद टी. रविकांत और मंजू राजपाल, अधिकारियों को साथ लेकर बी-टू-बाईपास और सवाई मानसिंह अस्पताल में बन रहे आई.पी.डी. टावर का काम देखने भी पहुंचे। उन्होंने निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स की गुणवत्ता जांचने और तय समय पर काम पूरा करने को कहा। जवाहर सर्किल पर सौंदर्यीकरण के साथ बी2 बाईपास ट्रेफिक जंक्शन पर बन रहे अंडरग्राउंड प्रोजेक्ट का भी निरीक्षण किया।



नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत और जे.डी.ए. आयुक्त मंजू राजपाल ने शनिवार को अधिकारियों के साथ झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड का मौका निरीक्षण किया और प्रोजेक्ट जल्द से जल्द पूरा करने को कहा।

जेडीए कमिश्नर मंजू राजपाल ने बताया कि सवाई मानसिंह अस्पताल में आई.पी.डी. टावर के साथ ही एसएमएस अस्पताल में इन्टीट्यूट ऑफ़ कार्डियोवस्कुलर साइंसेज का भी निर्माण किया जा रहा है। इस बिल्डिंग में आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए 16 लिफ्ट के साथ दो मंजिल पर पार्किंग विकसित की जाएगी। इस परियोजना में 20 ऑपरेशन थिएटर, 100

- **सवाई मानसिंह अस्पताल में बन रहे आई.पी.डी. टावर और बी-टू-बाईपास पहुंचकर भी काम जांचा**

ओपीडी काउंटर, दो मंजिला बेसमेंट, 1200 बेड, एयर एम्बुलेंस के लिए छत पर हेलीपेड, मेडिकल साइंस गैलरी एडमिशन ब्लॉक, दूसरी मंजिल पर रेडियोलॉजी सेवा, डायग्नोस्टिक, एमआरआई सिटी स्कैन, तीसरी मजिल पर छह आईसीयू वार्ड और संबंधित सेवाएं, चौथी मजिल पर पोस्ट और प्रीआपरेटिव वार्ड, न्यूक्लियर मेडिसन, लैब एरिया साथ ही जनरल वार्ड, कॉटेज और डीलक्स रूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जेडीए आयुक्त ने बताया कि झोटवाडा आर.ओ.बी के साथ-साथ बी-2 बाईपास, जो दुर्गापुरा को सांगानेर, प्रतापनगर और सीतापुरा औधोगिक क्षेत्र से जोड़ता है। वहां जवाहर सर्किल से मानसरोवर की तरफ अण्डरपास और टोंक रोड पर बजरी मंडी के साथ ही रामदास अग्रवाल तिराहे पर क्लोवर लीफ के निर्माण के साथ सब-वे, विधुतीकरण और सौन्दर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है।

# मत्स्य विभाग के पूर्व डायरेक्टर पर रिश्वत लेने का एक और मामला दर्ज

**जयपुर** (कासं)। मत्स्य विभाग के पूर्व डायरेक्टर (आईएएस) प्रेमसुख बिश्नोई पर रिश्वत लेने के मामले में एक और केस दर्ज किया गया है। ए.सी.बी. को यह शिकायत भी मछली पालन करने वाले एक ठेकेदार ने की थी। एसीबी ने इस केस में अधिकारी को ट्रेप करने की भी कोशिश की थी, लेकिन कामयाब नहीं हो पाए थे। इस पर ए.सी.बी. काम कर रही थी। इस दौरान एक अन्य शिकायत मिलने पर 18 जनवरी को मत्स्य विभाग के पूर्व डायरेक्टर (आईएएस) प्रेमसुख बिश्नोई और एडिशनल डायरेक्टर राकेश देव को 35 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा था।

एसीबी के अनुसार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले मछली ठेकेदार सूरज का बूंदी और टोंक में मछली पालन का बिजनेस है। वह विभाग की मंजूरी के बाद तालाब में मछली पालन करता है। यह ठेका पीड़ित का करीब 25 लाख रुपए का था। सितंबर में पीड़ित ने श्योदानपुरा बांध (टोंक) से मछली निकालना शुरू किया। इस दौरान मत्स्य विभाग के अधिकारी मदन उसके पास आया। कहा- वह मछली नहीं निकाल सकता। अगर उसे मछली निकालनी है तो वह जयपुर में जाकर अधिकारियों से मंजूरी लेकर आए। इसके बाद सूरज 8 जनवरी को 2024 को जयपुर मत्स्य विभाग के कार्यालय पहुंचा।

यहां पर उसकी मुलाकात सहायक निदेशक राकेश देव, संयुक्त निदेशक लियाकत अली और निदेशक प्रेमसुख बिश्नोई से हुई। बिश्नोई ने राकेश देव से पूछा कि इसका ठेका कितने का है। इस पर पीड़ित ने खुद ही बताया कि लगभग 25 लाख रुपए का है। बिश्नोई ने उसे 10 प्रतिशत कमीशन (2.50 लाख) देने के लिए कहा। इस पर पीड़ित ने समय मांगा और फिर ऑफिस से निकल गया। इसके बाद पीड़ित एसीबी मुख्यालय पहुंचा और 8 जनवरी को ही शिकायत दी। एसीबी ने राकेश देव और पीड़ित की वॉइस रिकॉर्ड की।

पीड़ित को 9 जनवरी को पैसों के साथ मत्स्य विभाग भेजा, जहां पर पीड़ित ने 50 हजार रुपए रिश्वत के दिए। उस दौरान एसीबी एक्शन नहीं कर पाई। लेकिन एसीबी के पास बिश्नोई और राकेश देव के खिलाफ कई सबूत जमा हो गए। इस पर एसीबी ने दोनों अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। 18 जनवरी को 35 हजार रुपए रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार हुए दोनों अधिकारी अभी जेल में बंद हैं।

दोनों अधिकारियों के खिलाफ एक एफआईआर और दर्ज होने पर एसीबी दोनों को दोबारा से गिरफ्तार कर पूछताछ करेगी।

## स्मैक और मॉर्डन ड्रग्स की तस्करी में लिप्त 5 गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। पुलिस कमिश्नरेट की सीएसटी टीम ने जालूपुरा, विश्वकर्मा और मुहाना में ड्रग्स माफिया और शराब माफियाओं पर शनिवार को कार्रवाई की। पुलिस ने उनके कब्जे से एमडी, स्मैक और अवैध हथकड शराब बरामद की है।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सीएसटी टीम ने जालूपुरा में एमडी तस्कर मंदसौर मध्यप्रदेश निवासी राजेश कुमार, रघुवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से 9 ग्राम 70 मिलीग्राम एमडी और परिवहन के लिए काम में ली गई पावर बाइक बरामद कर ली। आरोपी एमडी मध्यप्रदेश से 1500 रुपए में खरीदकर लाते है और जयपुर शहर के आस-पास स्थित होटल व बीयर बारं में 4 हजार रुपए प्रतिग्राम के हिसाब से बेचते है। पुलिस ने दूसरी कार्रवाई विश्वकर्मा में करते हुए करधनी निवासी धीरज तिवाड़ी उर्फ मोनू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से 6 ग्राम स्मैक बरामद की। आरोपी ने बताया कि वह स्मैक विद्याधर नगर निवासी अजय स्वामी से स्मैक लेकर आता है, जो स्मैक का बड़ा पैडलर है। वह स्मैक 300 रुपए प्रति टोकन के हिसाब से बेचता है और विश्वकर्मा जयपुर का हार्डकोर अपराधी है। आरोपी के खिलाफ मारपीट, चोरी, डकैती, आर्म्स एक्ट सहित 22 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने मुहाना में कार्रवाई करते हुए मदरामपुरा मुहाना निवासी ज्योति देवी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से 10 लीटर अवैध हथकड़ शराब बरामद कर ली। वहीं मुहाना में शिवदासपुरा निवासी रामफूल मीणा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से अवैध शराब बरामद कर ली।

# मौसम में बदलाव के कारण बुखार-जुकाम के मरीज बढ़े

**जयपुर** । सुबह-रात में गलन और दिन में हल्की गर्मी से घर-घर वायरल फीवर के मरीज बढ़ने लगे हैं। खांसी, जुकाम और बुखार की परेशानी के साथ रोजाना सैकड़ों बच्चे प्रदेश के सरकारी व निजी अस्पतालों में पहुंच रहे हैं।

पिछले एक पखवाड़े के दौरान अस्पतालों के आउटडोर में इन बीमारियों के मरीजों की संख्या करीब 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है। विशेषज्ञों के अनुसार साधारण वायरल फीवर में भी ऑक्सीजन में गिरावट हो सकती है। ऐसे में लक्षण नजर आते ही इसकी जांच भी आवश्यक है। बुखार के साथ थकान भी इसका मुख्य लक्षण है। राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.सुधीर भंडारी के अनुसार वायरल फीवर के साथ ऑक्सीजन सेचुरेशन में कमी को हैप्पी हाइपोक्सिया कहा जाता है। लक्षण नजर आते ही इसकी जांच कर तुरंत इसका उपचार करवाना चाहिए। समय पर इलाज नहीं होने पर यह खतरनाक हो सकता है। उन्होंने बताया कि वायरल फीवर आजकल कई तरह के होने लगे हैं। कोविड और स्वाइन फ्लू होने पर शुरू के दो तीन दिन मरीज को ऑक्सीजन कम होने का पता ही नहीं चलता।

# रामबाग गोल्फ क्लब में सरकारी जमीन से अवैध निर्माण ध्वस्त किए जे.डी.ए. ने

## अवैध निर्माण हटाने के लिए प्रवर्तन शाखा ने 7 दिन पूर्व दिया था नोटिस



**जयपुर** (कासं)। रामबाग गोल्फ क्लब में जयपुर विकास प्राधिकरण (जे.डी.ए.) ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। रामबाग गोल्फ क्लब एरिया में बने अवैध निर्माण को जे.डी.ए. की प्रवर्तन शाखा के अधिकारियों ने जे.सी.बी. मशीन की मदद से ध्वस्त कर दिया। यह अवैध निर्माण करीब 2500 वर्ग फीट का था, जो जयपुर विकास प्राधिकरण की जमीन पर किया गया था।

सूत्रों की मानें तो जे.डी.ए. की सरकारी जमीन पर गोल्फ क्लब द्वारा अवैध अतिक्रमण कर लिया गया था। इसको लेकर प्रवर्तन शाखा ने गोल्फ क्लब प्रशासन को 7 दिन पहले नोटिस जारी किया था। नोटिस के बावजूद गोल्फ क्लब प्रशासन ने सरकारी जमीन पर बने अतिक्रमण को नहीं हटाया।

इस पर शनिवार सुबह साढ़े 10 बजे जे.डी.ए. की टीम मौके पर पहुंची और तोड़फोड़ शुरू की। बताया जा रहा है कि करीब दो घंटे तक चली कार्रवाई में गोल्फ क्लब द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा और अतिक्रमण कर बनाए गए टीनशेडनुमा कमरों को ध्वस्त किया गया। उधर जे.डी.ए. के अधिकारियों ने बताया कि करीब 500 वर्गगज सरकारी भूमि से कब्जा और अवैध अतिक्रमण हटाया गया है। सूत्रों की मानें तो रामबाग गोल्फ क्लब प्रशासन ने सेंट्रल पार्क में बने गांधी दर्शन म्यूजियम से सटी जमीन पर तीन हॉल और टीन शेड की मदद से अवैध निर्माण किया था। इसके साथ ही कार सर्विस को लेकर भी सर्विस पॉइंट तैयार हुए थे, जिन्हें जेडीए ने ध्वस्त किया है।

# डॉ. राजेन्द्र आचार्य सम्मानित

**जयपुर** (कासं)। रिसर्च सोसाइटी ऑफ़ होमियोपैथी लखनऊ की ओर से दो दिवसीय तृतीय अंतर्राष्ट्रीय होम्योपैथिक कॉन्फ्रेंस का शनिवार को शुभारंभ हुआ। इस अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान कलकत्ता के निदेशक डॉ. सुभाष सिंह, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग के सदस्य डॉ. आनन्द चतुर्वेदी, डॉ.रामजी सिंह अध्यक्ष ने जयपुर में पद स्थापित वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. राजेंद्र कुमार आचार्य को होम्योपैथी चिकित्सा क्षेत्र में अपने विशेष कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में करौली में पदस्थापित वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक डॉक्टर राजेन्द्र शर्मा, होम्योपैथिक यूनिवर्सिटी के होम्योपैथी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर प्रमोद कुमार सिंह को भी सम्मानित किया गया। सेमिनार में 600 होम्योपैथी चिकित्सकों ने भाग लिया। सेमिनार में उत्तर प्रदेश में आयुष मंत्रालय के मंत्री माननीय दया शंकर मिश्र "दयालु" ने सेमिनार अध्यक्ष तथा डॉ रामजी सिंह विशिष्ट अतिथि थे। डॉ. रामजी सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा खोले गए नये होम्योपैथी कॉलेजो में प्रवेश प्रवेश परीक्षा के लिए कहा।

## सार-समाचार

### अजय यादव ने की छात्राओं की सराहना



**जयपुर** । राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय घाटगेट जयपुर में व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत बाल कौशल मेले का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडल आर्ट एंड क्राफ्ट के कलाकृतियो का प्रदर्शन किया गया। साथ ही ब्यूटी एंड वैलनेस, मेहंदी, टाई एंड डाई, मिट्टी के बने कलाकृतियो, योगासन, फैशन आदि के बारे में दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा सिखाया गया। मेले में मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए लोकल से वोकल अभियान के तहत विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के कौशल सिखाए जाने चाहिए ताकि वह अपने पारंपरिक कार्यों को समझे और उसका महत्व जान सके। अपने रोजमर्रा के छोटे-मोटे काम भी कर सके तो देश को कहीं ना कहीं मजबूती मिलेगी। इस दौरान रवि जोशी प्रधानाचार्य सुनीता दायमा, राकेश शर्मा, वेद प्रकाश एवं समस्त स्टाफ के उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### 300 महिलाओं को बांटे प्रशस्ति पत्र

**जयपुर** । हैरिटेज नगर निगम जयपुर की ओर से शनिवार को परशुराम उद्यान में नारी शक्ति वंदन समारोह आयोजित हुआ। समारोह में गौ-सेवक व भाजपा के प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक रवि नैय्यर ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान अन्नपूर्णा रसोई संचालिका सुशीला कंवर व प्रियंका शेखावत ने स्वयं सहायता समूह से आ रहे परिवर्तनों के बारे में अपने विचार साझा किये। स्वयं सहायता समूह की लगभग 300 महिलाओं को संबोधित करते हुए रवि नैय्यर ने कहा कि नारी की समाज के हर क्षेत्र में एक अहम भूमिका रहती है। हर नारी में एक अद्भुत क्षमता होती है जिसके चलते वह परिवार व समाज में अपनी जिम्मेदारियां को पूर्ण रूप से निभाती है। आज के समय में महिलाओं व बालिकाओं को आधिकाधिक प्रोत्साहन की जरूरत है क्योंकि एक नारी का सम्मान समाज व देश के सम्मान के बराबर होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह सपना है कि देश के हर व्यक्ति को रोजगार मिले व देश के हर कोने में बैठे हुए व्यक्ति को मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली,पानी, शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा, गैस, पैंशन सहित हर जरूरतमंद को मिले। छोटे मझले व्यापार व धन्धों के लिए ऋण मिले व सभी योजनाओं का लाभ हर वर्ग व समुदाय को मिले।

### 470 कर्मचारियों ने करवाया पंजीयन

**जयपुर** । नगर निगम ग्रेटर जयपुर में नमस्ते योजना के तहत तीन दिवसीय 7 फरवरी से 9 फरवरी 2024 तक तीन दिवसीय शिविर लगाया गया। जिसमें सीवर एवं सेप्टिक टैंक क्लीनिंग वर्क्स में कार्यरत 470 कर्मचारियों की पंजीयन, प्रोफाईलिंग की गई। आयुक्त नगर निगम ग्रेटर रूकमणि रियाड़ ने बताया कि नमस्ते योजना के तहत लालकोठी स्थित गैराज शाखा में 3 दिवसीय कैम्प 07 फरवरी से 09 फरवरी 2024 तक कैम्प लगाया गया। जिसमें कुल 470 सीवर एवं सेप्टिक टैंक क्लीनिंग वर्करर्स को नमस्ते योजना से जोड़ा गया। उन्होंने बताया कि प्रातः 10.30 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक सीवर एवं सेप्टिक टैंक क्लीनिंग वर्करर्स की प्रोफाईलिंग की गई। जिसमें जोन, वार्ड में सीवर जेटिंग मशीनों, सीवर कार्य एवं सेप्टिक टैंक क्लीनिंग वर्क्स से जुड़े हुए समस्त सरकारी एवं निजी कर्मचारियों का पंजीयन, प्रोफाईलिंग में आधार कार्ड के साथ पंजीयन किया गया। उक्त पंजीयन के पष्चात् नमस्ते योजना से जोड़े गये सीवर एवं सेप्टिक टैंक क्लीनिंग वर्क्स को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के लाभ प्रदान किये जाएंगे।

### महिला से दुष्कर्म करने का प्रयास

**जयपुर** । भट्टा बस्ती इलाके में एक महिला ने मकान मालिक पर रेप का प्रयास करने का मामला दर्ज करवाया है। घर दिखाने के बहाने किराएदार महिला को घर के अंदर ले गया। विरोध करने पर आरोपी ने उसे लात-घूंसों से पीटा। थाने में पीड़िता ने आरोपी मकान मालिक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि भट्टा बस्ती निवासी 37 वर्षीय एक महिला ने मामला दर्ज करवाया कि गुरुवार देर शाम वह घर पर पानी भर रही थी। मकान मालिक का बेटा किराए लेने के बहाने घर आया। बोला- मेरे साथ चलकर मम्मी को किराया खुद ही दे दो। बाइक पर बैठा कर वह अपने दूसरे घर ले गया। घर दिखाने के बहाने अंदर ले जाकर गेट बंद कर लिया।

### केन्द्रीय कारागार का औचक निरीक्षण

**जयपुर** । राजस्थान की राजधानी जयपुर में पुलिस उपायुक्त (पूर्व) ज्ञानचंद यादव एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) अलका विश्नोई ने शनिवार को केंद्रीय कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने कारागार में सुरक्षा, कैदियों के बैरक, ड्यूटी पर नियोजित कार्मिकों सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं एवं इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने सभी बैरक की तलाशी ली। तलाशी के दौरान निरीक्षण दल को किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली।

### अपहरण कर डेढ़ लाख रुपए वसूले

**जयपुर** । शिवदासपुरा थाना इलाके में दो दोस्तों का अपहरण कर कार सवार बदमाशों ने मारपीट कर ऑनलाइन खातों में डेढ़ लाख रुपए डलवा लिए। पीडित ने इस सम्बंध में थाने में मामला दर्ज करवाया है। जांच एसआई जगदीश प्रसाद ने बताया कि मलारना डूंगर निवासी मनमोहन मीणा ने मामला दर्ज करवाया कि वह अपने दोस्त अभिषेक के साथ कार से जा रहा था। इसी दौरान 19 मील के पास जीप सवार बदमाशों ने गाड़ी आगे लगाकर उन्हें रोका और मारपीट कर दोनों को जीप में बैठा लिया। इसके बाद बदमाश कई घंटों तक उन्हें गाडी में घुमाते रहे। मनमोहन के मोबाइल से अपने साथियों को ऑनलाइन 79 हजार रुपए डलवा लिए। इसके अलावा अभिषेक के मोबाइल से 75 हजार रुपए डलवा लिए। आरोपियों ने मारपीट के बाद उन्हें रिंग रोड पर छोड़कर भाग छूटे।

# न्यू ट्रांसपोर्ट नगर की समस्याएं बताईं

**जयपुर** । सीकर रोड पर हरमाड़ा के नजदीक न्यू ट्रांसपोर्ट नगर में रेट घटाने, वंचित रहे ट्रांसपोर्टर्स के लिए नई लॉटरी निकालने, ट्रांसपोर्ट नगर के विकास कार्यों एवं सेवापुरा कचरा डिपो को हटाने की मांग को लेकर विश्वकर्मा ट्रांसपोर्ट यूनियन ने शनिवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से मुलाकात की।

ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को बताया कि वर्ष 2004 में ट्रांसपोर्ट नगर में 1111 की रेट में जे.डी.ए. ने प्लॉट आवंटित किए थे। बाद में जे.डी.ए. प्रशासन ने कीमतें बढ़ाकर सीधे 13 हजार 500 रुपये कर दी। सभी ट्रांसपोर्टर चाहते हैं कि जे.डी.ए. पुरानी दर 1111 में ट्रांसपोर्टों को भूखंड़ आवंटित करे और वंचित रह गए ट्रांसपोर्टरों के लिए नई लॉटरी निकालकर जमीन दे।

वरिष्ठ ट्रांसपोर्टर पंकज गोयल ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर बी ब्लॉक में बिजली, पानी और रोड की व्यवस्था इतने सालों में भी नहीं हो पाई है। इस कारण ट्रांसपोर्टर्स में रोष है, जे.डी.ए. प्रशासन से कई बार आग्रह किया जा चुका है कि जल्द से जल्द ट्रांसपोर्ट नगर में विकास कार्य चालू करवाए। उन्होंने कहा कि न्यू ट्रांसपोर्ट नगर विकसित होने से रोड नंबर 14 सीकर रोड का ट्रैफिक जाम भी खत्म हो जायेगा। हरमाड़ा के नजदीक जहां पर न्यू ट्रांसपोर्ट नगर बसाया गया है, वहां पर सेवापुरा कचरा प्लांट के कारण दुर्गंध और गंदगी का आलम रहता है। स्थानीय निवासियों एवं व्यापारियों में बीमारी का डर बना रहता है इस कचरा प्लांट को भी जल्द से जल्द सरकार हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट करें। इस मौके पर विश्वकर्मा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष जगदीश चौधरी, महासचिव विजय शर्मा, न्यू जयपुर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेंद्र सैनी, पूर्व मंत्री पंकज गोयल, वरिष्ठ ट्रांसपोर्टर मनोहर सिंह राठौड़, पूर्व संगठन मंत्री भंवर सिंह राम सिंह मौजूद थे।

## घट स्थापना के साथ गुप्त नवरात्र शुरू

**जयपुर** । माघ शुक्ल प्रतिपदा पर शनिवार को शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ शक्ति की आराधना का पर्व गुप्त नवरात्र शुरू हुआ। शिला माता, मनसा माता, रूद्र घंटेश्वरी, काली माता,वैष्णो माता सहित देवी के अन्य मंदिरों में शुभ मुहूर्त में घट स्थापना कर अखंड ज्योत प्रज्जवलित की गई। इस बार गुप्त नवरात्र में पूरे नौ दिन रहेंगे। इसमें विभिन्न योग और नक्षत्रों का शुभ संयोग रहेगा। ज्योतिषाचार्य पं. महेन्द्र जोशी ने बताया कि इन 9 दिनों में पांच रवि योग, दो सर्वार्थ सिद्धि, दो अमृत सिद्धि, एक त्रिपुष्कर रहेंगे।

# शुभ्रा सिंह ने किया महिला चिकित्सालय का निरीक्षण

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर चिकित्सा विभाग एक्शन मोड पर आया

**जयपुर** । प्रदेश के अस्पतालों में सुदृढ़ चिकित्सा प्रबंधन के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह के निर्देशों पर लगातार आकस्मिक निरीक्षण किए जा रहे है। शनिवार को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जयपुर शहर के मुख्य राजकीय अस्पतालों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने शनिवार सुबह सांगानेरी गेट स्थित महिला चिकित्सालय का सघन निरीक्षण किया। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त शिवप्रसाद नकाते ने जे.के. लोन अस्पताल और चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव इकबाल खान ने जयपुरिया अस्पताल में निरीक्षण किया।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने प्रातः 9.30 बजे महिला चिकित्सालय पहुंचकर बायोमैट्रिक उपस्थिति, जनरल वार्ड, आईसीयू, नवजात गहन चिकित्सा इकाई, ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर, निःशुल्क दवा काउंटर, आपातकालीन इकाई, प्रसव कक्ष, स्वागत-पूछताछ कक्ष, एसटीपी प्लांट, पार्किंग जोन, प्रयोगशाला, रसोई एवं शौचालयों सहित अस्पताल परिसर में स्थित सभी सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान मरीजों एवं उनके परिजनों से भी अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में बातचीत की। परिजनों ने बताया कि अस्पताल में चिकित्सा व्यवस्थाएं पहले से बेहतर हुई है। शुभ्रा सिंह ने ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लंबी लाइन देखकर काउंटर की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य इकाई के शौचालयों में लीकेज की समस्या का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण की खामियों की समीक्षा के लिए अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने अस्पताल परिसर में ड्रेनेज एवं सीवरेज व्यवस्था सुधारने तथा नए वाटर कूलर लगाए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाए। शौचालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई के लिए प्रदेश के अस्पतालों में शुरू की जा रही क्यू आर कोड की व्यवस्था शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए। सिंह ने रोगियों को भोजन उपलब्ध करवाने के लिए संचालित रसोई घर का अवलोकन कर वहां साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने अस्पताल में चल रहे निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए और कहा कि अस्पताल में मरीजों एवं परिजनों की सुविधा के दृष्टिगत जरूरी कार्य राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी के माध्यम से शीघ्र करवाए जाएं। जिन कार्यों के लिए अधिक बजट की आवश्यकता हो उनके प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाएं। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की आमजन को जानकारी के निर्देश दिए।

# 'ताजेवाला हैड से झुंझुनूं की सीमा पर आने वाले पानी का हिस्सा आज तक नहीं मिला'

**जयपुर**, (का.सं.)। यमुना जल हमारा हक आंदोलन समिति शेखावाटी के संयोजक सहीराम चौधरी एडवोकेट ने प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि वर्ष 1994 में केन्द्र सरकार ने पांच राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तरप्रदेश दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान के बीच यमुनाजल के बँटवारे को लेकर एक समझौता करवाया था। राजस्थान के अलावा अन्य चार राज्यों में अपने हक़ का पानी ले लिया है। लेकिन ताजेवाला हैड से (हरियाणा) से झुंझुनूं की सीमा पर आने वाले पानी का हिस्सा हमें आज तक नही मिला है। यह प्रोजेक्ट शेखावाटी के तीन जिलों (सीकर, झुंझुनूं, चुरु) के लिए बनी है। अब स्थिति यहाँ एक पहुँच गई है कि 2 साल बाद कृषि तो दूर, पीने का पानी भी हमें नहीं मिलेगा।

उन्होंने कहा कि शेखावाटी के लोग पलायन करने को मजबूर हैं। ऐसी स्थिति में यमुना जल हमारा हक आन्दोलन समिति बनाकर हमने एक जन आंदोलन 15 महीने से छेड़ रखा है और यह आंदोलन उग्र रूप लेने जा रहा है। हमने राज्य व केंद्र सरकार को उस स्थिति से अवगत करवा दिया है। एक यह एक अत्यंत ही ज्वलंत मुद्दा है, जिसको राज्य व केंद्र स्तर तक आपके माध्यम पहुँचाना ही हमारा उद्देश्य है।


आशा है जनहित में हमारी मदद करेंगे और उस मुद्दे को पुरज़ोर ढंग से उठायेंगे ताकि मानवता व कृषि से जुड़ा हुआ यह प्रोजेक्ट पूरा हो सके। हाल ही हमने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व केंद्रीय जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाक़ात की। यमुना जल के मुद्दे पर शेखावत व मुख्यमंत्री का रुख़ अत्यंत ही पॉजिटिव था और उन्होंने इस सम्बन्ध में कार्यवाही को आगे बढ़ा कर जल्दी ही शेखावटी के हित में निर्णय करने का भरोसा दिलाया। अतः हम आशान्वित होते हुए भी अपने आंदोलन को आपके व जनता के माध्यम से जारी रखेंगे क्योंकि हम तीस साल से धोखा खाते आ रहे हैं लेकिन अब हमारा दृढ़ निश्चय है और केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से अपना ये हक़ लेकर रहेंगे।

आज की प्रेस वार्ता में यमुना जल हमारा हक़ आंदोलन समिति के संयोजक सही राम चौधरी के साथ पी. आर घायल, सी.आर झाजड़िया, शालिनी तोमर गर्षा, मदन सिंह फानडन आदि मौंजूद रहे।



यमुना जल हमारा हक आंदोलन समिति शेखावाटी के संयोजक सहीराम चौधरी एडवोकेट ने शनिवार को प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता की। उनके साथ पी. आर घायल, सी.आर झाजड़िया, शालिनी तोमर गर्षा और मदन सिंह फानडन भी मौजूद थे।

- **यमुना जल हमारा हक आंदोलन समिति शेखावाटी के संयोजक सहीराम चौधरी ने बताया कि अब स्थिति यहाँ एक पहुँच गई है कि 2 साल बाद कृषि तो दूर, पीने का पानी भी हमें नहीं मिलेगा**



## International Day of Women and Girls in Science

In 2015, the United Nations General Assembly made the decision to establish 'International Day of Women and Girls in Science' to bring forward and promote the vital role that women play in the field of science. Since women account for just around 35% of workers in the various STEM (Science, Technology, Engineering and Mathematics) fields, it is necessary that parents, teachers and schools begin to include girls in these disciplines at a younger age. 'International Day of Women and Girls in Science' promotes full and equal access and participation in science, through education, opportunities, finances and more.

राष्ट्रदूत
SUNDAY
11 February 2024
A-B

#THEATER

# CELEBRATING EVERLASTING LOVE

Relive the poignant tale of '*Better Half*,' where audiences were immersed in the timeless love saga of Prashant and Sudha Chatterjee. Through captivating performances and powerful storytelling, this theatrical masterpiece explored themes of love, sacrifice, and resilience, leaving a lasting impact on all who witnessed it.





Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

Imagine this scene. A serene lakeside bench, where an elderly couple, still deeply in love after three decades of marriage, sit together. The timeless Bollywood melody '*Tere Bina Zindagi se Koi Shikwa Toh Nahi*' softly fills the air. Just in time for Valentine's Day, Jawahar Kala Kendra presented a moving narrative of enduring love in their fortnightly theater series, titled '*Better Half*.' The play follows the evocative journey of Prashant and Sudha Chatterjee, a quintessential elderly *Bengali* couple. Neeti Shrivastava's portrayal of Sudha captivated the audience with her 'authentic *Bengali* mannerisms and dialogue delivery.'

Artists from *Chetna Rang Samuh* brought to life this touching tale on stage, conceptualized, written, and directed by Ashish Shrivastava. This pioneering play in Rajasthan seamlessly blended a spectrum of emotions including love, compassion, separation, selfishness, and selflessness.

The storyline intricately weaves through the everyday routines of Prashant and Sudha Chatterjee, capturing the essence of a typical household couple. From Sudha's gentle reminders to count the clothes before sending them for ironing to Prashant's sweet tooth indulgences curtailed by Sudha due to his diabetes, their lives are depicted with authenticity. Meanwhile, their son, Rahul, resides in another city, adding a layer of distance to their familial bonds. However, the stability of their routine is abruptly disrupted when Sudha's health takes a sudden and serious downturn. Despite her initial reluctance, both Prashant and Sudha are compelled by medical advice to consider surgery as a potential solution. Tragically, the surgical procedure results in Sudha's untimely demise, leaving Prashant to confront the overwhelming weight of his grief alone.

In a masterful stroke of direction, the play navigates between illusion and reality as Prashant immerses himself in memories of Sudha, even imagining her presence. Gradually, Sudha's spirit guides Prashant to understand that she lives on within him, symbolically sharing his body as his 'better half.'

The heart-wrenching revelation of Sudha's death due to hospital negligence propels Prashant into a legal battle, fueled by his modest savings. After a protracted struggle, he emerges victorious, securing a compensation of 20 lakhs. True to Sudha's selfless nature, Prashant distributes the funds to those in need.

Rajeev Shrivastava delivers a 'poignant' portrayal of Prashant, while Neeti Shrivastava embodies Sudha with 'grace.' Vivek Tripathi brings depth to the character of Rahul, supported by a talented ensemble including Gaurav Jodha, Sunita Ahire, Ashish Ojha, and Utkarsh Khare.

Kamal Jain's conceptualization, Dinesh Nayar's set design, Ashish Ojha's stage management, Pallavi Shrivastava's costume design, and Ashish Shrivastava's makeup collectively contribute to the play's immersive storytelling experience.







Usha Uthup is, undoubtedly, *the queen of Indian pop*, who did not have to 'westernise' herself to become a famous household name. Infact, she pioneered the ethnic Indian look, complete with *sari*, *bindi* and lots of flowers in that single signature plait, flowing down her broad back. She created the very innovative *bindi* by turning the Bengali letter 'Kaw' (the first Bengali alphabet that spells out 'Kolkata') and using it to decor her forehead, to justify her personal tribute to the city in which she has lived in, for decades together. It is her 'unique style statement' for her song, *Kolkata, Kolkata Kolkata*.

# LENDING 'NIGHTCLUB SINGING' A DIGNITY

Dr. Shoma A. Chatterji
*Film scholar, journalist & author*

Usha Uthup has just been bestowed with the *Padma Shri* by the Government of India on Republic Day, 2024. But shouldn't this title have come much earlier than now? She has been shaking up the musical world for many years, now and at 76, is still going as strong as ever. Infact, one can safely state that it is the *Padma Shri* that has been enriched by her name than the other way round. She has given music a completely 'new identity,' not just musically and through her gruff voice and musical talent, but by changing the visual identity of nightclub music.

Usha's concert tours have taken her to USA, Hong Kong, Singapore, Japan, Nepal, Bangladesh, Sri Lanka, Mauritius, Mombasa, Nairobi, UK, Vienna, Dubai, Doha, Bahrain, Sharjah, Muscat, Kuwait, South Africa, Russia, Fiji Islands and Canada, where she brought 50,000 to their feet! Her Ukrainian and Kazakh songs touched the hearts of all. She also sings in several Indian languages such as Hindi, Punjabi, Bengali, Assamese, Oriya, Khasi, Gujarati, Marathi, Konkani, Malayalam, Kannada, Tamil and Telugu. An international personality, Usha, sings in French, German, Italian, Sinhalese, Swahili, Roasian, Nepalese, Arabic, Creole and of course, English.

Usha Uthup or '*Didi*,' as she is often referred to, was brought up in the bustling metropolis of Bombay (then). She was never trained in music formally and in her first ever music class, she was turned out because the music teacher felt that her voice was not suited to singing! But she insists that her 'passion for music' was present right from the moment she uttered her first words.

"I am deeply indebted to my two siblings, Indira and Uma, who taught me that it is extremely important to be a good listener, if one wanted to be a good singer. They later came to be known as *The Sami Sisters*, who began performing way back in the fifties. We had this family trait of doing things together and this included music and singing. We would go on picnics and would look forward to summer vacations, a big thing in life, where our wants were very little. We were given two pairs of shoes, one black and one white, two sets of uniforms and that was it."

> I got up and began to sing 'Caesar.' That was my very first public performance. I sang two more songs. The applause was thunderous and I went on to sing for an hour. The owner asked me if I would sing for a week and instead of cash, he gave me a beautiful *Kanjivaram sari*.

Usha Uthup is, undoubtedly, *the queen of Indian pop*, who did not have to 'westernise' herself to become a famous household name.

Talking of old days, Usha says, "Contrary to popular notions about my beginning of career at Park Street, my singing began in Chennai and not in Kolkata. It happened by chance. We had gone to Chennai to visit an aunt. One evening, she took us for a treat at the Nine Gems. This was a sort of a restaurant-cum-nightclub place, set in a multiplex, comprised of three theatres, Blue Diamond, Sapphire and Emerald. There was a band playing. My aunt told me, "Why don't you get up and sing?" I got up and began to sing '*Caesar*.' That was my very first public performance, beyond my school concerts. I sang two more songs. The applause was thunderous and I went on to sing for an hour. The owner asked me if I would sing for a week and instead of cash, he gave me a beautiful *Kanjivaram sari*. Fresh demands began to pour in from several quarters, The Golden Bowl at the Savera Night Club, and then at the Ritz Hotel, followed by a small nightclub called The Little Heart, where I sang for two weeks under a proper contract. I must have just stepped into my 20s. It was an awesome experience."



USHA UTHUP AND VICTOR BANERJEE IN *BOW BARRACKS FOREVER*.

## #USHA UTHUP



"Because of my nightclub singing, my name soon reached Kolkata. I sang *Fever* for my first performance at Trincas, a famous restaurant at Park Street. Those were the days when Junior Statesman, a weekly tabloid, was a hot favourite among youngsters. It gave me a very good write-up. I have never ever had a bad press. I listened to a lot of jazz, Frank Sinatra, Barbra Streisand, Feliciano, etc. Fortunately, my arrival on the nightclub music scene coincided when India was desperately waiting to come out of its musical straitjacket. Here was a woman stepping into the nightclub scenario, where the audience was composed mostly of men. With a lady stepping in to sing, many men began to come with their wives and children and the ambience began to change. It is thrilling to remember and realise that I was actually a part of this wonderful socio-cultural revolution. The *Kanjivaram saris*, the *big bindi* on the forehead, the flowers in my hair, and the long plait, hanging down my back, spelt out '*Indianness*' in every sense. I have often been asked by people, why can't they dress like you?"

Asked to go into the nostalgia mode and remember her Park Street days, Usha says, "Park Street, at the time I began my professional career, was magnificient. The streets would be washed every day and the gas lamps would light up in the evenings. I was very young and I found it all very fascinating. Well-dressed men and women, belonging to the sophisticated, English-educated elite, would drive down in lovely limousines, driven by liveried chauffeurs, who would gently open the door for his employers and would even bow. It somehow carried the colonial air of British legacy. It was probably the most *cosmopolitan area* in the whole city, much less crowded and buzzing with the loud noise of traffic that one encounters today. Then, the customers were executives of big companies or affluent people from the aristocracy. Today, with the migration of ethnic minorities like the Anglo-Indians, the Parsis, the Jewish community and the Armenians away to distant shores, Trincas and other well-known nightclubs and eating places along Park Street are host to more *Bengalis* and *Marwaris*, and of course, more youngsters than there used to be, earlier. Park Street has been reborn, recently, in a *new avatar*, ever since the ruling party has been wooing capitalists from beyond the State and country, to come to the city and raise its stock. The range, variety and colour of customers have changed. But as I said earlier, I am the same and both, Trincas and Park Street, mean the same to me, as they did in the late 1960s."

Usha was shocked when she was asked to get a license to sing at a nightclub, when she landed the contract with Trincas. She had to get special police permission because there was this belief that 'you would sit at tables to solicit.' She applied for a license at *Lalbazar* and her real career in 'nightclub singing' began. Slowly, the taxes went up for the restaurateurs and nightclub owners, which brought about a decline in live music, being performed at night. At a princely sum of Rs.1500.00 per month, she was the *highest paid person at Trincas*. This was way back in 1969 and she was very happy with whatever she got.

"Something else happened during this time. On the very first night I sang at Trincas, I met my husband. He was working for J. Thomas & Co. at that time. He is a Malayali while I am a Tamilian. We met, fell in love and married in 1971. He was transferred to Cochin, soon after and we shifted there. We had two children, a boy and a girl, in Cochin. By then, I had broken the stigma attached to 'nightclub singing.' I have been blessed with an extremely supportive family and a very loving husband, who never interferes but supports me, all the way," she says, flashing her captivating smile.

> "Something else happened during this time. On the very first night I sang at Trincas, I met my husband. He was working for J. Thomas & Co. at that time. He is a Malayali while I am a Tamilian. We met, fell in love and married in 1971."

Albums like '*Down Memory Lane with Usha Uthup*,' a collection of very interesting tracks, is Usha's tribute to the good old days. These are the numbers that contributed towards popularity in the late 70s and early 80s. The most memorable of them all are Love story, Listen to the falling rain, Hotel California, Killing me softly and We'll meet again. Usha began her own recording studio in Kolkata in 1982 called *Studio Vibrations*. It occupies an area of 2400 sq. feet of floor area and is fully air-conditioned. Besides a canteen facility, it has two rhythm and voice booths, fully equipped with balanced inputs for all electrical equipments, stereo headphones, etc. In 2006, Usha broke new ground by acting in *Pothan Vava*, with wonderful actors like Mammootty and Nedumudi Venu.

"It is not as if I always sing for money." she says, adding, "I have sung for charitable causes as well. Among these are The Red Cross, SPASTIC society of India, Mother Teresa related charities, cancer institutes, schools for the blind, old age homes, government charity drives and various drought and flood relief funds. I have worked extensively for service organizations like the Rotary, Lions, Jaycees, Giants, SPCA etc. at national and international levels." She also acted in a few films like the Malayalam movie, *Pothan Vava* in 2006, a cameo appearance in *Bombay To Goa*, appearing as herself in Anjan Dutt's film, *Bow Barracks Forever*, the Tamil movie *Manmadan Ambu* in 2010 and in Vishal Bhardwaj's *7 Khoon Maaf*, as a maid, in 2011. She has also sang a song in the film. In 2012, she was starred in a Kannada film, *Parie*.

Usha Uthup is, undoubtedly, *the queen of Indian pop*. Infact, she pioneered the ethnic Indian look, complete with *sari*, *bindi* and lots of flowers in that single signature plait, flowing down her broad back. She created the very innovative *bindi*, by turning the Bengali letter 'Kaw' (the first Bengali alphabet that spells out 'Kolkata') and using it to decor her forehead, to justify her personal tribute to the city in which she has lived in, for decades together. It is her 'unique style statement' for her song, *Kolkata, Kolkata Kolkata*.

She invested 'nightclub singing' in the country with dignity and respect, is still going strong, exploring new avenues such as composing music for the film *Lovesongs: Yesterday, Today and Tomorrow*, directed by the late Jayabrato Chatterjee, with a score that is as rich, aesthetic and versatile as Usha, herself.

rajeshsharma1049@gmail.com




USHA UTHUP AND PARNO MITTRA IN *EIGHT TO EIGHT* BENGALI FILM.

#NEUROSCIENCE

# Boosting Brain Connectivity, Learning, and Memory

Recent neuroscience research helps explain why, when it comes to learning and remembering, 'writing by hand' is better than 'typing with a keyboard.'






The pen is truly mightier than the keyboard.

Research has long indicated that 'writing by hand' carries significant benefits over 'typing with a keyboard,' especially when it comes to learning, remembering, and creativity. Now, researchers from Norway may have discovered exactly why that is the case by investigating the underlying neural networks involved in both, writing and typing.

"We show that when writing by hand, brain connectivity patterns are far more elaborate than when typewriting on a keyboard," writes Audrey van der Meer, a brain researcher at the Norwegian University of Science and Technology and co-author of the study. "Such widespread brain connectivity is known to be crucial for memory formation and for encoding new information and, therefore, is beneficial for learning."

How can this knowledge help you? To help answer that question, let's dive more deeply into the research and see how you can apply these discoveries to your work.

### How writing by hand helps you learn

For the study, 36 university students were repeatedly prompted to either write or type words, as they appeared on a screen. They either wrote in cursive on a touch screen using a digital pen or used a single finger to type on a keyboard. Researchers used a high-density electroencephalogram (EEG), a test that measures electrical activity in the brain, to determine results. When participants wrote by hand, the researchers observed that connectivity of different brain regions increased. This did not occur when they typed. The researchers concluded, therefore, that the process of forming 'letters by hand' resulted in greater 'brain connectivity' and promoted 'learning.'

For example, kings in ancient Israel were required to write a copy of the law by hand. In doing so, they, not only learned the intricacies of the law but also were enabled to better understand it and remember it.

In modern times, business copywriters use the same technique to improve their ability to write with persuasion. By transcribing successful advertisements from other famous copywriters, they internalized standard copywriting principles, thereby improving their writing abilities.

So, how can you use this knowledge to your advantage?

Follow the rule of writing.

The rule of writing says that if you want to clarify your thinking, remember something important, or communicate something clearly, write it down by hand. Doing so will help you slow down and think, which helps you internalize what you've written.


At the end of your writing session, try to summarize your findings in a few sentences. Write as if you were explaining the topic to a young child. The simpler you can explain the topic, the better you understand it.

So, the next time you want to better remember, learn, or understand, remind yourself:

*Don't type. Write.*

Doing so will help you slow down and think, enabling you to leverage more of your brain and your senses in the process.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# युवक की हत्या का खुलासा, युवती सहित पांच जने गिरफ्तार

## युवक की हत्या कर शव को भीण्डर हॉस्पिटल में छोड़कर भाग गये थे बदमाश

**भीण्डर/कानोड़, (निसं)।** भीण्डर हॉस्पिटल में गत दो फरवरी को अज्ञात बदमाशों द्वारा हत्या करके लाश छोड़ कर भागने वाले मामले में पुलिस ने खुलासा करके युवती सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को उदयपुर जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने मामले का खुलासा करते हुए भीण्डर व कानोड थाने की टीम द्वारा पकड़े गये आरोपियों की जानकारी दी। युवक को हनी ट्रैप में फंसाकर गिरोह के सदस्यों ने रुपयों की मांग को लेकर मारपीट की और उससे युवक की मौत होने पर भीण्डर हॉस्पिटल में छोड़ करके भागने तक मामले का पूरा खुलासा किया।



भीण्डर पुलिस ने हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

उदयपुर एसपी भुवन भूषण यादव ने बताया कि कानोड थाना क्षेत्र के बड़ा राजपुरा गांव निवासी मदनमोहन उर्फ टोनी (27) पुत्र कैलाशचंद पाटीदार जो कि कानोड रेलवे स्टेशन पर किराणा स्टोर का संचालन करता हैं और शराब के ठेकों में भी साझेदारी थी। एक फरवरी से युवक लापता था, जिसका शव दो फरवरी को भीण्डर हॉस्पिटल में मिला। मामले में युवक के पिता ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। युवक के पिता ने रिपोर्ट में बताया कि उनका बेटा कानोड रेलवे स्टेशन पर पाटीदार एजेंसी के नाम से किराणे की दुकान चलाता था। एक फरवरी की सुबह करीब नौ बजे बाइक पर दुकान गया था। शाम को घर नहीं लौटा तो फोन किया तो स्वीच ऑफ मिला। कभी-कभी दुकान पर ही रात को सो जाने के चलते परिवार ने ज्यादा नहीं सोचा। लेकिन सुबह फोन आया कि मदनमोहन भीण्डर हॉस्पिटल में हैं तो परिजन हॉस्पिटल पहुंचे। यहां मदनमोहन का शव मिला था।

एसपी ने बताया कि शव को सीएचसी भीण्डर छोड़ने वाले अज्ञात वाहन और सीसीटीवी में नजर आए युवकों पर जांच को आगे बढ़ाया गया था। वाहन मालिक रतनसिंह, उनके साथी राजू गुर्जर, पुष्पेन्द्र सिंह की पहचान कर तलाश शुरू की गई। टीम वाहन नम्बर से आरोपियों तक पहुंचने में मदद की। आरोपी घटना के बाद मुख्य मार्गों को छोडकर कच्चे रास्ते से राजस्थान से बाहर मध्यप्रदेश व गुजरात की तरफ चले गए। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश देकर धर दबोचा। गिरोह के मुख्य सरगना राजू ने साथियों से मिलकर युवक को हनी ट्रैप में फंसाने की योजना बनाई थी। राजू ने अपने साथी पुष्पेन्द्र सिंह, रतन सिंह, अनीश, साजिद के साथ मिलकर मध्यप्रदेश जीरापुर निवासी अंजू उर्फ हिना भिलाला को रुपयों का लालच देकर विशेष टास्क दिया था। युवक को फंसाने के लिए गैंग के सरगना ने अंजू को मोबाइल और सिम दिलवाया था। प्लानिंग के तहत दो फरवरी को घटना के करीब 15 दिन पहले चित्तौडगढ़ की एक होटल में अंजू और युवक को मिलवाया गया था।

एक फरवरी को अंजु (हिना) ने युवक को चित्तौड़गढ़ के आवरीमाता मंदिर बुलाया था। युवक अपने घर से बाइक सालेडा होते हुए होटल राजदीप पैलेस पहुंचा। यहां से युवती अंजु को लेकर आवरीमाता गया था। मंदिर से वापसी में अंजू को चौराहा पर छोड़ा था। प्लानिंग के अनुसार गिरोह के सदस्य साजिद ने अपने दोस्तों राजू गुर्जर, पुष्पेन्द्र सिंह, रतन सिंह के साथ रास्ते में युवक को रोका। साजिद ने अंजू को अपनी भाभी बताकर युवक को धमकी दी। कहा कि उसके साथ गलत काम करने के केस में फंसा देंगे। युवक के साथ मारपीट की। मारपीट के बाद गैंग के सदस्यों ने युवक से 6 लाख रुपए की डिमांड की। रुपए मिलने तक उसे अपने कब्जे में भी रखा। दो फरवरी की सुबह अचानक उसकी छाती में दर्द उठा। गैंग के लोग उसे इलाज करवाने के लिए भीण्डर के आरोग्यम हॉस्पिटल लेकर गए। वहां से सीएचसी भीण्डर ले जाते हुए रास्ते में युवक ने बोलना बंद कर दिया। इसके बाद बदमाश युवक

■ युवक को हनी ट्रैप में फंसाकर गिरोह के सदस्यों ने रुपयों की मांग को लेकर मारपीट की थी

को सीएचसी भीण्डर छोड़कर भाग गए। तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस भी मौके पर पहुंची। तब पिता ने हत्या का मामला दर्ज करवाया।

भीण्डर पुलिस ने गैंग का शातिर बदमाश चित्तौड़गढ़ जिले के किशन करेरी गांव का निवासी राजू उर्फ राजमल गुर्जर पुत्र बालू गुर्जर, चित्तौड़गढ़ के डूंगला थाना क्षेत्र के अरथला निवासी पुष्पेन्द्र सिंह उर्फ पप्पी सिसोदिया पुत्र निर्भय सिंह सिसोदिया, चित्तौड़गढ़ के डूंगला थाना क्षेत्र के देवीपुरा निवासी रतन सिंह उर्फ रतन देवडा पुत्र किशनसिंह देवड़ा, चित्तौड़गढ़ जिले के भदेसर थाना क्षेत्र के कन्नौज निवासी अनीश पुत्र मोहम्मद हफीज और मध्यप्रदेश के राजगढ़ थाने के जीरापुर देवनारायण कॉलोनी निवासी अंजू उर्फ हिना पत्नि शिवसिंह भिलाला को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि मामले में साजिद और अन्य की तलाश जारी है। एसपी ने बताया कि आरोपी शातिर प्रवृति के है और मानवीय कमजोरी को ध्यान में रखते हुए हुस्न का जाल बिछाकर हनी ट्रैप में फंसाकर पैसे ऐंठने का काम करते हैं।

# डकैती की योजना बनाते छह गिरफ्तार

## तीन अवैध देशी पिस्टल, छुरा व मिर्ची पाउडर बरामद



पुलिस ने डकैती की योजना बनाते छह जनों को गिरफ्तार किया।

**ब्यावर, (निसं)।** पुलिस मुख्यालय द्वारा जघन्य अपराध तथा अपराधियों के विरूद्ध जारी अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र सिंह तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु जांगिड़ के निर्देशन में मनीष चौधरी सहायक पुलिस अधीक्षक के निकट सुपरविजन में जिला स्पेशल टीम की सूचना पर राजेन्द्र ताडा उप निरीक्षक, थानाधिकारी जवाजा के नेतृत्व में छह जनों को डकैती की योजना बनाते गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार आठ फरवरी को रात्रि जिला स्पेशल टीम को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति राजियावास के पास हाईवे पर घाटी में छुपे हुए हैं तथा उनके पास हथियार भी हो सकते हैं। ये सभी किसी बड़ी वारदात की फिराक में है। उक्त घटना के बारे में जिला स्पेशल टीम ने थानाधिकारी जवाजा को अवगत करवाया। इस पर थानाधिकारी मय जाब्ता के जिला स्पेशल टीम द्वारा बताये स्थान के पास पहुंचे। जहां आसपास जांच की गई और राजियावास भीलवाडा रोड घाटी के पास पहुंचे। जहां पास ही कुछ हलचल दिखाई दी। इस पर टीम ने आसपास चारों तरफ पहाड़ों पर से घेरा दिया व देखा तो वहां झाड़ियों के बीच 6 लड़के आपस में योजना बना रहे थे। टीम जैसे ही अभियुक्तों के पास पहुंची तो सभी लड़के पहाड़ों व जंगलों में भागने का प्रयास करने लगे जिनका पहले से ही सतर्क पुलिस टीम ने पीछा करते हुए पकड़ लिया। जिनकी तलाशी में 3 देशी पिस्टल तथा 12 जिंदा कारतूस, एक छुरा, एक सरिया, रस्सा तथा मिर्ची पाउडर मिला।

सभी आरोपियों से जब इस बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि वे सभी मिल कर ब्यावर शहर में किसी सेठ के घर में डकैती करने जाना चाह रहे थे, लेकिन उनके पास गाडी नहीं थी। इसलिये हाईवे पर सुनसान घाटी ईलाके में जहां कोई वाहन धीमी गति से ही चल पाता है वहां पर किसी लग्जरी गाड़ी को रोककर चाकू की नोक पर ड्राईवर को बंधक बनाकर घाटी में पटक देंगे व गाड़ी लेकर ब्यावर में डकैती करके भाग जायेंगे। इस दौरान अगर कोई विरोध करेगा तो पिस्टल से फायर कर देंगे व आंखों में मिर्ची पाउडर डाल देंगे। बड़ी राशि लूटने के इरादे से सभी ने एक योजना बना कर सभी के काम तय कर रखे थे व योजना को पूरा कर पाते इसी से पूर्व पुलिस टीम ने सभी 6 अपराधियों को पकड़ लिया। सभी अभियुक्तों के विरुद्ध थाना जवाजा में मुकदमा दर्ज किया गया है। पकड़े गये चार अभियुक्तों के विरूद्ध पूर्व में विभिन्न थानों में चोरी, लूट व नकबजनी के कई मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस गहनता से जांच में जुटी है और भी कई वारदातों का खुलासा संभव है। अभियुक्त जितेन्द्र नायक उर्फ जीतू भाटी पुत्र श्यामलाल, राकेश प्रजापत पुत्र शिवराम, देवेन्द्र सिंह उर्फ देवा रावत, सुरजीत सिंह उर्फ रिस्की बना पुत्र नंदा सिंह आदि है।

# मासूम की मौत के बाद यू.आई.टी. प्रशासन चेता



कोटा में मासूम की मौत के बाद आक्रोशित लोग पोस्टमार्टम रूप में बाहर ही धरने पर बैठ गये, जिनसे मिलने यूआईटी के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

**कोटा, (निसं)।** सुभाष नगर इलाके के खाली प्लॉट में डूबने से मासूम की मौत के मामले में मोर्चरी के बाहर परिजनों और भाजपा पार्षदों ने हंगामा खड़ा कर दिया। मुआवजा दिलवाले व यूआईटी के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर परिजन और स्थानीय लोगों ने पोस्टमार्टम रूम के बाहर धरना दिया। परिजनों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और आक्रोश जताया।

हंगामें के बढ़ते हालत को देखते हुए पुलिस और आरएसी का जाब्ता तैनात किया गया है। सूचना मिलते ही अतिरिक्त जिला कलेक्टर बृजमोहन बैरवा यूआईटी अधिकारी और विधायक संदीप शर्मा भी मौके पर पहुंचे। विधायक संदीप शर्मा ने मौजूद यूआईटी के अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि खाली पड़े भूखंडों के मकान मालिकों को नोटिस देकर कार्रवाई करें अगर कार्रवाई नहीं हुई तो आपके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। भाजपा नेता राकेश नायक ने तो पोस्टमार्टम रूम के बाहर यूआईटी के तहसीलदार को नियम गिना दिए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यूआईटी और निगम को कई बार इस मामले में शिकायत दी जा चुकी है लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण एक मासूम की जान चली गई। पीड़ित परिवार को मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहायता राशि दो लाख और दोषी के विरुद्ध कार्रवाई के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि यूआईटी ने करोड़ों रुपए के प्लॉट तो विक्रय कर दिए लेकिन सुविधाओं के लिए कोई व्यवस्था नहीं की। खाली पड़े प्लॉट पर भू माफिया कब्जे कर लेते हैं अवैध खनन करते हैं खुदाई कर देते हैं और गहरी खुदाई में पानी भरता है जिसमें यह हादसे होते हैं। खाली पड़े प्लॉटों पर अब यूआईटी प्रशासन कार्रवाई की बात कर रहा है। खाली पड़े भूखंडों के मालिकों को 7 दिन में नोटिस जारी करने की बात यूआईटी प्रशासन ने कही है।


# युवक पर फायरिंग का आरोप

**नवलगढ़, (निसं)।** गोठडा थाना क्षेत्र में बार-बार हो रही आपराधिक घटनाएं आमजन के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। ऐसा ही मामला गोठड़ा थाना क्षेत्र के चिराणा गांव में गुरुवार रात को भी सामने आया है। चिराणा निवासी मनोज

■ युवक फायरिंग से बच गया, इसके बाद दोनों जने मौके से फरार हो गए, पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया

कल्याण पुत्र जगदीश कल्याण ने गुरुवार रात को अपने ऊपर दो जनों द्वारा फायरिंग करने की गोठड़ा थाने में रिपोर्ट दी है। मनोज कल्याण की रिपोर्ट के अनुसार वह रात्रि 8 बजे चिराणा में अपने भतीजे की बुक डिपो दुकान पर बैठा हुआ था। तभी अचानक विशाल पुत्र बल्लाराम नायक व मोहित पुत्र रामसिंह शेखावत आए और बहस करने लगे। इसके बाद विशाल नायक ने मनोज कल्याण पर फायरिंग की। लेकिन मनोज फायरिंग से बच गया। इसके बाद दोनों जने मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार गुरुवार रात 8.30 बजे सूचना मिली कि चिराणा में मनोज कल्याण पर विशाल नायक ने फायरिंग कर दी है। मौके पर पुलिस जाब्ते के साथ पहुंचे तो मनोज कल्याण ने घटनाक्रम के बारे में बताया। मनोज ने थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। रात को भी आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दी गई। लेकिन पकड़ में नहीं आए। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई हैं। जल्द ही गिरफ्तारी होगी।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को नागौर के गोगेलाव में जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से मिट्टी की बोतल खरीदकर यूपीआई से भुगतान कर डिजिटल इंडिया एवं वोकल फॉर लोकल का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने शिल्पियों का कार्य देखा और उनके साथ सेल्फी भी ली। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, सार्वजनिक निर्माण राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघमार, राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सी.आर. चौधरी, पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# सहायक लेखाधिकारी व कैशियर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बीकानेर, (निसं)।** नगर विकास न्यास के सहायक लेखाधिकारी एवं कैशियर को बिल पास करने की एवज में रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सहायक लेखाधिकारी से एसीबी टीम ने 70 हजार रुपए बरामद किए।

आरोपी के हाथ विशेष रसायन से धुलवाए, जिससे उनका रंग गुलाबी आ गया। यह कार्रवाई एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक आनंद मिश्रा की टीम ने की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गुडगांव की कंपनी ने वर्ष 2018 में शहर में रोड लाइट एवं पार्कों की लाइट का ठेका ले रखा था, जिसका कार्यकाल पूरा हो चुका है। पिछले तीन साल से 19 लाख रुपए का भुगतान अटका हुआ है। भुगतान करने के लिए कंपनी का सुपरवाइजर अशोक कुमार पिछले काफी समय से यूआईटी के चक्कर निकाल रहा था। तब यूआईटी के सहायक लेखाधिकारी गणेश कलवाणी एवं कैशियर मनीष खत्री से संपर्क में आया। उक्त दोनों ने बकाया राशि का 4.25 प्रतिशत देने की डिमांड की। उक्त दोनों कर्मचारियों से परेशान होकर परिवादी ने एसीबी में शिकायत की।

## अनुकम्पात्मक नियुक्ति के लिए जिला आवंटित


**बीकानेर, (निसं)।** राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से दिवंगत कार्मिकों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों का संवेदनशीलता से निस्तारण किया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से ऐसे प्रकरणों में तत्परता बरतने के निर्देशों के बाद स्कूल शिक्षा विभाग में गत एक से डेढ़ माह की अवधि में दिवंगत कार्मिकों के परिवारों को इस मुश्किल समय से उबारने के साथ सम्बल देने के लिए त्वरित कार्यवाही की गई है। शिक्षा निदेशालय, बीकानेर के स्तर पर अनुकम्पात्मक नियुक्ति के तहत विभिन्न जिलों के कुल 40 आश्रितों को प्रयोगशाला सहायक ग्रेड-III के पद पर अनुकम्पात्मक नियुक्ति के लिए जिलों का आवंटन किया गया है। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को अनुकम्पा नियुक्ति के इन प्रकरणों में आगामी आवश्यक कार्यवाही को संपादित कर दस्तावेज जांच पश्चात नियुक्ति आदेश जारी करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# सांभर के चारभुजा नाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए बजट आवंटन का इंतजार

## 500 साल पुराने चारभुजा नाथ मंदिर के दोनों तरफ की भुजाएं हो चुकी है कमजोर

**सांभरझील, (निसं)।** भूतपूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कार्यकाल के दौरान सांभर के सैकड़ों वर्ष पुराने दर्जनों मंदिरों की कायापलट कर उनकी खोई आभा लौटाने के लिए भले ही करोड़ों रुपए खर्च कर दिए गए हो लेकिन पर्यटन और पुरातत्व विभाग की सूची में सांभर का करीब 500 साल पुराना चारभुजा नाथ का मंदिर को इस सूची में क्यों नहीं जोड़ा गया।

यह यहां के श्रद्धालुओं के लिए आज भी सवालिया निशाना बना हुआ है। फुलेरा के तत्कालीन विधायक निर्मल कुमावत को इस संबंध में उनके कार्यकाल के दौरान दर्जनों बार इस मंदिर की दशा सुधारने के लिए यहां के पुजारी, आसपास के लोगों ने हाथ जोड़कर खूब अनुनय विनय किया लेकिन कोरे आश्वासन के अलावा उनको ओर से कुछ नहीं मिला। विगत सालों में स्थिति इतनी विकट हो गई कि



सांभर का प्राचीन चारभुजा नाथ मंदिर जीणोद्धार के अभाव में लगातार जर्जर होता जा रहा है।

मंदिर करीब चार माह पहले भरभरा कर आगे का हिस्सा पूरी तरह से ढह गया। इसके बाद भी पूर्व विधायक की ओर से इस पर कोई खास फोकस नहीं किया। इसी बात को लेकर आज भी यहां के लोगों में काफी नाराजगी भी बताई जा

■ करीब चार माह पहले मंदिर का आगे का हिस्सा पूरी तरह से ढह गया था

रही है। मुख्यमंत्री राजे के कार्यकाल के दौरान पुरातत्व और पर्यटन विभाग के अधिकारियों और कथित राजनेताओं की मिलीभगत के कारण मंदिरों के जीर्णोद्धार और कायाकल्प के लिए भी जमकर राजनीति हुई और पक्षपात भी खूब हुआ।

गौरतलब है कि मापदंड में नहीं बताकर मंदिर के लिए बजट आवंटन नहीं करने का प्रावधान का रोना रोकर इस मंदिर के साथ पूरी तरह से भेदभाव भी किया गया। मंदिर की छत, दीवारें अंदर बाहर की ओर से अधिकांश जगहों से फटकर दो फाड़ हो चुकी है। सुरक्षा के लिए पालिका की ओर से दो दिन तक कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई थी बाद में मामला ठंडा पड़ने पर इन्हें यहां से भी हटा दिया। यहां के पुजारी राजेंद्र व्यास का मन पूरी तरह से व्यथित और दुखी है लेकिन वह अपनी जान को खतरे में डालकर प्रतिदिन पूजा-अर्चना करना नहीं भूलते हैं।

यहां के श्रद्धालुओं ने वर्तमान विधायक विद्याधर सिंह चौधरी को चुनाव प्रचार के दौरान पहुंचने पर इसके हालात से भी अवगत कराया तो उनकी ओर से इस मंदिर के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया था तथा कहा था कि यदि सरकार कुछ नहीं करेगी तो वह अपने निजी फंड से ही पैसा खर्च करके इसको फिर से खड़ा करेंगे। लोगों को इस मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए बजट आवंटन का सरकार से भी इंतजार बना हुआ है।

## संक्षिप्त

### पेंशनर्स समाज ने सौंपा ज्ञापन

**पावटा, (निसं)।** राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा पावटा ने पेंशनर समाज की व्यवस्थाओं के संचालन को लेकर भवन या जगह उपलब्ध कराने की मांग को लेकर विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड को ज्ञापन सौंपा। जिला उपाध्यक्ष कैलाश चंद यादव की अगुवाई में सौंपे ज्ञापन में बताया कि राजस्थान पेंशनर समाज पावटा के पास पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान व गतिविधिया संचालन के लिए कार्यालय भवन या जगह उपलब्ध नहीं है। इससे सभी पेंशनर अपने कार्यों के लिए इधर-उधर भटकते रहते हैं। पेंशनर्स में वृद्धजन एवं पारिवारिक पेंशनर महिलाओं को पेंशनर संबंधी कई समस्याओं का सामना करना पडता है। एक निश्चित जगह कार्यालय होने पर पेंशनर को इधर-उधर नहीं भटकने के साथ गतिविधियों का संचालन एक जगह बैठकर किया जा सकता है। इस दौरान संगठन प्रभारी लक्ष्मी नारायण शर्मा, वरिष्ठ कार्य कर्ता सुशील कुमार शर्मा सहित अन्य पेंशनर मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया पाटोत्सव

**निवाई, (निसं)।** व्यापार मंडल के तत्वावधान में शनिवार को कृषि मंडी में स्थित भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर पाटोत्सव महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंडी व्यापारी शिवप्रकाश पारीक व सुनील अग्रवाल ने बताया कि शनिवार की सुबह की मंदिर पुजारियों ने भगवान लक्ष्मीनारायण, गुप्तेश्वर महादेव व वीर हनुमानजी का पंचामृत से मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया तथा भगवान को आकर्षक पोशाक पहनाकर भव्य श्रृंगार किया गया। दोपहर में महिला मंडल के तत्वावधान में भजनामृत कार्यक्रम आयोजित किया गया। भजनों पर महिलाओं ने जमकर भक्तिनृत्य किया। तत्पश्चात भगवान के भोग लगाया गया और मंदिर अध्यक्ष केदार खण्डेलवाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश चंवरिया व ताराचंद बोहरा सहित कृषि मंडी व्यापारियों ने 151 दीपकों से भगवान की महाआरती की। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं को पंगत प्रसादी करवाई गई।

### शिविर में योगा की जानकारी दी

**निवाई, (निसं)।** राजकीय उच्च बालिका माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को योग प्रशिक्षक अशोक लांगडी ने 15 फरवरी को होने वाले सूर्य नमस्कार का पूर्ण योग अभ्यास करवाया गया। राजस्थान के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों में 15 फरवरी से सूर्य नमस्कार के लिए विशेष आयोजन किया जाएगा। योग प्रशिक्षक अशोक गुर्जर ने बताया कि सूर्य सप्तमी पर विद्यार्थी एक ही समय अवधि में सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार का अभ्यास करेंगे। इसके तहत 7 बार सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य लक्ष्मी शर्मा सहित कई शिक्षक गण एवं छात्राएं मौजूद थे।

### लैंस प्रत्यारोपण शिविर कल

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** आई रिसर्च सेंटर सोसाइटी एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंधता जयपुर के सहयोग से लायंस क्लब श्रीमाधोपुर की ओर से 12 फरवरी सोमवार को सहाय हॉस्पिटल जयपुर के सानिध्य में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में सुबह 9:30 से दोपहर 12 बजे तक नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष पूर्व वैज्ञानिक सीताराम सैनी के अनुसार नेत्र रोगियों की जांच कर अनुभवी डॉक्टरों द्वारा आधुनिक तकनीकी से बिना टांके मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को चश्मा, भोजन एवम रहने की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी।

### सम्मान समारोह का आयोजन आज

**निवाई, (निसं)।** अखिल भारतीय रैगर महासभा के तत्वावधान में 11 फरवरी को टोंक में स्थित रैगर छात्रवास भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। महासभा के जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि निवाई पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा होंगें।

### नेत्र चिकित्सा शिविर आज

**चाकसू, (निसं)।** श्री राजपूत सभा चाकसू द्वारा 11 फरवरी रविवार को प्रात:10:30 बजे से 2 बजे तक निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। इस दौरान मुख्य अतिथि श्री राजपूत सभा जयपुर राजस्थान केन्द्रीय अध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई रहेंगे। इस दौरान आशीर्वाद आई हॉस्पिटल चाकसू सेवाएं देंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय साइबर फ्रॉड गिरोह के आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार

**दौसा, (निसं)।** जिले की साइबर थाना पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय साइबर फ्रॉड गिरोह के आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये ठग फोन कर पहले कम समय में रुपए दोगुने करने का झांसा देते हैं। शुरुआत में रुपए डबल करते भी हैं। जब इन्वेस्ट करने वाले को पूरा भरोसा हो जाता है तो बडा अमाउंट निवेश करते ही निवेशक ठगी का शिकार हो जाता है। यह खुलासा शनिवार को दौसा की साइबर थाना पुलिस ने किया है।

एसपी वंदिता राणा ने बताया कि दौसा पुलिस ने 27 लाख की ऑनलाइन ठगी के एक मामले की जांच करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। सभी बदमाश शातिर ठग हैं जिनके इंटरनेशनल लिंक भी निकले हैं। एसपी वंदिता राणा ने बताया कि ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर ये लोगों को विश्वास में लेते थे। फिर उन्हें टेलीग्राम ग्रुप पर जोडते। फिर फर्जी कंपनियों में इन्वेस्ट करवाते थे। दुब्बी गांव दौसा निवासी पीडित संजय पीलवाल से इन ठगों ने



दौसा में पुलिस ने ठगों से लैपटॉप, एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक समेत अन्य सामान बरामद किए।

19 फर्जी कंपनियों के बैंक खातों में करीब 27 लाख रुपए ट्रांसफर करवाए। फर्जीवाडे का शक हुआ तो संजय ने दौसा साइबर पुलिस को शिकायत की। इसी मामले की जांच में शनिवार को 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के बैंक खातों की जांच की तो 58 करोड का लेन-देन मिला। गिरोह का सरगना विदेश में रहकर भारत में अपने गुर्गों से वारदात कराता है। पुलिस

- **आरोपियों के बैंक खातों से 58 करोड़ का लेन देन मिला**

सरगना समेत नेटवर्क के अन्य बदमाशों की तलाश में जुटी है। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से कई बैंकों की 32 पासबुक, 32 ब्लेंक चैक, 35 एटीएम कार्ड, 17 सिम कार्ड, 29 फर्मों की प्रोपराइटर स्टांप व सील, 4 लेपटॉप, 3 मोबाइल फोन की पेड, 7 मोबाइल, एक पीओएस मशीन, 17 पेन कार्ड, 2 हार्ड डिस्क, 4 क्यूआर कोड स्केनर समेत आधार कार्ड, सीसीटीवी कैमरा, आईडी कार्ड, हिसाब की डायरिया समेत कई उपकरण बरामद किए हैं।

एसपी वंदिता राणा ने बताया कि ठगी का कैश प्राप्त करने के लिए भी शातिर तरीका अपनाया गया। मुंबई व गुरुग्राम जैसे बडे शहरों में किराए पर ऑफिस लिए गए। फर्जी फर्म का रजिस्ट्रेशन करवाकर बैंक खाते खुलवाए गए। ताकि अधिकतम लेन-देन किया जा सके। इन्हीं खातों में ठगी का पैसा ट्रांसफर किया जाता था। एसपी ने बताया कि ये ठग साइबर ठगी के जरिए दो-तीन करोड रुपए का लेनदेन करते थे। गिरोह को चलाने वाले सरगना दुबई, कंबोडिया, वियतनाम व थाईलैंड में रहकर अपने गुर्गों की मदद से ठगी का कारोबार करते हैं। विदेशी कंपनियों के भारतीय मोबाइल सिम कार्ड एक्टिव करवाते हैं और वारदातों को अंजाम देते हैं। इसके बाद क्रिप्टो करेंसी व हवाला के जरिए से ट्रांजेक्शन करते हैं। पुलिस ने टोंक जिले के घाड थाने के बाजोली निवासी नरेश मीणा, हाल ऑफिस मलाड वेस्ट मुंबई, महेन्द्र जोशी निवासी महामंदिर जोधपुर, तुषार वैष्णव निवासी कुडी जोधपुर, दीपकवर्मा, संजय वर्मा व मुकेश पटेल निवासी ठठेरों की गली, चौडा रास्ता जयपुर को गिरफ्तार किया है। इन्होंने मुंबई के मलाड वेस्ट इलाके में ऑफिस भी बनाया हुआ था।

## श्रीश्याम नव-गर्भगृह प्रतिष्ठापन महोत्सव का शुभारंभ

**टोंक, (निसं)।** श्री श्याम नव गर्भगृह प्रतिष्ठापन एवं प्राण प्रतिष्ठा का पांच दिवसीय महोत्सव का शनिवार को कलश यात्रा के साथ विधिवत शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर कंकाली माताजी मंदिर से शुरू हुई कलश यात्रा में श्री श्याम भक्तों का सैलाब उमड पडा।

कलश यात्रा के घंटाघर पहुंचने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव टोंक विधायक सचिन पायलट कलश यात्रा में शामिल हुए, जहां उनके द्वारा श्याम बाबा की आरती उतारी गई। पायलट के साथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष रामबिलास चौधरी साथ रहे। शोभायात्रा मुख्य बाजार होती हुई श्याम बाबा मंदिर पहुंची। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन, अग्रवाल युवा विकास परिषद, व्यापार महासंघ, रोटरी क्लब, इनरव्हील क्लब, मोदी फैंस क्लब, श्री कल्याण पदयात्रा संघ, श्री श्याम बस यात्रा समिति एवं विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, साहिल सिंघल, रोनक गर्ग, निखिल गुप्ता, विपिन गर्ग, किट्टू खत्री, प्रियांशु जैन, अंकुर जोशी, रोनिल जैन, श्याम गर्ग, अक्षत गर्ग, दिनेश चौरासिया, सुनील बंसल, हंसराज गाता, महेश बंसल, एड.बृजमोहन शर्मा, एड.गिर्राज गोयल, भगवान भंडारी, व्यापर महासंघ अध्यक्ष मनीष बंसल, महासंघ महामंत्री आनंद बम, के.आर.खान, बृजमोहन गुप्ता, डॉ. आशीष सिंघल, डॉ. विशाल अठावाल, संजय गर्ग, दीपू गर्ग, विमल गोयल, मनीष गोयल, प्रमोद मोदी, विनोद चौरासिया, दिनेश साइवाडु, राजेश समर्पित, शेलु गर्ग, योगेश बंसल, सोनू बंसल, लक्की भगत, टोनू गोयल, गिर्राज विजय, चिंकी सिंघल, अंशुल जैन, प्रिंस विजय, ललित विजय, सन्नी बंसल, सिक्कू सर्राफ, कुशल सोनी, नवल गौतम, जैनु जैन, मनमोहन विजय, आशीष विजय, सोमिल विजय, अरुण विजय, विपुल जैन, शुभम जैन, कमल जायसवाल, सज्जन सिंह नरुका, सुनील जैन, पारस झालरा, मोहित गोयल, राज सैनी, नवरतन विजय, कैलाश लक्षकार सहित मंडल परिवार के सदस्य मौजूद थे।

## राजेश पायलट की जयंती पर पुष्पांजलि

**कोटपूतली, (निसं)।** लोकप्रिय किसान नेता व पूर्व केन्द्रिय मंत्री स्व. राजेश पायलट की 79वीं जयंती पर शनिवार को कस्बा स्थित राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में लगी उनकी आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व कांग्रेस नेता सांवत गुर्जर की अगुवाई में बडी संख्या में आमजन, कांग्रेस कार्यकर्ताओं व महाविधालय स्टॉफ सदस्यों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। महाविधालय की ओर से प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सिंह द्वारा स्व. पायलट की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सांवत गुर्जर ने स्व. पायलट के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान कांग्रेस नेता देव कसाना, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव भीम पटेल, मालीराम कम्पाउन्डर, इन्द्राज कसाना, रामेश्वर रावत, महेश मुक्कड, छीत्तर रावत, मनोज पायला, कमल पायला, एड. सत्यपाल कसाना, राहुल आर्य, घडसी पंच, रामेश्वर प्रधान, पृथ्वी मुक्कड, विक्की सैनी, सत्यपाल नेता, धर्मेन्द्र योगी आदि मौजूद रहे।

## शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी है : कलेक्टर

### दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन

**कोटपुतली, (निसं)।** पनियाला मोड स्थित दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन हुआ।

इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि इस तरह के विद्यालय, जो बच्चों को खेलों के साथ-साथ भौतिक एवं बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध करवा रहे है। ऐसे विद्यालय जिले के हिसाब से बहुत जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों को बहुत जल्द बडा बनाने की चाहत के चलते बच्चों पर अनावश्यक दबाव ना बनाए। बच्चों की जिस क्षेत्र में रुचि हो उसी क्षेत्र में उन्हें मोटिवेट करें। ताकि वे आगे चलकर उस क्षेत्र में बेहतर काम कर सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मनीन ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर

- **कार्यक्रम को जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने सम्बोधित किया**

समाजसेवी बिहारी लाल मित्तल, पूर्व अग्रवाल समाज अध्यक्ष रमेश चंद बंसल (किताब वाले) हरीश वत्स, सीए जितेंद्र बंसल, अंकुर गुप्ता आदी थे। प्रतियोगिता में बच्चों ने रीले,आत्मरक्षा, एरोबिक्स, पीटी सहित अनेक प्रकार के खेलों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका बिंदु शर्मा ने अपने स्वागत भाषण में अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय की गतिविधियों से अभिभावकों को अवगत करवाया।

## 'महिलाओं का भी हो विकास'

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय नगरपालिका में शनिवार को दीनदयाल अंत्योदय योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राजस्व अधिकारी नवरत्न शर्मा व पार्षदों द्वारा मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। इस दौरान अतिथियों द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह की सैंकडों महिलाओं को प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राजस्व अधिकारी नवरत्न शर्मा ने कहा कि सरकार की मंशा हैं कि महिलाओं का भी विकास हो। महिलाओं के विकास के लिए सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं जिससे महिलाओं का उत्थान हो सके। उन्होंने बताया कि स्थानीय स्तर पर कार्य करने वाले छोटे कारोबारियों जिनमें माला बनाने वाले, वाशिंग मशीन का काम करने वाले सहित अन्य कार्य से जुडे हुए लोगों को सात से 9 दिन का प्रशिक्षण दिया जाता हैं। इसके बाद उनको 15 हजार रूपए की राशि दी जाती हैं।

## श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव का आयोजन संपन्न

### 12 से 15 फरवरी तक महिला जागरूकता शिविर होंगे

**चाकसू,(निसं)।** कस्बा स्थित राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार एवं शनिवार को श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव आयोजित किया गया। इसके तहत 9 फरवरी को वेशभूषा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वेशभूषा कार्यक्रम के चार विषय रखे गये। वेषभूषा और चित्रकला का विषय भी राम के जीवन से सम्बन्धित रहा। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य सुनीता मीना के निर्देशन में किया गया जिसमें सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे। वही राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत 12 से 15 फरवरी तक महिला जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा।

प्राचार्या सुनीता मीना ने बताया किमहाविद्यालय की छात्राओं में

- **वेशभूषा कार्यक्रम के चार विषय रखे गये। वेषभूषा और चित्रकला का विषय भी राम के जीवन से सम्बन्धित रहा**

वित्तीय जागरूकता की अभिवृद्धि करने के लिए, उनका सर्वांगिक विकास करने के लिए एवं महाविद्यालय में सुरक्षित, सकारात्मक एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए छात्राओं की स्व- सुरक्षा, महिला कानून, वित्तीय परामर्श एवं महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिएछात्राओं के लिए दिनांक 12 से 15 फरवरी 2024 तक महाविद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. सरिता जैन ने बताया कि 12 फरवरी 2024 को स्वयं सहायता समूह द्वारा एक व्याख्यान आयोजित किया जाएगा। 13 फरवरी 2024 को महिला अधिकारिता कानून एवं 14 फरवरी 2024 को महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं 15 फरवरी 2024 को छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सुनीता मीणा ने सभी छात्राओं से अपील की है कि महाविद्यालय में आयोजित इन सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सहभागिता करें।

## भागवत कथा का शुभारंभ

**मालपुरा, (निसं)।** शहर के जयपुर रोड प्रताप नगर में आयोजित संगीतमय भागवत कथा का शनिवार को कलश यात्रा से शुभारम्भ हुआ। प्रताप नगर शीतला माता मंदिर से शुरू हुई कलश यात्रा में बडी संख्या में महिलाऐं शामिल हुई। समाजसेवी व भामाशाह स्वर्गीय रामनिवास गिरदावर चिंदोला की पुण्य स्मृति में 10 फरवरी से 16 फरवरी तक आयोजित संगीतमय भागवत कथा में व्यास पीठ से आचार्य रविशंकर शास्त्री कुरथल द्वारा प्रतिदिन प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक कथा का रसापान कराया जायेगा। इसी क्रम मे भगवान सीताराम भक्त मंडल की और से शिव परिवार एवं हनुमान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर डिग्गी मे आयोजित श्रीराम कथा अमृत महोत्सव के अन्तर्गत भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान अखिल भारतीय च्यवन गौड ब्राह्मण समाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रहलाद शर्मा, भागवत कथा के पुण्यार्जक यजमान कैलाश चन्द, मनोज कुमार चिंदोला ने भागवत कथा को सिर पर धारण करने का सौभाग्य प्राप्त किया।

# शहीदों के बलिदान का भारतवासी सदैव ऋणी रहेगा : एस.डी.एम.

**पावटा, (निसं)।** 27 साल पहले 10 फरवरी 1996 में श्रीनगर ऑपरेशन में आतंकवादियों के हमले में शहीद हुए क्षेत्र के पाथरेडी गांव निवासी जवान बंशीधर यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि के तहत श्रद्धा सुमन अर्पित करने हजारों लोग एकत्रित हुए।

इस दौरान लोगों ने गगनभेदी नारे के साथ उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पावटा उपखंड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी सहित जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, ग्रामीणों ने उनके आदमकद प्रतिमा पर फूल-माला चढाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान भारत माता की जय, वंदेमातरम, शहीद बंशीधर यादव अमर रहे आदि गगन भेदी नारे लगाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वीरांगना कृष्ण देवी सहित शहीद के परिजनों को शॉल और साफा पहनाकर सम्मान दिया गया।

इस मौके पर गिरिराज यादव व गिरदावर शशिधर यादव, रामस्वरूप यादव, सूरजभान यादव, रामनिवास यादव, पप्पूलाल यादव, मोहन लाल यादव, वेद प्रकाश सहित पूरा परिवार



पाथरेडी गांव निवासी जवान बंशीधर यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि के तहत श्रद्धा सुमन अर्पित करने हजारों लोग एकत्रित हुए।

भावुक नजर आया। इस दौरान पावटा उपखंड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी ने कहाँ कि शहीदों के बलिदान के लिए प्रत्येक भारतवासी सदेव उनका ऋणी रहेगा। मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित उनका बलिदान जीवन भावी पीढी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। जिस देश के सम्मान के लिए युवा हंसते हुए देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दें, उस देश को दुश्मन कभी पराजित नहीं कर सकता। शहीद के परिजनों ने बताया कि देश की सेवा में अपना बलिदान दिया है, उनकी शहादत पर गर्व है।

वही ग्राम पंचायत पाथरेडी शहीद वेलफेयर समिति सदस्य शशिधर यादव द्वारा आये अतिथियों का माला व साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। वही इस दौरान आयोजित प्रतिभा समान समारोह कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड में अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों सहित साहित्य एवं रचनात्मक प्रवृत्तियों में राज्य स्तर पर पुरस्कृत खेलकूद

- **शहीद बंशीधर की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित**
- **पुण्यतिथि पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन**

प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय स्तर की टीम में चयन सहित विभिन्न विषयों से संबंधित प्रतिभाओं को जनप्रतिनिधियों द्वारा पारितोषिक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन प्रह्लाद स्वामी ने किया।

इस दौरान जिला सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष कर्नल हनुमान सहाय राठौड, यादव महासभा पावटा अध्यक्ष भैरूराम हुल्डा, पाथरेडी सरपंच रामस्वरूप कसाना, पूर्व सरपंच पाथरेडी शंभु दयाल मीणा, रोहिताश यादव, पाथरेडी यादव महासभा इकाई अध्यक्ष राजेंद्र यादव, रघुवीर सिंह, वरिष्ठ अध्यापक मुनेश सहित सैकडों की संख्या में आसपास के क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### कृषकों को प्रशिक्षण दिया

**निवाई, (निसं)।** उपखंड के उपतहसील दत्तवास में केंद्रीय प्रवर्तित सॉइल हेल्थ एंड फर्टिलिटी योजना के तहत मृदा स्वास्थ्य कार्ड जागरूकता के लिए एक दिवसीय पानी ओर मृदा जांच करवाओ कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। संयुक्त निदेशक के के मंगल ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व और उपयोग तथा कृषि विभाग की अनुदान योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। कृषि अधिकारी कजोड गुर्जर ने कृषकों को मृदा नमूने संकलन करना तथा फसलों के आवश्यक पोषक तत्वों तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार खाद उर्वरक उपयोग की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बीज निगम अधिकारी योगिता गुप्ता ने सरसो की किस्त आर एस 725, सरसो की किस्त गिर्राज चना की किस्म गणगौर गैहू राज 3077, राज 4037 जौ आरडी 2035 मूंगफली आरजे 578 आदि जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्र कृषि पर्यवेक्षक शिवम् खंडेलवाल, मनीष बैरवा, बाबू लाल गुर्जर, हिंगोनिया जीएसएस अध्यक्ष मीठालाल मीणा, जीएसएस श्योजीराम फागणा, बृजमोहन मीणा, रुपेन्द्र सिंह राठौड, रतनलाल मीणा, किशन बैरवा, सीताराम सोनी, बाबूलाल मीणा, सांवलराम मीणा, गिरधारीलाल जायसवाल व रामकेश मीणा सहित सैकडों पुरुष एवं महिला कृषक उपस्थित थे।

### 11 स्टेशनों के अल्फाबेटिकल कोड जारी

**मंडावरी, (निसं)।** क्षेत्र की बहू प्रतिशत एवं पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पहचान बन चुकी दोसा गंगापुर रेल परियोजना पूरी तरह तैयार होने के बाद भारतीय रेल कॉन्फ्रेंस संगठन कार्यालय द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल के अधीन आने वाले नवनिर्मित दोसा गंगापुर सिटी खंड के 11 रेलवे स्टेशनों के अल्फाबेटिकल कोड आवंटित कर दिए हैं। भारतीय रेलवे कॉन्फ्रेंस संगठन के प्रधान सचिव एवं निर्देशक माल डिब्बा विनिमय अजय कुमार नौलखा के हस्ताक्षिरत पत्र द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल के अधीन नवनिर्मित दोसा गंगापुर सिटी खंड के सभी स्टेशनों के अल्फाबेटिकल कोड आवंटित कर दिए गए हैं एवं इनको कोड से होने वाले कार्यों की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। दोसा गंगापुर रेल मार्ग के मध्य पढ़ने वाले बनियान, नागल राजावतान, सलेमपुर, अरनिया खुर्द, डीडवाना, लालसोट, बिंदोरी, मंडावरी, पिपलाई, बामनवास, उदई कला सहित 11 स्टेशनों को कोड मिलने के बाद अब दोसा गंगापुर रेल मार्ग पर इंजन की सिटी गुंजने का रास्ता भी साफ हुआ है। दोसा गंगापुर सिटी रेल लाइन सीधे दिल्ली एवं मुंबई जैसे दो बडे मार्ग को जोडती है।

### नवोन्मेष कार्यक्रम आज

**फुलेरा, (निसं)।** सैनी समाज अधिकारी एवं कर्मचारी विकास संस्था जिला शाखा द्वारा 11 फरवरी को दीप स्मृति सभागार में नवोन्मेष कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत रहेंगे। उपरोक्त जानकारी देते हुए फुलेरा शाखा अध्यक्ष प्रकाश सैनी व समाजसेवी योगेन्द्र गहलोत ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हाल ही में समाज के नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान एवं समाज को विकसित कर राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रमुख भागीदारी निभाना है। इसी क्रम में आगे बताया बताया कि कार्यक्रम में द्रोणाचार्य पुरस्कार महावीर सैनी, स्केटर हिमांशु सैनी, जनरल सर्जरी विभाग अध्यक्ष डॉ. प्रभा ओम सैनी, प्रधानाचार्य टीकम चन्द मालाकार का शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, शारदा मालाकार को सामाजिक कार्यों में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में जयपुर शहर एवं ठाामीण क्षेत्र के साथ ही राजस्थान प्रदेश के विभिन्न जिलों के सैनी समाज के लोग भाग लेंगे। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सैनी समाज कर्मचारी और अधिकारी विकास संस्था शाखा के सदस्य और माली समाज के प्रबुद्धजनों ने तैयारियो को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

### कोटा शहर का किया भ्रमण

**निवाई, (निसं)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय झिलाय में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के पर्यटन विषय के अंतर्गत बालिकाओं एवं शिक्षकों का एक दल एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण हेतु कोटा शहर का भ्रमण किया। उप प्राचार्य सांवरमल जाट ने बताया कि भ्रमण के दौरान बालिकाओं ने कोटा शहर के बहुप्रसिद्ध चंबल रिवर फ्रंट का भ्रमण किया जहां छात्राओं को राजस्थानी संस्कृति, भारतीय एवं वैश्विक धरोहरों के मॉडल देखने को मिले, साथ ही साथ चंबल माता की विशाल मूर्ति, कोटा बैराज, कोटा थर्मल आदि भी देखने को मिले। जिन्हें देखकर सभी ने रोमांचित महसूस किया। भ्रमण के दौरान दल ने ऐतिहासिक भवनों एवं धरोहरों के साथ-साथ राजस्थानी संस्कृति के भी दर्शन किए, जिनमें कालबेलिया नृत्य, चरी नृत्य, तेजा गायन के साथ कच्ची घोडी नृत्य, मुख से अग्नि वर्षा आदि को देखकर सभी अभिभूत हुए और रोमांचित महसूस किया। भ्रमण दल को प्रधानाचार्य मंजू मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रमण में व्याख्याता महावीर सिंहल, कैलाश चौधरी, अनिता जैन, श्वैता अग्रवाल सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### कृमि मुक्ति दिवस पर जागरूक किया

**निवाई, (निसं)।** गांव बगडवा के नन्दघर परियोजना की सहयोगी संस्था ममता हैल्थ इंस्टिट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के तत्वाधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर समुदाय के लोगों के साथ जागरूकता सत्र आयोजित किया जिसमें ममता संस्थान के क्षेत्रीय पर्यवेक्षक छत्रधर योगी, केदार शर्मा द्वारा इस सत्र में उपस्थित महिला पुरुषों को स्वच्छता और साफ सफाई तथा सामान्य परिवेश में पाए जाने वाले कृमि जीवाणुओ की जानकारी दी। इनकी गंभीरता पर विस्तार से चर्चा की गई तथा इनसे बचाव के लिए बार बार साबुन से हाथ धोने, घर पर खाने की वस्तुओं को ढ ककर रखने, बच्चों को मिट्टी में खेलने पर साबुन से अच्छी तरह सुमन विधि से हाथ धुलवाने के बारे में बताया। इस दौरान पर्यवेक्षक छत्रधर योगी एव केदार शर्मा द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों को सुमन विधि से हाथ धुलवाकर उन्हें रोजाना इसी तरह साबुन से हाथ धोने की शपथ दिलाई। छत्रधर योगी एव केदार शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर राणोली, लोहरवाडा, जयकिशनपुरा, नानेर व झिराना सहित विभिन्न नन्दघर क्षेत्रों में ग्रामीणों को जागरूक किया।

### शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** खाटूश्यामजी नगरपालिका में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और अन्य योजनाओं की महिलाओं को शक्ति वंदन कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष ममता मुंडोतिया ने महिलाओं से सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ उठाकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविरों में संचालित योजनाओं का भी लाभ उठाने की अपील की। नगरपालिका के आशुतोष माटोलिया ने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन,महिला स्वयं सहायता समूह एवं अन्य क्षेत्रों में श्रेष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रमाण पत्र व पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी अरूण शर्मा, नपा उपाध्यक्ष पूरणमल हरनाथका, जेईएन अजय मीणा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष केदारमल जांगिड, शशिबाला स्वामी, स्वास्थ्य निरीक्षक वीरेंद्र सिंह चंदेलिया, विजयपाल बाजियां सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रज्ञा पारीक ने किया।

### विधायक ने की जनसुनवाई

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने अपने निवास स्थान भांकरी पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना। इस दौरान काफी संख्या में लोग उनसे मिलने के लिए पहुंचे। आमजन ने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी परिवेदनाएं उनके समक्ष रख निस्तारण कराने का अनुरोध किया। उन्होने अधिकारियों को आमजन की परिवेदनाओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में शहर से जुडी सैकडों समस्याएं आमजन की ओर से प्रस्तुत की गई। धनकड ने इन समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित महकमों को निर्देशित किया। जनसुनवाई के दौरान आवास पर पेयजल की आपूर्ति, बिजली आपूर्ति, सडक के सबन्ध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आए प्रत्येक परिवादी की समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुना।

### भामाशाह ने स्कूल में आरो भेंट किया

**पीपलू, (निसं)।** उपखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रानोली के बच्चों को फ्लोराइड का पानी पीने से शनिवार से छुटकारा मिल गया। भामाशाह ने स्कूल में एक आरो फिटिंग सहित भेंट किया। आरो का शुभारंभ होने के साथ ही बच्चों को हाई स्तर के फ्लोराइड युक्त पानी से निजात मिल गई। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य अर्जुनलाल गुर्जर, व्याख्याता कृष्ण कंवर, अध्यापक शंकरलाल शर्मा, रामस्वरूप गुर्जर व ओमप्रकाश जांगिड सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### सीतारामपुरा सरपंच को बर्खास्त किया

**मालपुरा, (निसं)।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की अतिरिक्त आयुक्त व शासन उपसचिव रेखा सांभरिया ने एक आदेश जारी कर मालपुरा पंचायत समिति क्षेत्र की सीतारामपुरा ग्राम पंचायत के सरपंच प्रदीप शर्मा को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने के आदेश जारी किये। जारी आदेशो मे बताया कि 7 जनवरी को एक परिवादी की शिकायत पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो टोंक की टीम ने सरपंच प्रदीप शर्मा को 1 लाख 80 हजार रूपये की रिश्वत राशि के साथ रंगे हाथो गिरफ्तार किया था।

### त्रिलोकचंद जैन अध्यक्ष बने

**दूदू, (निसं)।** आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर परिसर में सकल दिगंबर जैन समाज दूदू के चुनाव अध्यक्ष विमल कुमार छाबडा की अध्यक्षता एवं निर्वाचन अधिकारी पदम सोगानी मनोज सोगानी के सानिध्य में निर्विरोध संपन्न हुए। इस दौरान त्रिलोकचंद जैन बोहरा को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया तथा कार्यकारिणी गठन के लिए सहमति दी गई। इस अवसर पर पारस काला, अरविंद वोहरा, भंवरलाल बोरा, राजकुमार सोगानी कपिल बोहरा, राजेंद्र कुमार, महावीर छाबडा, पदम अजमेरा सहित समाज बंधु मौजूद रहे।

### विशेष सफाई अभियान चलाया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** स्वायत शासन विभाग जयपुर के निदेशक एवं संयुक्त सचिव के निर्देशों की पालना में नगर पालिका श्रीमाधोपुर में नगरपालिका कार्यालय भवन परिसर की सामान्य सफाई व्यवस्था करवाई गई एवं पुराने रिकॉर्ड का निस्तारण तथा फाइल दस्तावेज सही तरह से व्यवस्थित किए गए। नगर पालिका श्रीमाधोपुर के अधिशासी अधिकारी परमवीर दुलार ने बताया कि सफाई के बाद, पूर्व व वर्तमान की फोटो एवं वीडियोग्राफी करवाकर ई मेल से अधिकारियों को प्रेषित की गई है।

### विभिन्न स्थानों पर होंगे शिविर

**अलवर, (निसं)।** नगर निगम के आयुक्त एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के नोडल अधिकारी मनीष कुमार फौजदार ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा (शहरी अभियान) के तहत 12 फरवरी को दोपहर पूर्व रणजीत नगर स्थित कॉम्पलेक्स व दोपहर पश्चात रामलीला मैदान शिवाजी पार्क में तथा 14 फरवरी को दोपहर पूर्व आईटीआई कॉलेज मोती नगर व दोपहर पश्चात भांड बस्ती पीएनबी बैंक के पास साइड रोड पर कैम्प आयोजित होंगे।

### पोषबड़ा महोत्सव आज

**मनोहरपुर, (निसं)।** श्री श्री 1008 श्री किशन दास महाराज जोहडा धाम छारसा में श्री श्री 1008 श्री छबीले शरण देवाचार्य महाराज के सानिध्य में रविवार 11 फरवरी को चीटियों को दाना व पोषबडे का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी प्रकाश कपूरिया व महेश कपूरिया ने देते हुए भक्तों से निवेदन किया है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारकर आशीर्वाद प्राप्त करें और प्रसादी ग्रहण करें।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**कोटपूतली, (निसं)।** पूर्व केन्द्रिय मंत्री व लोकप्रिय किसान नेता स्व. राजेश पायलट की 79वीं जयंती पर युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव भीम पटेल द्वारा कस्बा स्थित राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जहाँ बडी संख्या में युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

### उपमुख्यमंत्री, सांसद आज मालपुरा में

**मालपुरा (निसं)।** राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री प्रेम चन्द बैरवा, पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी व टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया सहित कई विधायक रविवार को पहुंचेगे।

### कनक दण्डवत यात्रा आज

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत खणदेवत में रविवार को हर वर्ष की तरह सुबह 10 बजे बडे बालाजी के मंदिर से बावडी वाले बालाजी तक कनक दण्डवत यात्रा का आयोजन होगा। यह जानकारी श्रद्धालु विकास बोकण खणदेवत ने दी हैं।

# कलेक्टर ने निर्माणाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण किया

**अलवर, (निसं)।** जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता रामगढ क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने विभिन्न कार्यालयों एवं निर्माणाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिला कलेक्टर ने रामगढ क्षेत्र की ग्राम पंचायत बहाला के गांवों में जाकर किए जा रहे निर्माणाधीन विकास कार्यो निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि नाले निर्माण गुणवत्तापूर्ण रहे तथा नाले के पानी का ढलान इस प्रकार रहे कि नाला पानी से नहीं भरे। उन्होंने निर्देश दिये कि नाला बनने के पश्चात इसकी साफ-सफाई मनरेगा योजना के तहत कराई जावे। उन्होंने सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत को ओडीएफ प्लस बनवाने की दिशा में कार्य करें। साथ ही नरेगा योजना के माध्यम से अधिकाधिक कार्य स्वीकृत करे जिससे अधिक से अधिक ग्रामीणों को रोजगार मुहैया होवे तथा गांव के विकास के साथ-साथ परिसंपतियों का निर्माण हो सके। उन्होंने निर्देश दिये कि ग्रामीणों को पेयजल की सुचारू व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु बोरिंग नियमित रूप से संचालित रहे तथा खराब होने की स्थिति पर तुरन्त की दुरूस्त कराई जावे।



अलवर कलेक्टर आशीष गुप्ता रामगढ़ क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

■ बहाला एवं देसूला के राजकीय विद्यालयों का निरीक्षण कर शैक्षणिक स्तर को परखा

उन्होंने गांव बहाला एवं देसूला के राजकीय विद्यालयों का निरीक्षण कर बच्चों से बातचीत कर उनके शैक्षणिक स्तर को परखा। उन्होंने बच्चों से विद्यालय में मिलने वाले पोषाहार की गुणवत्ता, अध्ययन व्यवस्था आदि का फीडबैक लिया। उन्होंने प्रधानाचार्य को निर्देश दिये कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके शैक्षणिक स्तर को ओर अधिक बढाने के लिए विशेष प्रयास करें। साथ ही कठिन विषयों एवं विद्यालय के बेहतर परिणाम हेतु विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि विद्यालय के कक्षों, शौचालयों सहित सम्पूर्ण परिसर की साफ-सफाई नियमित रूप से करावे। इसके उपरान्त उन्होंने बडौदामेव में संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण कर भोजन किया एवं भोजन की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने वहां भोजन कर रहे लोगों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया जिस पर आमजन ने बताया कि यहां पर स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए गुणवतापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने रसोई संचालक को निर्देश दिये कि आमजन को भोजन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दर, निर्धारित मात्रा एवं मैन्यू के अनुसार ही उपलब्ध कराया जावे। साथ ही रसोई में नियमित रूप से साफ-सफाई करावे। इसके उपरान्त उन्होंने सीएचसी का निरीक्षण कर प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिये कि सीएचसी की सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जावे। दवा आदि की पर्याप्त उपलब्धता रख। इस बात का विशेष ध्यान रखे कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होवे। उन्होंने उपखंड अधिकारी को निर्देशित किया कि उपखण्ड क्षेत्र में सरकारी कार्यालयों का समय-समय पर औचक निरीक्षण करे तथा उसकी रिपोर्ट भिजवाए।

## सार-समाचार

### तीन बसों का संचालन शुरु



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** शहर में शनिवार को यूडीएच मंत्री तथा क्षेत्रीय विधायक झाबर सिंह खर्रा ने रोडवेज डिपो को सौगात देते हुए तीन बसें उपलब्ध करवाई हैं। डिपो चीफ अशोक सिंह ने बताया कि डिपो में यात्रियों की सुविधाओं के लिए बसों के अभाव में रूटों पर काफी समस्या का सामना करना पड रहा था, जिसको लेकर डिपो को मुख्यालय से तीन नई बसें प्राप्त हुई है। जिनका संचालन झुंझुनूं जयपुर, जालौर तथा अजमेर रूट पर संचालन होगा। लम्बी दूरी तय करने वालें यात्रियों को सुविधा मिलेगीं और तीनों बसों का रूट पर संचालन शुरू करने से पहले मंत्री पुत्र दुर्गा सिंह खर्रा ने फीटा काटकर गंतव्य के लिए बसों को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं डिपो चीफ ने मंत्री पुत्र को डिपो में व्याप्त समस्याओं से भी अवगत करवाया और कहां कि डिपो में स्टॉफ, चालक तथा परिचालक की बहुत ही कमी खल रही हैं जिसे भी पूरा करवाया जाए जिस पर जल्द ही समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन मंत्री पुत्र ने दिया। उपस्थिति सभी अतिथियों का रोडवेज डिपो अधिकारियों की ओर से माला साफा पहनाकर सम्मान किया।

### महिला से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**लालसोट, (निसं)।** शौच के लिए गई महिला के साथ युवक द्वारा चाकू दिखाकर जबरन दुष्कर्म करने का मामला लालसोट पुलिस थाने में दर्ज हुआ है। मामला लालसोट थाना क्षेत्र का है जहां दुष्कर्म पीडिता महिला के पति ने इस्तगासे के जरिए पत्नी के साथ युवक द्वारा जबरन दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया है। दुष्कर्म का मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने महिला का मेडिकल मुआयना कराया है। मामले की जांच लालसोट थाना आधिकारी प्रेमचंद कर रहे हैं। थानाधिकारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने इस्तगासा के जरिए रिपोर्ट देते हुए बताया कि 19 व 20 जनवरी की रात्रि में उसकी पत्नी शौच करने के लिए खेत में गई थी। इस दौरान पडोस में ही सरसों के खेत में एक व्यक्ति सिंचाई कर रहा था। उसने महिला को अकेला देखकर महिला के साथ जबरदस्ती छेडछाड करना शुरू कर दिया। इसका महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने चाकू निकालकर डरा धमकाकर महिला के साथ दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया। आरोपी ने घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की भी धमकी दी है। इस संबंध में पुलिसने दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। वहीं शनिवार को पीड़िता का मेडिकल भी करवाया गया है।

### नौ लाख के जेवर चोरी की वारदात

**दूदू, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर पुलिस थाना एवं जिला कलेक्टर आवास के साथ ही स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा से 200 मीटर की दूरी पर संचालित ज्वेलर्स की दुकान से चोरों के गिरोह द्वारा शटर के ताले तोडकर दुकान में रखे करीब नौ लाख रुपए की जेवरात चुरा कर ले जाने की वारदात को अंजाम दिया गया। ज्वेलर्स विष्णु कुमार सोनी ने बताया कि दुकान के शटर टूटने की सूचना पुलिस गश्ती दल द्वारा मोबाइल पर दी गई। इसके बाद दुकान जाकर देखा तो शोकेस सीसीटीवी कैमरे एलईडी डीवीआर टूटे हुए मिले तथा वहां रखें डेढ़ सौ ग्राम सोने के आभूषण एवं डेढ़ किलो पुरानी चांदी पाजेब की जोडियां नहीं मिली। सोनी ने बताया कि इस दुकान में दो बार पूर्व भी बदमाशों गिरोह द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। यह तीसरी वारदात है। पुलिस द्वारा आज तक किसी वारदात का पर्दाफाश नहीं किया गया है। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

### सबको साथ लेकर चलना ही क्षत्रिय धर्म का पालन है : रत्ना कुमारी

**मेड, (निसं)।** नजदीकी ग्राम सताना में राजपूत समाज द्वारा श्री शेखावत अग्रसेन जयंती का आयोजन किया गया। समारोह में राजपूत समाज के होनहार छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। समारोह के अतिथि भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी शाहपुरा ने बताया की क्षत्रिय वह होता है जो सबको साथ लेकर चले। उन्होंने बताया की पहले तलवारों का राज था, अब राज है कलम का तो सभी पढ़े लिखे और सरकारी नौकरी में अपना भाग्य आजमाए और ज्यादा से ज्यादा सरकारी नौकरी में लगे। इसके साथ कई वक्ताओं ने अपने भाषण दिए। समारोह में पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेन्द्र सिंह शाहपुरा, पूर्व सांसद गोपाल सिंह इडवा, मान सिंह पिथलपुर, सम्पत सिंह दीवराला, श्याम सिंह महरौली, सवाई सिंह सताना सहित राजपूत समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।



### हादसे में एक की मौत, पांच घायल

**निवाई, (निसं)।** बरोनी थानान्तर्गत शुक्रवार की देर रात्रि करीब 12.15 बजे एक कार असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस दुर्घटना में एक की मौत हो गई तथा 5 जने घायल हो गए। सूचना मिलने पर बरोनी थाना पुलिस मौके पर पंहुची और घायलों को सआदत अस्पताल में भर्ती करवाया। थानाधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि शुक्रवार की देर रात्रि को जयपुर की ओर से टोंक की तरफ जा रही थी। इसी दौरान बनास नदी की पुलिया के समीप असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को उपचार के लिए सआदत अस्पताल टोंक में भर्ती करवाया। जहां शांतिलाल की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में घायल नारायण, नमन, प्रवीण, दिनेश व रेखा देवी का प्रथमिक उपचार कर चिकित्सकों ने एसएमएस के लिए रैफर कर दिया।

### राहुल गाँधी का पुतला फूंका

**कोटपूतली, (निसं)।** कांग्रेस नेता राहुल गाँधी द्वारा निकाली जा रही यात्रा के दौरान उनके द्वारा कथित तौर पर पीएम नरेन्द्र मोदी पर की गई जातिगत टिप्पणी को लेकर क्षेत्र के भाजपाइयों का आक्रोश जमकर फूटा। भाजपा ओबीसी मोर्चा के तत्वाधान में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष एड. हीरालाल रावत के नेतृत्व में कस्बे के ट्रांसपोर्ट नगर में राहुल गाँधी का पूतला फूंक विरोध जताया साथ ही कांग्रेस पार्टी व राहुल गाँधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। रावत ने कहा कि पीएम मोदी पर जातिगत टिप्पणी कर राहुल गाँधी ने अपनी जातिगत सोच का परिचय दिया है। जिसे देश की जनता कत स्वीकार नहीं करेगी। इस दौरान ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष गौरव यादव, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, एड. चेतराम रावत, राकेश कसाना, दिनेश सैनी, संजय सिंह, प्रदीप जांगिड सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पी.एच.ई.डी. मंत्री ने समस्याओं का शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये

**मालपुरा, (निसं)।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने शनिवार को अविकानगर विश्राम गृह में जनसुनवाई की। इस दौरान मौजूद भीड के सामने स्वीकार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार की जननायक कांग्रेस सरकार में नगरपालिका मालपुरा शहरी क्षेत्र में तीन करोड रूपयों की सरकारी जमीनों पर भूमाफिया व अतिक्रमी काबिज है। जनसुनवाई के दौरान केबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक के इस बडे बयान से एक बार तो सभी लोग चकित रह गये।

मंत्री ने कहा कि मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण ईलाकों में आज भी कई गांव फलोराईड युक्त पानी पीने पर मजबूर है। ऐसे गांवों को प्राथमिकता देते हुए भाजपा शासन में ईआरसीपी योजना के तहत प्रदेश के 13



जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ( बीच में बैठे हुए ) ने जनसुनवाई की।

जिलों में तीव्र गति से कार्य शुरू कर ग्रामीणों को मीठा पानी उपलब्ध कराना ही उनकी व भाजपा सरकार की पहली प्राथमिकता होगी। जनसुनवाई के दौरान बडी संख्या में सरकारी अधिकारी कर्मचारियों ने स्थानान्तरण के प्रार्थना-पत्र सौंपे। शिक्षा मंत्री द्वारा तबादलों पर रोक लगा देने के बावजूद बडी संख्या

■ स्वयं सेवक शिक्षक संघ की और से केबिनेट मंत्री को ज्ञापन सौंप आरटीई की पुर्नभरण राशि दिलाने की मांग की

में शिक्षा विभाग से जुडे अधिकारी कर्मचारियों ने भी प्रार्थना पत्र सौंपा। इस दौरान सामने आई फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण के लिये मंत्री ने मौके से ही सम्बन्धित विभागाधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये। स्वयं सेवक शिक्षक संघ की और से केबिनेट मंत्री को ज्ञापन सौंप आरटीई की पुर्नभरण राशि दिलवाये जाने की मांग की।

# रेलवे पेंशनर्स सोसायटी की मासिक बैठक आयोजित

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की न्यू कॉलोनी स्थित वरिष्ठ नागरिक परिषद भवन परिसर में शनिवार को रेलवे पेंशनर्स सोसायटी शाखा फुलेरा की मासिक बैठक का आयोजन शाखा अध्यक्ष रमेश चन्द वर्मा की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक के प्रारंभ में सर्वप्रथम पिछले माह दिवंगत साथियों को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही सोसाइटी से जुडे नये सदस्य एवं भामाशाह जिनमें कुंजबिहारी शर्मा, कानाराम, मालसिंह, लाल चन्द कुमावत, दयाल दास, शेषनारायण सैनी, रमेश चन्द कुमावत, लाल चन्द वर्मा, कृष्णकांत, बिरधा बी, अब्दुल रशीद, विरेन्द्र बंसल, सुरेश कुमार आदि का माला पहनकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इसी क्रम में रेलवे पेंशनर साथी श्याम लाल सैनी की पुत्री कशिश सैनी को राजस्थान बॉडीबिल्डर में गोल्ड मेडल प्राप्त करने व क्षेत्र का नाम रोशन करने पर सोसायटी के पदाधिकारियों द्वारा माला पहनाकर एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात बैठक के दौरान निवेशक शिक्षा



रेलवे पेंशनर्स सोसायटी शाखा फुलेरा की मासिक बैठक का आयोजन शाखा अध्यक्ष रमेश चन्द वर्मा की अध्यक्षता में हुआ।

कार्यक्रम के तहत एक सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें मनीष माहेश्वरी निवेश मित्र जो कि एक एएमएफआई एम.फी.रजिस्टर्ड म्युचुअल फण्ड वितरक है।

उन्होंने म्युचुअल फण्ड स्कीम के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं सोसायटी के सचिव लाल चन्द कुमावत ने पिछले माह की प्रोठोस रिपोर्ट प्रस्तुत कर उसकी जानकारी दी। जबकि बैठक को महेश सहाय शर्मा, रमेश चन्द कुमावत, सी.पी. त्रिपाठी, श्याम लाल सैनी, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, बी.एल.सरोज, रमेश चन्द वर्मा आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर लालाराम मीना, रतन लाल देवन्दा, राजकुमार, बनवारी लाल, प्रेमचन्द, धन्ना लाल, रामप्रसाद, पुरुषोत्तम शर्मा, घनश्याम दत्त, ललित ओबेरॉय, रामकिशोर, कृष्णकांत, किशन लाल सैनी, गुलाब चन्द जांगिड़, घनश्याम जांगिड, भगवती प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## धन दोगुना करने का लालच देकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**रामगढ़-पचवारा, (निसं)।** रामगढ पचवारा थाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में दोगुना करने का लालच देकर ठगी करने के दो साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस उपाधीक्षक अरविंद गोयल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की जयपुर रेंज आईजी के द्वारा अपहरण, चोरी, नकबजनी, धोखाधडी के मामलों में फरार चल रहे आरोपियों व माल की बरामद की के लिए चला जा रहे 100 दिवसीय अभियान के तहत दौसा एसपी के निर्देश पर लालसोट के रामगढ पचवारा पुलिस ने बडी कार्रवाई की। पुलिस ने धोखाधडी के मामले में 2 साल से फरार चल रहे एक आरोपी को अरेस्ट किया है। आरोपी द्वारा धन को दोगुना करने का लालच देकर धोखाधडी की गई थी।

रामगढ पचवारा थाना अधिकारी मदन लाल मीणा ने बताया कि 1 अप्रैल 2022 को मलारना डूंगर निवासी ताराचंद मीणा ने थाने में रिपोर्ट देते हुए बताया कि उसके साथ आरोपियों के द्वारा धन को दोगुना करने का लालच देकर 5 लाख 51 हज़ार रुपए मारपीट कर लेकर भाग गए। ऐसे में पुलिस ने

■ आरोपी स्वयं को महाराज बताकर भोले भाले लोगों को ठगी का शिकार बनाता था

■ दो साल से फरार चल रहा था आरोपी

धोखाधडी समेत अनेक धाराओं में मामला दर्ज करते हुए पूरे मामले का अनुसंधान किया गया। आरोपी लल्लू राम सैनी को 1 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। वहीं मामले में मोहनलाल सैनी फरार चल रहा था। ऐसे में पुलिस ने साइबर सेल व मुखबिर की सूचना के आधार पर लालसोट के कैमला ढाणी निवासी मोहनलाल सैनी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी के द्वारा अपने आप को महाराज बता कर भोले भाले लोगों को धन दोगुना करने का लालच देकर लोगों को ठगी का शिकार बनाता था। आरोपी को गिरफ्तार करने में रामगढ पचवारा थाने के हैड कांस्टेबल रोहिताश यादव व कांस्टेबल रोहिताश मीणा की विशेष भूमिका रही।

# शिक्षा जीवन की अमूल्य धरोहर है, जितना ग्रहण करेंगे उतना बढ़ेंगे : रामहेत

**किशनगढ़बास, (निसं)।** क्षेत्र के गांव राताखुर्द राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामहेत यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय में श्रेष्ठ छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया व उनका हौसला बढ़ाया।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामहेत यादव ने स्कूल के बच्चों को संबोधित किया और कहा शिक्षा हमारे जीवन की अमूल्य धरोहर है। इसे हमसे कोई नहीं छीन सकता है। इसलिए जितना पढेंगे उतना ही हम आगे बढ़ पाएंगे। ग्रामीण अंचल के स्कूलों से पढ़कर लड़के-लडकियां बडे-बडे मुकाम पर पहुंचकर अपने गांव और परिवार का नाम रोशन कर रहे हैं। सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा बालक बालिकाओं को मिले, कोई




किशनगढ़ बास के गांव राताखुर्द के राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया।

बिना पढ़ाई के निरक्षर नहीं रहे इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश की भजन लाल शर्मा की सरकार काम कर रही है। बालक बालिकाओं को उच्च शिक्षा लेने के लिए दूर नहीं जाना पड़े इस सोच के साथ सरकार कार्य कर रही है। विद्यालय प्रिंसिपल भगवान दास ने बताया कि समारोह के दौरान भामाशाह मोहनलाल प्रीतम सिंह सरदार भूषण शर्मा व विद्यालय टॉप वह अनुशासित छात्र रखविंदर कौर नेशनल स्तर पर खेल चुके छात्र गुरमिंदर सिंह

■ वार्षिक उत्सव एवं विदाई समारोह में रामहेत यादव ने छात्रों को सम्मानित किया

को सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं की छात्राओं को तिलक लगाकर विदाई दी गई। छात्रों की ओर से विद्यालय को अलमारी भेंट की गई। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि सोहनलाल पूरन सिंह विजय सिंह नरूका एवं प्रिंसिपल बीबीरानी धनराज यादव प्रिंसिपल अमित शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ एवं गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामहेत यादव का विद्यालय स्टाफ एवं ठामीणों की ओर से स्वागत किया गया।

## बोरवेल में गिरी महिला का सुराग नहीं

**बौंली- बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र के रामनगर ढोसी की बैरवा ढाणी के बोरवेल में मंगलवार को गिरी मोनिका बैरवा पत्नी सुरेश बैरवा को शनिवार को 5 दिन बाद भी बाहर नहीं निकाला जा सका। इस कारण महिला के परिजन हादसे की आशंका के चलते रो-रो कर बेहाल है। पुलिस प्रशासन 5 दिन से महिला को निकालने का प्रयास कर रहा है एवं सभी संसाधन इस कार्य में लगे हैं। शनिवार को बामनवास एसडीएम हरिराम मीणा, सीओ संतराम सहित अन्य अधिकारी व राहत दल मौके पर बचाव कार्य में लगे हुए हैं। मौके पर मेडिकल टीम को उपचार एवं पोस्टमार्टम दोनों की व्यवस्था के लिए मौके पर मौजूद रखा गया है। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड जमा है। समाचार लिखे जाने तक बचाव राहत कार्य जारी है एवं संभवतया उन्हें टीम द्वारा निकाल लिया जाएगा। शनिवार को 95 फीट की गहराई तक 3 फीट चौडा पाइप बोरवेल में डाल दिए गए हैं एवं एनडीआरएफ के स्पेशलिस्ट जवानों को ऑक्सीजन व लाइट द्वारा 3 फीट पाइप से नीचे उतर जा चुका संभवताया यह आखिरी प्रयास है।


# पेयजल संकट को लेकर पापड़ी के लोग परेशान

**पावटा, (निसं)।** गांवो में शासन की योजना के तहत लाखों रुपये तो विकास कार्य के नाम पर आते हैं लेकिन हकीकत में उसका कितना फायदा ग्रामीणों को मिल रहा है, इसकी वानगी पापडी गांव में देखने को मिल रही है। यहां ग्रामीणों को पीने के पानी के भी लाले पडे है।

विराटनगर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पापडी में कई सालों से पेयजल संकट बना हुआ है। प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई नहीं करने पर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि जलदाय विभाग के नलो में सुबह मात्र 20 मिनिट ही पानी आता है। जिससे 20 मिनिट की सीमित जलापूर्ति से ग्रामीणों की प्रतिदिन की आवश्यकता पूरी नहीं हो पा रही है। गांव में पेयजल के लिए अन्य कोई व्यवस्था नहीं है। ग्रामीण स्वयं अपने खर्चे से टैंकर मंगाकर पानी पी रहे है। ग्रामीण महिलाएं

■ ग्रामीण खुद मंगा रहे पानी के टैंकर, लोगों में आक्रोश

पूजा शर्मा, सावित्री देवी, सुनीता देवी, मनोहरी देवी, अनिता देवी, रजनी देवी, शारदा देवी, कमला देवी, विमला देवी सहित अन्य महिलाओ व ग्रामीणों ने बताया कि पानी की समस्या को लेकर कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों, ग्राम पंचायत के सरपंच को कई बार अवगत करा चुके है, लेकिन कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। लोग महंगे दामों में पानी के टैंकर मंगवाकर प्यास बूझाने को मजबूर हो रहे है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र पानी की समस्या का समाधान करने की मांग की है।



"पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री जानते थे कि जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए बेताब थे क्योंकि यह तेज गेंदबाज खुद को 'सफेद गेंद विशेषज्ञ' के तौर पर बुलाना पसंद नहीं करता था।"

-रवि शास्त्री

बुमराह आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर, रवि शास्त्री ने कहा

# खेल जगत



## आज का खिलाड़ी

### स्पेंसर जॉनसन



स्पेंसर जॉनसन की निगाहें इस साल मई में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन की बदौलत आस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने पर लगी हैं। गुजरात टाइटन्स ने उन्हें 10 करोड़ रुपये की राशि में टीम में शामिल किया था।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन की निगाहें इस साल मई में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन की बदौलत आस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने पर लगी हैं। गुजरात टाइटन्स ने उन्हें 10 करोड़ रुपये की राशि में टीम में शामिल किया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** गोल्फ एकमात्र ऐसा खेल है जिसे चांद पर भी खेला गया है। 6 फरवरी, 1971 को एलन शेफर्ड नामक अंतरिक्ष यात्री ने चन्द्रमा पर गोल्फ के दो स्ट्रोक खेले।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने अमेरिका को 3-1 से हराया



**नई दिल्ली ।** भारत ने अमेरिका से पिछले महीने रांची में ओलंपिक क्वालीफायर टूर्नामेंट के अहम मुकाबले में मिली हार का बदला लिया।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने शुक्रवार को हॉकी प्रो लीग के मैच अंत अमेरिका पर 3-1 की जीत से किया। भारतीय टीम के लिए वंदना कटारिया ने नौवें, दीपिका ने 26वें और समिला टेटे ने 56वें मिनट में गोल किए। अमेरिका के लिए सांत्वना गोल साने कार्ल्स ने 42वें मिनट में दागा। भारत अब राउरकेला जायेगा और 12 फरवरी को चीन से भिड़ेगा । इस जीत के साथ ही भारत ने अमेरिका से पिछले महीने रांची में ओलंपिक क्वालीफायर टूर्नामेंट के अहम मुकाबले में मिली हार का बदला लिया। बता दें कि, उस मैच में अमेरिका ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया था जबकि भारत क्वालिफायर से चूक गया। वहीं प्रो लीग के मैच में भारत ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और लगातार 3 मैच हारने के बाद अपनी पहली जीत दर्ज की। भारत की इस जीत की हीरो दीपिका रहीं, जिन्होंने दूसरे हाफ शानदार फिल्ड गोल किया। भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच महिला प्रो लीग के पहले दौर के अपने आखिरी मैच में अमेरिका को 3-1 से हराया। भारत की ओर से वंदना कटारिया, दीपिका और सलीमा टेटे ने शानदार गोल किए। वहीं, अमेरिका की कार्ल्स सन्ने 42 वें मिनट में अपनी टीम के लिए एकमात्र गोल करने में सफल रहीं और इस तरह भारत ने मैच को 3-1 से जीतकर टूर्नामेंट में अपनी जीत का खाता खोला। टीम इंडिया अब 12 फरवरी को दूसरे दौर का अपना मैच चीन के खिलाफ खेलेगी।

## आइस हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में यूक्रेन ने पोलैंड को हराया

**वारसॉ।** यूक्रेन की पुरुष आइस हॉकी टीम ने शुक्रवार शाम सोस्नोविएक में ओलंपिक प्री-क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में शूटआउट में पोलैंड को 3-2 से हरा दिया। कोच रॉबर्ट कलाबेर की टीम को स्वप्निल शुरुआत मिल सकती थी, लेकिन बोगडान डायचेंको ने पावेल ड्रोनिया के प्रयास को विफल कर दिया।

हालांकि, पोलैंड ने आक्रमण की रफ्तार को कम नहीं किया और उन्होंने ब्लू लाइन से कामिल गोर्नी के शॉट के जरिये पहली अवधि के 7:15 पर शुरुआती स्कोर किया। कलाबेर के खिलाड़ियों ने अपना आक्रमण जारी रखा लेकिन ब्रेक से पहले बढ़त को दोगुना करने में असफल रहे। मेहमान टीम ने दूसरे पीरियड के 2:22 पर जवाबी आक्रमण किया जब डेनिस बोरोडाई ने दूर से एक शॉट के साथ स्कोर 1-1 कर दिया। मार्सिन कोलुज द्वारा किए गए तेज आक्रमण के बाद पोलैंड ने 13:45 मिनट पर बढ़त हासिल कर ली। हालाँकि, यूक्रेन ने फिर से स्कोर बराबर कर लिया जब येवगेनी रतुश्नी ने तीसरी अवधि में 3:43 पर पोलिश गोलकीपर को चौंका दिया। आगंतुक एक विजेता को खोजने के लिए दृढ़ थे, लेकिन मैकिएज मियार्का ने तीन मिनट शेष रहते हुए आंद्रेई डेनिस्किन को असफल कर दिया। अतिरिक्त समय में दोनों टीमें गोल नहीं कर पाई। शूटआउट में इल्या कोरेनचुक और ओलेक्सी वोरोना ने गोलकीपर को हराकर मेहमान टीम को भारी जीत दिलाई। दिमित्री ख्रीस्तिच की टीम ओलंपिक क्वालीफिकेशन के अगले दौर में आगे बढ़ने से सिर्फ एक कदम दूर है। दो गेम के बाद, वे पांच अंकों के साथ ग्रुप जे में शीर्ष पर हैं।

## लखनऊ सुपर जायंट्स ने मार्क वुड की जगह शमर जोसेफ को किया टीम में शामिल



**नई दिल्ली ।** शनिवार को लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल 2024 में इंग्लैंड के चोटिल खिलाड़ी मार्क वुड की जगह वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ को अपनी टीम में शामिल किया है। आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जायंट्स ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से इसकी पुष्टि की और बताया कि शमर जोसेफ को 3 करोड़ में खरीदा गया है। लखनऊ सुपर जायंट्स ने शनिवार को आईपीएल 2024 में इंग्लैंड के चोटिल खिलाड़ी मार्क वुड की जगह वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ को अपनी टीम में शामिल किया है। आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जायंट्स ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से इसकी पुष्टि की और बताया कि शमर जोसेफ को 3 करोड़ में खरीदा गया है। आईपीएल वेबसाइट ने कहा कि, लखनऊ सुपर जायंट्स ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के आगामी सीजन के लिए तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह पर शमर जोसेफ को नामित किया है। जोसेफ 3 करोड़ रुपये में एलएसजी में शामिल होंगे। स्पीडस्टर हाल हीम में वेस्टइंडीज के दौरान सबसे आगे थे। गाबा में टेस्ट जीता। उन्होंने दूसरी पारी में 7 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया में वेस्टइंडीज की ऐतिहासिक जीत दर्ज की। आईपीएल में जोसेफ का ये पहला कार्यकाल होगा। बता दें कि, वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई 2 टेस्ट मैचों सीरीज में सभी को प्रभावित किया।

## रामकुमार की बेंगलुरु ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड एंट्री

**बेंगलुरु।** भारत के दूसरे सर्वोच्च रैंक खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन को दफान्यूज बेंगलुरु ओपन के एकल मुख्य ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड के जरिये प्रवेश दिया गया है। पाकिस्तान के खिलाफ हालिया डेविस कप मुकाबले में भारत का नेतृत्व करने वाले रामकुमार सात बार एटीपी चैलेंजर सर्किट पर एकल फाइनल में पहुंचे हैं। उन्होंने नवंबर 2021 में मनामा, बहरीन में अपना एकमात्र खिताब जीता था। दिलचस्प बात यह है कि रामकुमार ने अपना सातवां और आखिरी युगल चैलेंजर खिताब दो साल पहले हमवतन साकेत माइनेनी के साथ बेंगलुरु में जीता था।

## स्पेंसर जॉनसन गुजरात टाइटन्स शामिल

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन की बदौलत आस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने पर लगी हैं। गुजरात टाइटन्स ने उन्हें 10 करोड रुपये की राशि में टीम में शामिल किया था। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन की निगाहें इस साल मई में होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार प्रदर्शन की बदौलत आस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने पर लगी हैं। गुजरात टाइटन्स ने उन्हें 10 करोड़ रुपये की राशि में टीम में शामिल किया था। यह 28 वर्षीय खिलाड़ी रविवार को एडीलेड ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने को तैयार है। जॉनसन ने 'पर्थ नाउ' से कहा, "आस्ट्रेलिया के लिए कुछ मैच में शानदार प्रदर्शन करना अच्छा होगा लेकिन विश्व कप में अभी लंबा समय है। और अगर मेरा आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा रहता है तो पूरी उम्मीद है कि मैं विश्व कप टीम में शामिल हो सकता हूं।" जॉनसन ने अभी तक एक वनडे और दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, उन्होंने 2023-24 में बिग बैश लीग में सफल अभियान में 11 पारियों में 19 विकेट झटके हैं। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि बिग बैश लीग में मैंने जो प्रदर्शन किया है, उम्मीद है कि वह काफी होगा।" आईसीसी टी20 विश्व कप आईपीएल खत्म होने के बाद जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जायेगा।

## शशिकांत का पंजा, आंध्र को यूपी के खिलाफ मिली बढ़त

**विजयनगरम।** केवी शशिकांत (54 रन पर पांच विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत आंध्र प्रदेश ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप बी मुकाबले में उत्तर प्रदेश की पहली पारी को 198 रनों पर समेट कर महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। डा. पीवीजी राजू एसीए कॉम्पलेक्स में आंध्र प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 261 रन बनाये थे जबकि दिन का खेल खत्म होने के समय मेजबान टीम अपनी दूसरी पारी में एक विकेट खोकर 19 रन बना चुकी थी। इस तरह उसकी लीड अब तक 82 रन की हो चुकी है। आर्यन जुयाल (60) के अलावा यूपी के अन्य बल्लेबाज अपनी टीम के लिये अपेक्षित योगदान नहीं दे सके। आंध्र प्रदेश के गेंदबाजों ने मेहमान बल्लेबाजों को खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया। कप्तान नीतीश राणा (21) के अलावा रिंकू सिंह (26) और अक्षदीप नाथ (26) ने कुछ देर तक क्रीज पर टिकने का साहस किया मगर अन्य बल्लेबाज पवेलियन लौटने की जल्दी में दिखायी दिये। आर्यन ने एक छोर संभाल कर रखा और 146 गेंदों की अर्धशतकीय पारी में सात चौके और एक छक्का लगाया।

## दुनिया में डंका बजाने उतरेगी भारत की युवा ब्रिगेड

**डरबन।** उदय सहारन के नेतृत्व वाली भारत की अंडर 19 टीम रविवार को विश्व कप के खिताबी मुकाबले में आस्ट्रेलिया को फतह कर चमचमाती ट्राफी को उठाने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। यह लगातार पांचवा मौका है जब भारतीय युवाओं ने अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में अपनी जगह बनायी है। रविवार को अंडर 19 विश्व कप का फ़ाइनल खेला जाएगा।

## बुमराह आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर रहने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज

**नई दिल्ली ।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री जानते थे कि जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए बेताब थे क्योंकि यह तेज गेंदबाज खुद को 'सफेद गेंद विशेषज्ञ' के तौर पर बुलाना पसंद नहीं करता था। बुमराह आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर रहने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज हैं। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री जानते थे कि जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए बेताब थे क्योंकि यह तेज गेंदबाज खुद को 'सफेद गेंद विशेषज्ञ' के तौर पर बुलाना पसंद नहीं करता था। बुमराह आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर रहने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज हैं। विशाखापत्तनम टेस्ट में जीत से भारत को सीरीज में 1-1 से बराबरी दिलाने वाले मुकाबले में उन्होंने 91 रन देकर नौ विकेट झटके। इससे यह 30 साल का खिलाड़ी सबसे तेज 150 टेस्ट विकेट हासिल करने वाला भारतीय बन गया। शास्त्री ने कहा कि इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन को दिए एक साक्षात्कार में बुमराह के साथ अपनी बातचीत के बारे में बताया जिसमें इस तेज गेंदबाज ने उनसे कहा था कि टेस्ट खेलना उनकी जिंदगी का 'सबसे बड़ा दिन' होगा। शास्त्री ने याद करते हुए कहा, "मुझे कोलकाता में उनसे पहली बातचीत याद है जिसमें मैंने उनसे पूछा था कि क्या उन्हें टेस्ट क्रिकेट में दिलचस्पी है? तब उसने कहा था कि यह उसके जीवन का सबसे बड़ा दिन होगा। " उन्होंने कहा, "उससे बिना पूछे ही उसे सफेद गेंद का विशेषज्ञ करार दे दिया गया। लेकिन मैं जानता था औरदेखना चाहता था कि उसमें टेस्ट खेलने को लेकर कितनी भूख है। मैंने उससे कहा, तैयार रहो। मैंने उसे कहा कि मैं उसे दक्षिण अफ्रीका में खिलाने जा रहा हूं।" बुमराह ने जनवरी 2018 में केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना टेस्ट पदार्पण किया। शास्त्री ने कहा, "वह टेस्ट क्रिकेट में खेलने और अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर बहुत उत्साहित है। " पूर्व मुख्य कोच ने मुंबई इंडियंस के लिए इंडियन प्रीमियर लीग में बुमराह के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें सिर्फ सफेद गेंद का विशेषज्ञ मानने से इनकार कर दिया।

# आकाशदीप की टीम इंडिया स्क्वॉड में एंट्री



गेंद से करते हैं कमाल

**नई दिल्ली।** इस स्क्वॉड में पहली बार तेज गेंदबाज आकाशदीप को शामिल किया गया है। बिहार में जन्मे आकाशदीप बंगाल की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उन्हें तेज गेंदबाज आवेश खान की जगह टीम में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज के अंतिम तीन मैचों के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। इस स्क्वॉड में पहली बार तेज गेंदबाज आकाशदीप को शामिल किया गया है। बिहार में जन्मे आकाशदीप बंगाल की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उन्हें तेज गेंदबाज आवेश खान की जगह टीम में शामिल किया गया है। बता दें कि, आवेश खान टीममें बैकअप पेसर के रूप में शामिल थे। 27 साल के आकाशदीप को टेस्ट में डेब्यू का मौका मिल सकता है। इस समय भारतीय टेस्ट स्क्वॉड में दो बिहार के खिलाड़ी शामिल हैं जो बंगाल की ओर से डोमेस्टिक क्रिकेट खेलते हैं। मुकेश कुमार बिहार के गोपालगंज जिले के हैं जबकि आकाश दीप रोहतास से ताल्लुक रखते हैं। दाएं हाथ के मिडियम पेसर आकाश दीप को इससे पहले लिमिटेड ओवर स्क्वॉड में भी शामिल किया गया था। उन्हें एशियन गेम्स और साउत अफ्रीका दौरे के लिए टीम में रखा गया था लेकिन डेब्यू का मौका नहीं मिला। बंगाल की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले आकाशदीप ने हाल ही में इंडिया ए की ओर से खेलते हुए इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ 3 मैचों की अनऑफिशियल टेस्ट सीरीज में अपनी धारदार गेंदबाजी से सेलेक्टर्स को प्रभावित किया था। आकाश दीप इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ 3 मैचों की अनऑफिशियल टेस्ट सीरीज में इंडिया एक की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे।

# इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम तीन टेस्ट के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान

## कोहली-अय्यर हुए टीम से बाहर



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। वहीं इस स्क्वॉड में विराट कोहली का नाम शामिल नहीं है। बीसीसीआई ने जानकारी दी है कि कोहली व्यक्तिगत कारणों के चलते सीरीज के बचे मुकाबलों के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।

बीसीसीआई ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। वहीं इस स्क्वॉड में विराट कोहली का नाम शामिल नहीं है। बीसीसीआई ने जानकारी दी है कि कोहली व्यक्तिगत कारणों के चलते सीरीज के बचे मुकाबलों के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। बोर्ड कोहली के फैसले का पूरा सम्मान और समर्थन करता है। वहीं विराट कोहली के करियर में ऐसा पहली बार होगा जब वह किसी घरेलू सीरीज को नहीं खेलेंगे। इसके अलावा स्क्वॉड में चोटिल केएल राहुल और रविंद्र जडेजा को भी शामिल किया गया है। बोर्ड के अनुसार इन खिलाडियों का प्लेइंग इलेवन में चयन फिटनेस के आधार पर होगा। बीसीसीआई की मेडिकल टीम जब इन खिलाड़ियों के फिटनेस को लेकर देगी तो इन्हें प्लेइंग इलेवन में रखा जाएगा। जबकि श्रेयस अय्यर का नाम भी स्क्वॉड में नहीं है। विशाखापट्टनम में खेले गए दूसरे टेस्ट के बाद उन्होंने अपनी कमर में अकड़न और ठोइन एरिया में दर्द की शिकायत की थी। जिस कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। भारतीय स्क्वॉड में तेज गेंदबाज आकाशदीप को पहली बार मौका मिला है। वह स्क्वॉड में आवेश खान की जगह आए हैं। आकाश दीप ने हाल ही में इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ शानदार गेंदबाजी कर चयनकर्ताओं समेत कप्तान को प्रभावित किया था। फिलहाल, पांच मैचों की सीरीज में दोनों टीमें एक-एक जीत के साथ बराबरी पर हैं।

तीन मैच की हो टेस्ट सीरीज : एसीसी समिति

## मेहमान टीम की यात्रा खर्च वहन करे मेजबान

**नई दिल्ली।** एमसीसी की विश्व क्रिकेट समिति ने कुछ सिफारिशें हैं जिसमें कम से कम तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला कराना और द्विपक्षीय श्रृंखला में मेहमान टीम का खर्च घरेलू टीम द्वारा वहन किया जाना शामिल है।खेल के नियमों के संरक्षक एमसीसी की विश्व क्रिकेट समिति की पिछले हफ्ते एसए20 के मौके पर केप टाउन में बैठक हुई।

मेलबर्न क्रिकेट क्लब (एमसीसी) की विश्व क्रिकेट समिति ने कुछ सिफारिशें हैं जिसमें कम से कम तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला कराना और द्विपक्षीय श्रृंखला में मेहमान टीम का खर्च घरेलू टीम द्वारा वहन किया जाना शामिल है। खेल के नियमों के संरक्षक एमसीसी की विश्व क्रिकेट समिति की पिछले हफ्ते एसए20 के मौके पर केप टाउन में बैठक हुई। समिति द्वारा जारी बयान में उसने आस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच श्रृंखला का निर्णायक मैच नहीं होने पर अफसोस जताया। समिति ने कहा, "आजकल खेले जा रहे रोमांचक टेस्ट क्रिकेट और खेल के पारंपरिक प्रारूप को बनाए रखने के महत्व के समर्थन में डब्ल्यूसीसी ने सिफारिश की है कि पुरुषों की टेस्ट श्रृंखला में 2028 (अगले चक्र) से अगले आईसीसी भविष्य दौरा कार्यक्रम में कम से कम तीन मैच की श्रृंखला खेली जायें।"

## निर्मला श्योराण पर दूसरे डोपिंग उल्लंघन के लिए आठ साल का प्रतिबंध



**नई दिल्ली।** निर्मला श्योराण को पिछले साल हुई जांच में प्रतिबंधित पदार्थ का पॉजिटिव आने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल ने आठ साल के प्रतिबंधित कर दिया। इस खिलाड़ी ने 2018 में डोपिंग उल्लघंन के लिए चार साल का प्रतिबंध झेलने के बाद पिछले साल जून में भुवनेश्वर में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैम्पियनशिप के दौरान वापसी की थी। भारतीय एथलीट निर्मला श्योराण को पिछले साल हुई जांच में प्रतिबंधित पदार्थ का पॉजिटिव आने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल ने आठ साल के प्रतिबंधित कर दिया। 28 साल की इस खिलाड़ी ने 2018 में डोपिंग उल्लघंन के लिए चार साल का प्रतिबंध झेलने के बाद पिछले साल जून में भुवनेश्वर में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैम्पियनशिप के दौरान वापसी की थी। नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल द्वारा 27 दिसंबर को दिये आदेश में निर्मला को सात अगस्त 2023 से आठ साल के लिए प्रतिबंधित किया गया। इसका खुलासा गुरूवार को हुआ। नाडा की वेबसाइट के अनुसार उन्हें 'एनाबोलिक एंड्रोजेनिक स्टेराइड' और 'टेस्टोस्टेरोन' का पॉजिटिव पाया गया जिस पर उनका पहला नाम निर्मला लिखा हुआ था। निर्मला ने 2017 एशियाई चैम्पियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। लेकिन डोपिंग के कारण उनका स्वर्ण पदक छीन लिया गया था। उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में 400 मीटर और महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले में हिस्सा लिया था। एक एथलेटिक टीम के सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, "हां, यह एथलीट निर्मला श्योराण ही है। यह टूर्नामेंट के बाहर की जांच है और उसका नमूना जयपुर में लिया गया था।

## स्कीइंग व स्नो बोर्ड प्रतियोगिता के लिए 300 से अधिक खिलाड़ी जुटेंगे

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के सोलंगनाला में राज्य स्तरीय स्कीइंग एवं स्नो बोर्ड प्रतियोगिता 12 से 14 फरवरी तक सोलंगनाला की ढलान में होगी। इसमें हिमाचल के 300 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। हिमाचल विंटर गेम्स एसोसिएशन के तत्वाधान में होने वाली प्रतियोगिता का मनाली विधायक भुवनेश्वर गौड़ शुभारंभ करेंगे। विंटर गेम्स एसोसिएशन ने प्रतियोगिता की तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। मनाली में एसोसिएशन की अहम बैठक हुई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। हिमाचल विंटर गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लुदर चंद ठाकुर ने बताया कि सोलंगनाला स्की ढलान में 12 फरवरी से राज्य स्तरीय स्कीइंग एवं स्नो बोर्ड प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता में चंबा, शिमला, किन्नौर, चंबा, कुल्लू, लाहौल-स्पीति समेत अन्य जिलों के 300 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों की अलग से प्रतियोगिता होगी। इसके अलावा जूनियर, सीनियर वर्ग की अलग-अलग स्कीइंग, अल्पाइन स्कीइंग, स्नो बोर्ड, सलालम




*मुख्यमंत्री भजनलाल ने भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अधिवेशन में भाग लिया और श्रमिकों के कल्याण के प्रति संकल्प दर्शाया।*

# टोंक से पुन: विजयी बनाने पर आभार जताने पहुंचे सचिन पायलट का शानदार स्वागत

## पायलट ने ग्राम पंचायत चन्दलाई और टोडारायसिंह स्थित बरवास में जनसभाओं को भी संबोधित किया

- पायलट ने कहा कि "प्रदेश में हमारी सरकार नहीं बन पायी लेकिन टोंक की जनता के कल्याण और क्षेत्र में विकास के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी।"
- सचिन पायलट ने कहा, "राज्यसभा उम्मीदवार ए.आई.सी.सी. और हमारा शीर्ष नेतृत्व तय करेगा, जनता व जमीन से जुड़े युवाओं को मौका दिया जायेगा।"

जयपुर/टोंक, 10 फरवरी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। पायलट ने ग्राम पंचायत चन्दलाई और टोडारायसिंह स्थित बरवास पहुंचकर जनसभाओं को भी संबोधित किया। सचिन पायलट जब टोंक पहुंचे तो युवाओं, महिलाओं और पुरूषों ने उनका गर्मजोशी स्वागत किया। पायलट ने कहा कि "प्रदेश में हमारी सरकार नहीं बन पायी परन्तु टोंक की जनता के कल्याण के लिए, क्षेत्र में विकास के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। आज मैं आपके बीच आप लोगों को धन्यवाद देने आया हूं। आपके प्यार, आशीर्वाद से टोंक विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी विजयी हुई।" उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, विधानसभा चुनाव के कुछ समय बाद जब करणपुर में उपचुनाव हुए तो भाजपा ने नैतिकता को ताक पर रखकर आचार संहिता का खुला उल्लघंन किया और अपने प्रत्याशी को मंत्री तक बना दिया। इसके बावजूद जनता ने भाजपा को उपचुनावों में नकारा और कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाया। जनता का मन जीतने, विश्वास कायम रखने के लिए अलग से काम करना पड़ता है।

सचिन पायलट ने राज्यसभा चुनावों को लेकर मीडिया से कहा कि "परम्परा रही है ए.आई.सी.सी. के अध्यक्ष और कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व पार्टी का उम्मीदवार तप करता है और जिसको भी पार्टी अपना उम्मीदवार बनाएगी, उसको हम यहां से जीत दिलाकर भेजेंगे।" उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की मीटिंग हुई थी। हमने सभी 25 सीटों पर खुले माहौल में एक साथ चर्चा करके सब लोगों से फीडबैक लिया है। प्रदेश इलेक्शन कमेटी की रिपोर्ट, ए.आई.सी.सी. के पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट और कार्यकर्ताओं की भावना पर भी चर्चा हुई है। सबके आधार पर विश्लेषण करके 25 सीटों पर एक अच्छा पैनल हम लोगों ने तैयार किया है।"

पायलट ने कहा कि, कई जगहों पर एक नाम है, कई जगह दो है तो कई जगह तीन नामों का पैनल है, लेकिन टिकट वितरण का अंतिम निर्णय कांग्रेस की सैंट्रल इलेक्शन कमेटी (सी.ई.सी.) करती है और संकेत यह मिल रहे हैं कि जल्द ही सी.ई.सी. की बैठक बुलाई जाकर नामों पर अंतिम मुहर लगाई जायेगी। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश नौजवानों को मौका देने की रहती है। विधानसभा चुनावों में जहां-जहां नौजवानों को मौका दिया था, वहां पर जनता ने हमारे निर्णय को स्वीकार कर नौजवानों को जिताकर विधानसभा में भेजा।

सचिन पायलट ने कहा कि मैंने भी पार्टी से आग्रह किया है कि जनता के काम करने वाले नए एवं साफ छवि के लोगों को मौका दो। बड़ा चुनाव है, बड़ा क्षेत्र होता है, लगातार जो जनसंपर्क करते आए है। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे भी यहीं चाहते हैं कि नई पीढ़ी के जागरुक, समर्पित एवं जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को मौका देकर पूरे प्रदेश में अच्छा संदेश दिया जाये।

# संकल्प पत्र के हर वादे को धरातल पर उतारेंगे-मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा

- भारतीय मजदूर संघ के 21वें प्रदेश सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा कि, भारतीय संस्कृति मानव का वैचारिक आधार है।
- राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक लिम्बा राम तथा भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह डाबी समारोह में उपस्थित थे।

सिरोही/जयपुर, 10 फरवरी (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, राज्य सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार सिर्फ घोषणाएं ही नहीं करेगी बल्कि संकल्प पत्र में किए गए हर एक वादे को धरातल पर भी उतारेगी। उन्होंने कहा कि इस दिशा में आगे बढ़ते हुए राज्य सरकार ने प्रथम चरण में आंगनबाड़ी कर्मियों एवं पंचायत कर्मियों के मानदेय में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की है, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एक हजार रुपए से बढ़ाकर 1150 रुपए प्रतिमाह तथा 73 लाख गरीब परिवार की महिलाओं को 450 रुपए में रसोई गैस सिलेण्डर देने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं।

मुख्यमंत्री शनिवार को आबू रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम शांतिवन में आयोजित भारतीय मजदूर संघ के 25वें प्रदेश अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि, भारतीय संस्कृति मजदूर संघ का वैचारिक आधार है तथा यह वर्ग मानवता की सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हम सबके लिए राष्ट्र हित सर्वोपरि होना चाहिए तथा इसी अवधारणा से विकसित भारत के संकल्प को पूरा किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सत्ता में आते ही युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले पेपर लीक माफिया पर शिकंजा कसा और पेपर लीक प्रकरणों की जांच के लिए एस.आई.टी. का गठन किया। शर्मा ने कहा कि राज्य में अपराध और संगठित अपराधों पर नियंत्रण के लिए हमारी सरकार ने एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन किया है। अब अपराधियों के लिए प्रदेश में कोई स्थान नहीं है।

शर्मा ने कहा कि, पूर्वी राजस्थान के जिलों की सिंचाई और पेयजल की समस्या का समाधान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने संशोधित पार्वती कालीसिंध (पी.के.सी.) लिंक परियोजना (एकीकृत ई.आर.सी.पी.) का त्रिपक्षीय समझौता किया है। अब इस परियोजना को त्वरित गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अवसर पर ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम एवं भारतीय मजदूर संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र सिंह डाबी सहित मजदूर संघ के केंद्रीय और प्रांतीय पदाधिकारी मौजूद थे।

# 'क्या आप यह करना चाह रहे हैं...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- सदस्यों द्वारा इस मुद्दे पर हुई खिंचाई के बाद, सभापति धनखड़ ने जानकारी दी कि, शुक्रवार को भारत रत्नों की घोषणा होने के बाद, जयंत ने इस मुद्दे पर बोलने की इजाज़त मांगी थी, अतः उन्हें मौका दिया गया।

सिंह के आदर्शों की झलक महसूस होती है, उनकी यह टिप्पणी इन कयासों के बीच आई है कि राष्ट्रीय लोक दल (आर.एल.डी.) विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक से अपना समझौता तोड़ने के कगार पर है और आगामी लोकसभा चुनावों के वास्ते वे भाजपा से हाथ मिला सकता है।

राज्यसभा के सभापति द्वारा चौधरी को भारत रत्न से सम्मानित चरण सिंह के बारे में बोलने पर अनुमति देने के बाद कांग्रेस की तरफ तीव्र विरोध प्रकट किया गया और इसके परिणाम स्वरूप सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। धनखड़ ने विपक्षी नेता मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पुरस्कार पर आपत्ति जताने को लेकर अपनी अप्रसन्नता जाहिर की और उन्होंने कांग्रेसी नेताओं पर चरण सिंह व उनकी विरासत की बेइज्जती करने का आरोप भी लगाया।

सदन में शोरगुल के बीच चौधरी ने कहा कि, "प्रधानमंत्री मोदी का यह एक ऐतिहासिक निर्णय है। स्वाभाविक है कि इससे मुझे तो प्रसन्नता होगी ही। भारत रत्न से सम्मानित करना यह केवल चरण सिंह के परिवार तक ही नहीं है। इस निर्णय से किसानों, श्रमिकों व समाज के वंचित वर्गों को शक्ति मिलेगी।" सदन में शांति बहाली के बाद चौधरी ने अपना वक्तव्य पूर्ण किया।

चौधरी ने कहा मैं यह स्वीकार करता हूँ कि मैं पिछले 10 वर्षों से विपक्ष के साथ हूँ। मैंने सत्ता पक्ष की तरफ यहां अभी कुछ समय पहले ही बैठना आरंभ किया है। मैंने पिछले 10 वर्षों में इस सरकार की कार्य प्रणाली में चरण सिंह के आदर्शों की झलकियां देखी हैं।"

जैसे ही शेष दिन के लिए सदन की बैठक शुरू हुई और सूचीबद्ध दस्तावेजों को सदन की टेबलों पर रखने के बाद सभापति ने चौधरी से अपनी बात रखने को कहा। जैसे ही चौधरी ने बोलना शुरू किया अनेक विपक्षी सांसदों ने सदन में खड़े होकर आर.एल.डी. सांसद को बोलने का समय देने का विरोध किया और उन्होंने सभापति से पूछा कि, सदन के किस नियम के तहत चौधरी को बोलने की अनुमति प्रदान की गई है।

यद्यपि, इसके बावजूद चौधरी ने बोलना जारी रखा व कांग्रेसी सदस्यों से अपील की कम से कम वे चरण सिंह का सम्मान तो करें।

उन्होंने कहा, "चुनाव आएंगे व चले जाएंगे, कम से कम चरण सिंह का सम्मान कीजिए।" कांग्रेस की ओर से विरोध जारी रखने पर सभापति ने खड़गे से बोलने के लिए कहा।

खड़गे ने कहा, "नेताओं को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने पर यहां कोई बहस नहीं है। मैं प्रत्येक का सम्मान करता हूँ। परन्तु यदि सदन का कोई सदस्य कोई मुद्दा उठाना चाहता है आप (अध्यक्ष) पूछते हैं "किस नियम के तहत"। (मैं जानना चाहता हूँ) किस नियम के अंतर्गत उन्हें (जयंत चौधरी) को बोलने की अनुमति प्रदान की है।

खड़गे ने सभापति से कहा, "हमें भी अनुमति दीजिए। एक तरफ नियम की बात करते हैं, आपके पास स्वविवेकाधिकार है......उस स्वाविवेकाधिकार का इस्तेमाल न्यायपूर्ण तरीके से करना चाहिए, ऐसा नहीं है कि आप जब चाहें तब करें।"

कांग्रेस अध्यक्ष ने सभापति पर "नियमों का अनुपालना नहीं करने" का भी दोषारोपण किया। उन्होंने कहा कि, सदन की कार्यसूची में भारत रत्न पर चर्चा को शामिल किया गया होता तो इसमें सब सहभागिता निभा सकते थे।

शोरगुल के बीच, केन्द्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने इस बात को लेकर आश्चर्य प्रकट किया कि कांग्रेस चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने का "विरोध" कर रही है।

रूपाला ने कांग्रेस पर तीव्र प्रहार करते हुए कहा "विपक्ष के नेता आसन को चुनौती दे रहे हैं और वो भी ऐसे अवसर पर (जब भारत रत्न पुरस्कार का उत्सव मना रहे हैं)....कटाक्ष किया-यह कांग्रेस का असली चेहरा है। कांग्रेस बेनकाब हो गई है।"

धनखड़ ने सदन को बताया कि आर.एल.डी. के नेता को सदन में बोलने की इजाज़त इसलिए दी क्योंकि चौधरी ने उनसे शुक्रवार की शाम को बोलने की अनुमति का अनुरोध किया था।

## साहू राजस्थान...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लिए पुलिस महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया है। शुक्रवार को दिल्ली में हुई डी.ओ.पी.टी. की बैठक के बाद उनकी नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं। साहू को भारतीय पुलिस सेवा के शीर्ष स्केल वेतन मैट्रिक्स में लेवल 17 पर पदोन्नत किया गया है। साहू की नियुक्ति के साथ ही आई.पी.एस. भूपेंद्र दक, राजीव शर्मा, श्रीनिवास राव जंगा व रवि

- यू.आर. साहू अभी तक कार्यवाहक डी.जी. थे। कार्मिक विभाग ने दो साल के लिए डी.जी. पद पर साहू की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं।

प्रकाश मेहरड़ा का डी.जी.पी. बनने का अवसर नहीं रहा। साहू दिसम्बर 2025 में सेवानिवृत्त होंगे।

गौरतलब है कि, पूर्व पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा द्वारा वी.आर.एस. लेने के बाद यू.आर. साहू कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक के तौर पर काम कर रहे थे। साहू वर्ष 1988 बैच के वरिष्ठ आई.पी.एस. अधिकारी हैं। इससे पहले वह महानिदेश गृह रक्षा, महानिदेशक आयोजना आधुनिकीकरण और कल्याण, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक इंटेलिजेंस सहित विभिन्न पदों पर रह चुके हैं।

# पाकिस्तान में प्रजातंत्र अभी सांस...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- इमरान खान को कुछ झूठे-सच्चे मुकदमों में जकड़ कर अभी जेल में रखा हुआ है तथा चुनाव प्रचार में वे भाग नहीं ले सके थे। सेना द्वारा प्रस्तुत इतनी मुश्किलात के बाद भी चुनाव में इमरान खान सबसे अधिक उम्मीदवार जिता कर लाये हैं, इसे पाकिस्तान में प्रजातंत्र के जीवित होने का प्रमाण माना जा रहा है। क्योंकि वर्तमान स्थिति में इमरान खान को नज़रअंदाज करके, कोई स्थायी व मजबूत सरकार बनाना पाकिस्तान में संभव नहीं लग रहा, चाहे सेना कुछ भी चाहे।

पार्टी के कई नेताओं को सेना की वजह से इमरान से संबंध तोड़ने पड़े। पाकिस्तान तहरीके इंसाफ के लोगों को निर्दलीय चुनाव लड़ना पड़ा क्योंकि सेना ने उनकी पार्टी को अवैध करार दिया था। जीतने के बाद ये लोग भी एकजुट होकर सरकार बनाने की सोच रहे है। इनमें से कुछ निश्चित रूप से पाला बदल सकते हैं।

लेकिन फिर भी इमरान की पार्टी के निर्दलियों की मदद के बिना बहुमत की सरकार बनाना मुश्किल हो सकता है।

अभी तक 265 सीटों के नतीजे आए है इनमें से 99 पाकिस्तान तहरीक इंसाफ के, 71 पी.एम.एल. (एन.) के भुट्टो परिवार की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी को 54 व अन्य को 33 सीटें मिली हैं। सरकार बनाने के लिए 133 सीटें चाहिए। चूंकि इमरान जेल में बंद है वे पहले ही कुछ करने की स्थिति में नहीं है और सरकार बनाने के लिए आवश्यक विचार विमर्श भी नहीं कर सकते हैं। दूसरी और शरीफ बंधू पूरी तरह से सक्रिय है तथा दूसरों को रिझा रहे हैं, इसमें इमरान के निर्दलीय भी है।

पी.पी.पी. के बिलावत भुट्टो प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं। बिलावत असल में बेनज़ीर भुट्टो के बेटे हैं। एक चुनाव प्रचार सभा में बेनज़ीर की हत्या कर दी गई थी।

दूसरी और पी.एम.एल. (एन.) की तरफ से उम्मीदवार शहबाज़ शरीफ हैं, न कि नवाज़ शरीफ। शहबाज़ सेना को भी स्वीकार्य हैं और सहयोगी दलों को भी।

हालांकि गठबंधन सरकार सेना की देखरेख में बनेगी पर इसे भी अस्थिरता से जूझना पड़ेगा। आर्थिक मंदी से देश बदहाल। चीन के शिकंजे में किसी भी सरकार का सत्ता में बने रहना सहज नहीं है।

अपने बी.आर.आई. प्रोजक्ट्स के लिए पाकिस्तान को भारी कर्ज देने के एवज में चीन को भी हिस्सा चाहिए। इसके कुछ प्रोजेक्ट्स तो फायदेमंद हैं पर अधिकांश सफेद हाथी साबित हुए है।

आतंरिक टकराव भी बहुत ज्यादा है। इतने सालों में जिन आतंकियों की हत्या हुई है उनके साथी बदले की फिराक में हैं और अब तो इरान भी छोटे-मोटे कारणों के आधार पर पाकिस्तान पर हमला कर रहा है। भारत के प्रति पाकिस्तान की जो मानसिकता है वह भी जस की तस है। जो भी सत्ता में आता है उसे सेना की निगरानी में ही काम करना होगा।

## पाकिस्तानी ड्रोन गिराया

जालंधर, 10 फरवरी। सीमा सुरक्षा बल ने गुरदासपुर सीमा पर एक पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया। बी.एस.एफ. के प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि, शुक्रवार की रात के समय, ड्यूटी पर तैनात बी.एस.एफ. जवानों ने गुरदासपुर जिले के गांव रॉसी के पास सीमा पर एक संदिग्ध ड्रोन की गतिविधि को रोका। सैनिकों ने त्वरित प्रतिक्रिया दिखाते हुए उस पर गोलीबारी की और उसे सफलतापूर्वक मार गिराया।

# क्या ई.डी. की कार्यवाही व...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बढ़ा देगा क्योंकि वह तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी की इस घोषणा से पहल ही जूझ रहा है कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। इण्डिया गठबंधन अपने प्रमुख रणनीतिकार एवं जद (यू) अध्यक्ष नीतीश कुमार के एन.डी.ए. खेमे में जाने से लगे झटके से भी अब तक नहीं उबर पाया है।

तथापि, उत्तर प्रदेश में स्थिति अभी अस्पष्ट है, जहां समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच किसी तरह के समझौते के संकेत मिलते रहे हैं, लेकिन यह अटकलें भी तेज है कि इण्डिया गठबंधन का एक अन्य सहयोगी दल जयंत चौधरी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय लोकदल एन.डी.ए. से हाथ मिला रहा है। सरकार ने जब से जयंत चौधरी के दादा एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न देने की घोषणा की है, से जयंत के एन.डी.ए. में जाने की अटकलें और तेज हो गई हैं।

पंजाब में घर-घर राशन पहुंचाने के एक सार्वजनिक कार्यक्रम में केजरीवाल ने हिंदी में कहा कि "लोकसभा चुनाव दो माह में आयोजित हो जाएंगे। पंजाब में लोकसभा की 13 और चंडीगढ़ में एक सीट है। "आप" अगले 10-15 दिन में उक्त सभी 14 सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर देगी। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप हमें वैसे ही आशीर्वाद दें जैसे कि दो वर्ष पहले पंजाब के विधानसभा चुनाव में दिया था और आम आदमी पार्टी की सभी 14 सीटों पर एकतरफा जीत सुनिश्चित करें।" आम आदमी पार्टी ने पंजाब विधानसभा की कुल 117 सीटों में से 92 पर विजय प्राप्त की थी।

"आप" प्रमुख ने कहा कि "भगवंत मान सरकार ने मुफ्त बिजली देने सहित दो साल से भी कम समय में कई अच्छे काम किए हैं। कांग्रेस ने पिछले 75 वर्षों में पंजाब में कई बार शासन किया। यदि मैं आपसे यह पूछूं कि आप लोग कांग्रेस द्वारा किए गए किसी अच्छे काम के बारे में बताइए तो आप बता नहीं सकेंगे। यदि मैं पूछूं कि अकाली दल ने कौनसा अच्छा कार्य किया है तो आपको याद नहीं होगा।"

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी गत जनवरी माह में कहा था कि आम आदमी पार्टी पंजाब में लोकसभा चुनाव अपने दम पर ही लड़ेगी।

# पैंथर के हमले में तीन...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जाप्ता मौके पर पहुंचे। घायलों को सागवाड़ा अस्पताल के लिए रैफर किया गया। सूचना मिलने पर आंतरी, पुनाली, मांडव, डेचा, सागवाडा वन विभाग के अधिकारियों सहित वनकर्मी भी मौके पर पहुंचे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, उपला घरा नोका में घरों के बाहर बंधी गाय और बकरियों पर पैंथर ने हमला कर दिया। पशुओं की चिल्लाने की आवाज सुनकर जयनारायण, पुत्र वेलजी रोतए, गणपत, पुत्र लगा रोत और हीरा पुत्र वालजी रोत पशुओं को बचाने की कोशिश करने लगे। जिस पर पैंथर ने हमला करके तीनों को घायल कर दिया। घायलों की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद पैंथर पास ही के एक एनिकट में झाडियों में छुप कर बैठ गया।

ग्रामीणों ने बताया कि, पास के ही जंगल से एक साथ दो पैंथर गांव में आए तथा घरों के बाहर बंधी गाय और बकरी का शिकार किया है। जिसमें एक पैंथर पास ही स्थित महादेव मंदिर की तरफ झांडियों में चला गया था। दूसरे पैंथर के पैर में चोट होने की वजह से वह चल नहीं पा था जिससे वह पास में बने एक एनिकट की झांडियों में जाकर बैठ गया। मौके पर मौजूद पुलिस और वनविभाग की टीम ने उदयपुर से पैंथर को ट्रैंकुलाइज़ करने वाली टीम को बुलाया है।

## पंजाब में भाजपा व अकाली...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अकाली दल के साथ चुनाव पूर्व समझौता हो जाता है तो, त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति में भाजपा को पंजाब में पैठ बनाने में मदद मिलेगी। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का मानना है कि, नीतीश कुमार की जद (यू) और जयंत चौधरी की राष्ट्रीय लोक दल को एन.डी.ए. में शामिल करके "इण्डिया ब्लॉक" को कमजोर करने में, भाजपा की सफलता के बाद शिरोमणि अकाली दल से मित्रता बढ़ाकर भाजपा, पंजाब में अपनी स्थिति और मजबूत कर लेगी।

शिरोमणि अकाली दल वर्ष 2020 तक भाजपा का गठबंधन सहयोगी रहा था। भाजपा के प्रस्तावित तीन कृषि कानूनों के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन के चलते वह एन.डी.ए. से अलग हो गया था। शिरोमणि अकाली दल ने पिछले विधानसभा चुनावों में मायावती की बसपा के साथ गठबंधन किया था। लेकिन, वर्ष 2020 के विधानसभा चुनावों में उसे करारी हार का सामना करना पड़ा, राज्य की 119 सीटों में से केवल तीन सीट पर जीत हासिल हुई थी। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल, जो अभी "पंजाब बचाओ यात्रा" निकाल रहे हैं, भाजपा के साथ गठबंधन करने के इच्छुक हैं परंतु, लोकसभा चुनाव में भाजपा से एक सीट ज्यादा पर चुनाव लड़ना चाहते हैं। वे भाजपा को छह सीट देना चाहते हैं और अपने लिए सात सीटें रखना चाहते हैं।

सीट बंटवारे पर दो दौर की चर्चा पहले ही हो चुकी है तथा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से अंतिम दौर की चर्चा के लिए, बादल अगले सप्ताह की शुरुआत में नई दिल्ली पहुंचने वाले हैं। दिलचस्प बात यह है कि, कैप्टन अमरिंदर सिंह और सुनील जाखड़ सहित कांग्रेस से भाजपा में आए नेता, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के नेताओं की "बैक चैनल" बातचीत में सक्रिय रुप से शामिल रहे हैं। पंजाब में केजरीवाल की "एकला चालो" रणनीति का, आप और कांग्रेस के मध्य, दिल्ली की सात लोकसभा सीटों के बंटवारे पर चल रही बातचीत पर, प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। समझा जाता है कि, दोनों पार्टियां दिल्ली के लिए, 4:3 के फॉर्मूले पर सहमत हो गई हैं। यद्यपि यह स्पष्ट नहीं है कि, दोनों पार्टियों में से कौन सी पार्टी चार सीटें व कौन सी तीन सीटें लेने पर सहमत होगी।

# नरसिम्हा राव को भारत रत्न देकर, क्या...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- यह इतना आमूल-चूल साहसी परिवर्तन था कि, देश ने गिरवी रखा सोना वापस मंगा लिया। विदेशी मुद्रा की स्थिति इतनी बदली कि, इकोनॉमिक सैक्रेटरी मोटेंक सिंह स्वयं हतप्रभ रह गये थे, जैसा कि, उन्होंने कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में पत्रकार सम्मेलन में अंजन से शेयर किया था। राव की वह एतिहासिक भूमिका इकोनॉमिक रिफॉर्म्स के मामले में एक जादूगर से कम नहीं थी।

वे रिटायरमैंट का जीवन जीना चाहते हैं। पटेल ने ही डॉ. मनमोहन सिंह का नाम सुझाया और कहा कि यह जिम्मेवारी उठाने के लिए मनमोहन सिंह बैस्ट है। डॉ. सिंह सरकार के सर्वोच्च स्तर के सर्वाधिक अनुभवी आर्थिक प्रबंधक थे और रिज़र्व बैंक के गवर्नर भी रह चुके थे।

नरसिम्हा राव सरकार द्वारा शुरु किए गए आर्थिक सुधार बिल्कुल नए नहीं थे। पूर्व वित्त मंत्री यशंवत सिन्हा ने प्रायः यह दावा करते थे कि नॉर्थ ब्लॉक में उनके कार्यकाल के दौरान आर्थिक सुधारों का ब्लूप्रिंट मूर्तरूप लेने के लिए तैयार था, लेकिन ऐसा कुछ करने से पहले सरकार चली गई। पहले रही राजनीतिक साहस एवं दृढ़ता की कमी के विपरीत आर्थिक एवं संरचनात्मक सुधार लागू हो गए। नरसिम्हा राव ने जो पहल की वह थी- इन सुधारों को लागू करने में वित्त मंत्री का राजनीतिक सहयोग। वित्त मंत्री को दृढ़ समर्थन दिए बिना आर्थिक सुधारों को आगे नहीं बढ़ाया जा सकता था।

यह एक राजनीतिक जुआ भी था। उस वक्त के आर्थिक सुधारों ने बड़े चौंकाने वाले परिणाम दिए। रूस की सोवियत संघ समाजवादी प्रतिबंधात्मक आर्थिक नीतियां समाप्त हो रहीं थी जिससे एक पूर्णकालिक संकट उत्पन्न हो गया। उसकी अर्थव्यवस्था एक तरह से तबाह हो गई थी। चिंता इस बात को लेकर थी कि इस तरह के आर्थिक सुधार लागू करने से भारत में भी कहीं रूस जैसी स्थिति ना हो जाए। नरसिम्हा राव की चतुराई एवं राजनीतिक समझ ने आर्थिक सुधारों के समय और उनकी वैश्विक अनुकूलता को चयन में मदद की।

बैरभाव एवं अनिश्चितता से भरे अन्तर्राष्ट्रीय माहौल के बीच इनमें से कुछ सुधारों ने आज की समृद्धि की नींव रखी। नरसिम्हा राव की नई सरकार ने सबसे पहले वर्ष 1956 के उस औद्योगिक नीति प्रस्ताव को रद्द किया, जिसने वास्तव में भारत के औद्योगिक विकास को अवरूद्ध कर दिया था।

पहले की नीतियों से बिल्कुल अलग हटकर बनाई गई एक नई नीति थी रूपए की बाजार आधारित विनियम दर लागू करना। इससे पहले तक भारतीय रूपए का मूल्य प्रशासनिक रूप से तय किया जाता था, जिसका सीधा सा मतलब था रूपए की विनिमय दर को कृत्रिम रूप से ऊंचा बनाए रखना जिससे आयात प्रोत्साहित होते और निर्यात हतोत्साहित।

डॉ. सिंह ने अपने आर्थिक सुधारों की प्रक्रिया में सबसे पहले रूपए की विनिमय दर पर जोर दिया, लेकिन नरसिम्हा राव ने इस संबंध में एक चरणबद्ध प्रक्रिया अपनाने पर जोर दिया था और उन्हीं के कहने पर विशेषज्ञों की एक टीम ने दो चरणों की प्रक्रिया तैयार की, जिसमें रूपए को एक दोहरी विनिमय दर प्रणाली के अन्तर्गत आंशिक रूप से परिवर्तनीय बनाया गया। उसके कुछ समय बाद ही बाजार आधारित एकीकृत विनिमय दर प्रणाली लागू की गई। इसके साथ ही व्यापार सुधार भी लागू किए गए। और जैसा कि कहा जाता है कि समस्या कभी अकेली नहीं आती, व्यापार सुधारों की बंगाल के वामपंथी नेताओं की अगुवाई में आलोचना की जाती रही।

वर्ष 1992 तक हर्षद मेहता घोटाला सामने आ चुका था जिसने भारत के वित्तीय सिस्टम को हिलाकर रख दिया। यह जरूरी मान लिया गया कि वित्तीय सैक्टर में व्यापक सुधार किए बिना आर्थिक सुधार आंशिक रूप से भी प्रभावी नहीं हो सकते। इनमें शेयर मार्केट के सुधार भी शामिल थे और सरकार ने विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिए भारतीय शेयर बाजार में निवेश के द्वार खोल दिए। इससे बॉम्बे स्टॉक एक्सचैंज में कुछ सुस्थापित ब्रोकर्स का क्लोज्ड स्टॉक एवं पूंजी बाजार पर नियंत्रण समाप्त हो गया।

मुझे याद है कि आर्थिक सुधारों के लागू होने के करीब दो वर्ष बाद कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित एक मीटिंग में मॉन्टैक सिंह अहलूवालिया इस तथ्य को जानकर स्वयं दंग रह गए कि आर्थिक नीतियों में आमूलचूल परिवर्तन करने के बाद भारत का विदेशी मुद्रा भण्डार इतनी प्रचुर मात्रा में हो गया है जितना स्वतंत्रता के बाद पहले कभी नहीं हुआ था।

वास्तव में, नरसिम्हा राव सरकार द्वारा किए गए आरम्भिक सुधारों के बाद अब तक की किसी भी सरकार ने मूलभूत आर्थिक सुधार करने से परहेज किया है। किसी भी सरकार ने राव सरकार के उन आर्थिक सुधारों की उपलब्धियों की तरफदारी नहीं की जिसमें एक विशुद्ध राजनेता ने एक विशुद्ध अर्थशास्त्री के साथ मिलकर काम किया था।

भारत की आर्थिक उपलब्धियों के वृत्तांत का जिक्र करते वक्त यह कहने में अक्सर भूल हो जाती है कि यदि नरसिम्हा राव के प्रधानमंत्रित्व काल में ऐसा नहीं होता तो भारत को वर्तमान उज्ज्वल आर्थिक स्थिति कभी हासिल नहीं की जा सकती थी, लेकिन राव अवांछित बने हुए हैं, उन्हें नए भारत के निर्माता के रूप में वास्तव में कभी मान्यता नहीं दी जाती। राव को भारत रत्न प्रदान कर देश ने इस मृदुभाषी एवं राजनीति के पण्डित के मौलिक योगदानों को स्वीकार कर लिया है।

## कैम्बे गोल्फ कोर्स...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आवंटन की शर्तों का उल्लंघन किया है। ऐसे में भूमि का आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई विधि सम्मत है। जेडीए अधिकरण ने अपने फैसले में मैसर्स नीसा लेजर व एक्सिस ट्रस्टी की अपीलों को खारिज करते हुए माना था कि राज्य सरकार ने कंपनी को जमीन गोल्फ कोर्स व गोल्फ एकेडमी के लिए दी थी, लेकिन उसने यहां होटल और रिसोर्ट बना लिया। हाईकोर्ट में एक्सिस ट्रस्टी सर्विसेज ने जेडीए की कार्रवाई और अधिकरण के फैसले को चुनौती देते हुए कहा कि उन्होंने मैसर्स नीसा लेजर को इस जमीन को गिरवी रखकर करीब 175 करोड़ रुपए दिए थे। उन्हें इस राशि की रिकवरी करनी है। इसलिए जमीन का आवंटन और लीज डीड को निरस्त करने के आदेश को रद्द किया जाए। वहीं नीसा लेजर की ओर से कहा गया की पंजीकृत लीज डीड को जेडीए अपने स्तर पर निरस्त नहीं कर सकता।

यह कार्रवाई सिविल कोर्ट में पीडित व्यक्ति की ओर से पेश दावे में ही हो सकती है। इसका विरोध करते हुए जेडीए की ओर से कहा गया की जमीन गोल्फ कोर्स में गोल्फ एकेडमी के लिए दी थी, लेकिन कंपनी ने यहां होटल व रिसोर्ट बनाकर आवंटन की शर्तो का हनन किया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद एकलपीठ ने याचिका को खारिज कर दिया है। गौरतलब है कि जेडीए ने 23 अगस्त, 2017 को इस जमीन का आवंटन निरस्त कर दिया था।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः2386031, 2386032, फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908